Page 11 खेल

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित
Page 09 देश



भारत के पूर्व ओपनर बल्लेबाज की भविष्यवाणी, सूर्यकुमार की कप्तानी में एशिया कप जीत...

विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी को लेकर बीजेपी नेता का दावा-फैसले से...

शुक्ल पक्ष, पूर्व फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • रविवार • 24 अगस्त 2025 • वर्ष 27 • अंक 253 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 93,150 | ₹ 1,20,000 |



## आज का इतिहास

**2008 :** भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल में प्रदर्शनकारियों ने टाटा नैनो का निर्माण करने वाली फैक्ट्री की 'घेराबंदी' की, ताकि भूमि के अधिग्रहण को लेकर संघर्ष हो।

**1910 :** भारत के कोलकाता की तीसरी सबसे बड़ी तम्बाकू कंपनी को आईटीसी लिमिटेड ने ख़रीदा।

## न्यूज बाइट्स

### हीरो एशिया कप के लिए पटना पहुंची मलेशिया की टीम

**पटना (नि.सं.)** हीरो एशिया कप की मेजबानी पहली बार बिहार कर रहा है। इसमें भारत सहित 8 देश भाग ले रहे हैं। इसके लिए आज से टीम के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। आज मलेशिया की टीम पटना पहुंची है। यहां से वह राजगीर जाएगी। इस टूर्नामेंट में पहला मैच मलेशिया का ही है। मलेशिया 29 अगस्त को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। मलेशिया पूल-बी में कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे के साथ है, जबकि पूल-ए में भारत, जापान, चीन और कजाकिस्तान शामिल है।

### सीबीआई ने अनिल अंबानी के परिसरों की ली तलाशी

**नई दिल्ली (ए.)** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 2929.05 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में व्यवसायी अनिल अंबानी के मुंबई स्थित दो ठिकानों पर शनिवार को तलाशी ली। सीबीआई ने यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर की है, जिसने 13 जून को इन संस्थाओं को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद एजेंसी से संपर्क किया था। यह कार्रवाई आरबीआई के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर मास्टर निर्देशों और बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग और प्रबंधन नीति के अनुसार की गई थी।


### गांधी मैदान में दिव्य कला मेला का भव्य शुभारंभ

**पटना (नि.सं.)** पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में शनिवार को "दिव्य कला मेला" का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, सांसद रवि शंकर प्रसाद और बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी ने संयुक्त रूप से किया।

**भीषण सड़क हादसा** पटना में दिल दहला देने वाला मंजर, सड़क पर बिखरी लाशें और परिजनों की चीख-पुकार से गूंजा इलाका

# ट्रक-ऑटो में टक्कर, नौ की मौत

सभी लोग अमावस्या पर फतुहा के त्रिवेणी घाट पर स्नान के लिए जा रहे थे। सभी नालंदा जिले के हिलसा के रहने वाले थे। 16 किलोमीटर की दूरी तय कर सभी शाहजहांपुर के दनियावां हिलसा स्टेट हाईवे-4 पर सिगरियावा स्टेशन के पास पहुंचे थे, तभी सीमेंट लदे ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी।





• टक्कर से 20 फीट दूर गिरे 2 शव, जिंदा महिला पर ट्रक चढ़ाकर भागा ड्राइवर

**निज संवाददाता | पटना**

पटना। शनिवार सुबह शाहजहांपुर के दनियावां-हिलसा स्टेट हाईवे-4 पर सिगरियावा स्टेशन के पास बड़ा सड़क हादसा हो गया। ट्रक और ऑटो की आमने-सामने की टक्कर में 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मरने वालों में 8 महिलाएं और ऑटो चालक शामिल हैं। मृतकों में मां-बेटी भी है। हादसे के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई और परिवारों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह लगभग 6 बजे यह घटना हुई। ऑटो में सवार सभी यात्री नालंदा जिले के हिलसा के मलावा गांव के रहने वाले थे और तीज पर्व को लेकर गंगा स्नान करने फतुहा त्रिवेणी जा रहे थे। तभी सीमेंट फैक्ट्री से जुड़े ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। ऑटो के परखच्चे उड़ गए और सभी सड़क पर तड़पते रह गए। 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है और सभी को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है। हादसे के बाद सड़क पर लाशें बिखरी पड़ी थीं। परिजन शवों से लिपटकर बिलख रहे थे। कोई सिर पीट रहा था तो कोई छाती पीटकर चीत्कार कर रहा था। खून सड़क पर बह गया था और महिलाएं सिसकते हुए अपनों का नाम पुकार रही थीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक सीधा फैक्ट्री के अंदर चला गया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर फैक्ट्री संचालक को मौके पर बुलाने की मांग शुरू कर दी।

घटना की जानकारी मिलते ही दनियावां थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और हालात संभालने की कोशिश की। नालंदा से पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों को तत्काल राहत राशि देने की घोषणा की। हिलसा एसडीएम अमित कुमार पटेल ने मृतक परिवारों को 20-20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया है।

इस दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी ने शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने और घायलों के मुफ्त इलाज की मांग की है। पटना डीएम ने घटना को बेहद दुखद बताया और कहा कि घायलों के इलाज और प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद की जाएगी। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए प्रशासन मामले की गहन जांच कर रहा है।

**जान गवाने वाले के नाम**

गंगा देवी(50), संजू देवी (60), दीपिका पासवान (35), कुसुम देवी (48), कंचन पांडे, बबीता देवी, रेणु देवी, उदेशा देवी और ड्राइवर चंदन कुमार (30) समेत 8 महिलाओं की मौत हुई है।

# कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल का दूसरा चरण शुरू, सीएम ने किया उद्घाटन

**निज संवाददाता | फतुहा, पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना के सबलपुर में कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन परियोजना के दूसरे चरण का विधिवत उद्घाटन किया। यह बहुप्रतीक्षित पुल गंगा पार के दियारा क्षेत्र और पटना की जनता के लिए विकास का बड़ा दरवाज़ा साबित होने जा रहा है। उद्घाटन के मौके पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और राघोपुर के पूर्व विधायक सतीश राय भी मौजूद रहे।

यह पुल सीधे पटना के जेपी सेतु (दीघा-दीदारगंज) से जुड़ता है। ऐसे में अब राजधानी में आने-जाने वाले वाहनों को लंबा चक्कर नहीं लगाना होगा। इसके खुलने से यातायात में सुगमता आएगी और लोगों को जाम से राहत मिलेगी।

दरअसल, इस महत्वाकांक्षी परियोजना की लागत करीब 5000 करोड़ रुपये है। इसका शिलान्यास साल 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राघोपुर के मोहनपुर में किया था। उस समय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव भी शामिल हुए थे। लगभग एक दशक के इंतजार के बाद आज इसका दूसरा चरण पूरा हो सका है, जबकि तीसरे चरण का कार्य अभी भी जारी है।

करीब 22.75 किलोमीटर लंबे इस पुल का निर्माण तकनीकी दृष्टि से भी बेहद खास है। इसमें 10 किलोमीटर का ऊपरी सेतु और लगभग 13 किलोमीटर का पहुंच पथ शामिल है। पुल 67 मज़बूत केबलों पर टिका हुआ है और इसे राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधा जोड़ा गया है।

इसके शुरू हो जाने से पटना और वैशाली जिले के बीच की दूरी काफी घट जाएगी। लोग अब कुछ ही समय में दोनों जगहों के बीच यात्रा कर सकेंगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पुल से न सिर्फ आवागमन में आसानी होगी, बल्कि व्यापार, रोजगार और शिक्षा की संभावनाएं भी और मजबूत होंगी।

**22.75 किलोमीटर लंबा है पुल**

यह पुल 22.75 किलोमीटर लंबा है, जिसमें करीब 10 किलोमीटर का हिस्सा ऊपरी सेतु है और लगभग 13 किलोमीटर का पहुंच पथ बनाया गया है। यह पुल 67 केबलों पर टिका हुआ है और इसका सीधा संपर्क पटना के राष्ट्रीय राजमार्ग से दिया गया है। इस पुल के खुलने से पटना और वैशाली जिले के बीच की दूरी काफी कम हो जाएगी, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## सीएम ने 12 साहित्यकारों को हिन्दी सेवी सम्मान पुरस्कार से किया सम्मानित

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को यहां 12 साहित्यकारों को हिन्दी सेवी सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया। श्री कुमार ने मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग अन्तर्गत राजभाषा की ओर से आयोजित हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार (2023-24 ) के अधीन विभिन्न श्रेणियों के लिये अखिल भारतीय स्तर पर चयनित 12 साहित्यकारों, संस्थाओं को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। इसके अन्तर्गत अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा-दीक्षा तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास में विशिष्ट योगदान के लिये जियालाल आर्य को बाबा साहब अम्बेदकर पुरस्कार प्रदान किया। इसके अन्तर्गत उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं पांच लाख रूपये की पुरस्कार की राशि प्रदान की गयी।

## मखाना किसानों से मिले राहुल गांधी, तालाब में उतरकर समझा खेती का पूरा प्रोसेस



**निज संवाददाता | कटिहार**

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को अपनी वोटर अधिकार यात्रा के तहत कटिहार पहुंचे, जहां उन्होंने मखाना किसानों से मुलाकात की। राहुल गांधी न सिर्फ किसानों से बातचीत करते दिखे, बल्कि खुद तालाब में उतरकर मखाना निकालने की प्रक्रिया को भी समझा। किसानों ने इस मौके पर अपनी समस्याएं राहुल गांधी के सामने रखीं। उन्होंने बताया कि बिहार दुनिया का 90 प्रतिशत मखाना पैदा करता है, लेकिन दिन-रात मेहनत करने वाले किसानों को इसका उचित लाभ नहीं मिल पाता।

## भारत-अमेरिका टकराव : ट्रंप के टैरिफ के बाद डाक विभाग ने अमेरिका के लिए रोकी बुकिंग

• फैसला अमेरिका की सीमा शुल्क और डाक सेवा के नए प्रावधानों के कारण लिया गया।




**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक खींचतान अब डाक सेवाओं तक पहुँच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 50 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने कड़ा कदम उठाते हुए 25 अगस्त 2025 से अमेरिका जाने वाली सभी डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से रोक दी है। हालांकि पत्र, दस्तावेज और 100 अमेरिकी डॉलर तक के उपहार इस रोक से बाहर रहेंगे। डाक विभाग के मुताबिक यह फैसला अमेरिका की सीमा शुल्क और डाक सेवा (सीबीपी और यूएसपीएस) द्वारा हाल ही में जारी नए दिशा-निर्देशों के कारण लिया गया है। जब तक अमेरिकी एजेंसियों से स्पष्ट सहयोग और अंतिम दिशा-निर्देश नहीं मिलते, तब तक सामान्य वस्तुओं की बुकिंग पर यह रोक जारी रहेगी।

इस रोक से उन भारतीय नागरिकों को परेशानी हो सकती है जो अमेरिका में अपने परिजनों को निजी सामान या व्यावसायिक पार्सल भेजते हैं। छोटे व्यापारी और व्यक्तिगत उपयोगकर्ता सबसे अधिक प्रभावित होंगे। हालांकि, पढ़ाई, नौकरी और आधिकारिक कार्य से जुड़े दस्तावेजों और सीमित मूल्य के उपहारों के भेजने में कोई दिक्कत नहीं होगी। डाक विभाग ने आश्वासन दिया है कि जैसे ही अमेरिकी एजेंसियों से स्थिति स्पष्ट होगी, इस अस्थायी रोक को हटाने पर विचार किया जाएगा। सरकार ने साफ किया है कि अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाओं की पारदर्शिता और निरंतरता बनाए रखना उसकी प्राथमिकता है।

**गुप्त सूचना के आधार पर बस स्टैंड पर छापेमारी**

## पटना से बस में मंगाए गए दो करोड़ रुपये के जाली नोट, पुलिस ने दो को दबोचा

• तीन बक्सों में मिले दो करोड़ रुपये के जाली नोट

**निज संवाददाता | रांची**

रांची में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो करोड़ रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए हैं। इस मामले में दो आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है। पूरी कार्रवाई कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना से आ रही एक बस के जरिए भारी मात्रा में जाली नोट रांची लाए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के न्यू मार्केट स्थित बस स्टैंड में छापेमारी की गई। जांच के दौरान एक संदिग्ध बस की तलाशी ली गई, जिसमें रखे गए तीन बक्सों से करीब दो करोड़ रुपये के जाली नोट बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि इन जाली नोटों को रांची और आसपास के इलाकों में खपाने की योजना थी।

गिरफ्तार आरोपितों से लगातार पूछताछ की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में भी जुट गई है।

## स्नान के दौरान चार बच्चों की डूबने से मौत

**निज संवाददाता | गौड़ाबौराम (दरभंगा)।**

गौड़ाबौराम प्रखंड क्षेत्र के बेलाही घाट स्थित कमला नदी में शनिवार को डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। घटना की सूचना से स्वजन में कोहराम मच गया। नदी में बसौली गांव के आठ बच्चे स्नान कर रहे थे। इसमें आधे की मौत हो गई। बताया जाता है कि खेलते-खेलते सभी बच्चे दिन के 12 बजे के आस-पास नदी में स्नान करने के लिए छलांग लगा दिए। इस बीच चार बच्चे तेज धारा में समा गए। इसमें बसौली गांव निवासी चंदू देवी की पुत्री शीतला कुमारी (14), नारायण मुखिया की पुत्री लक्ष्मी कुमारी (13), प्रमोद मुखिया की पुत्री अंशु कुमारी (14) और जयशंकर तांती के पुत्र रोहित कुमार (14) शामिल हैं। सभी बच्चे कसरौड़ मध्य विद्यालय के आठवीं वर्ग के छात्र थे। गांव के विकास मित्र चंदन कुमार ने बताया कि घटना के शिकार हुए रोहित कुमार डूब रहे बच्चों को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दिया। डूब रहे नारायण मुखिया की पुत्री सरस्वती कुमारी (15) और संतोष मुखिया की पुत्री अनीशा कुमारी (14) को नदी से निकालने में रोहित कामयाब रहा, लेकिन अन्य को निकालने दौरान वह गहरे पानी में समा गया। घटना से पूरे बसौली गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मुखिया रंजीत कुमार झा, सरपंच शंकर झा और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पवन कुमार झा पीड़ित परिवार को ढांढ़स बढ़ाने में लगे हुए थे। आपदा मित्र मनोज शर्मा और स्थानीय तैराक की सक्रियता से सभी शवों को बारी-बारी से नदी से निकाला गया। उधर, सूचना पर पहुंचे घनश्यामपुर थाने की पुलिस सभी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई।

### एक साथ उठी पांच अर्थियां डूबने से हुई थी मौत

**पूर्णिया (नि.सं.)।** पूर्णिया में शनिवार को कुम्हार टोला गांव से दोपहर बाद एक साथ पांच अर्थी उठी। गांव से एक किलोमीटर दूर मालिकटरी पुल श्मशान घाट पर हिंदू रीति रिवाज से अंतिम दाह संस्कार किया गया। शुक्रवार की शाम कारी कोसी नदी में डूबने से 5 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे में जान गंवाने वाली 9 साल की बच्ची गौरी की मां पुतुल देवी ने बताया, कटिहार के सलोनी में मेरा ससुराल है। शुक्रवार करीब 4 बजे गौरी टॉयलेट के लिए अपनी मामी सुलोचना देवी के साथ नदी किनारे गई थी। इसी दौरान गौरी का पैर फिसला और वो पानी से भरे गड्ढे में गिर गई। इसके बाद सुलोचना भी गड्ढे में गौरी को निकालने के लिए कूदी, लेकिन गड्ढा गहरा होने के कारण दोनों डूब गए।

## बिहार में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट हुआ जारी

**पटना (नि.सं.)।** मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने शनिवार को पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा है कि बिहार में आगामी 28 अगस्त तक बारिश और वज्रपात का दौर जारी रहने की संभावना है। विभाग ने राज्य के कई हिस्सों के लिए यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है तथा लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-मध्य और दक्षिण-पूर्व बिहार के अधिकांश इलाकों में बारिश हो सकती है। वहीं, 24 और 25 अगस्त को दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य बिहार के कई हिस्सों में तेज बारिश की आशंका जताई गई है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान लोगों को खुले स्थानों पर जाने से बचना चाहिए और आंधी-बारिश के समय पेड़ या बिजली के खंभे के नीचे खड़ा नहीं होना चाहिए।

**अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत, गगनयान और स्पेस स्टेशन की तैयारी**

# नयी उभरती अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत : पीएम

• अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग प्रशासन और जनसुविधाओं में बढ़ रहा है।

• फसल बीमा योजना में उपग्रह आधारित आकलन, मछुआरों को जानकारी और सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा गज शक्ति कार्यक्रम में अंतरिक्ष तकनीक का इस्तेमाल।

• राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस युवाओं में उत्साह और आकर्षण का अवसर बन गया है।

**एजेंसी | नयी दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर देश के वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत नयी उभरती अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सेमी क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन और विद्युत प्रणोदन (इलेक्ट्रिक प्रपल्सन) जैसी आधुनिक तकनीकों पर काम कर रहा है और निकट भविष्य में गगनयान की ऐतिहासिक उड़ान भरेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी ऐलान किया कि आने वाले समय में भारत अपना स्वयं का स्पेस स्टेशन भी बनाएगा, जो अंतरिक्ष अनुसंधान और तकनीक के क्षेत्र में भारत को नई ऊंचाई देगा। उन्होंने कहा कि आज अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी केवल विज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका इस्तेमाल प्रशासन और जनसुविधाओं में भी बड़े पैमाने पर हो रहा है। मोदी ने कहा, "आज भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रपल्सन जैसी प्रौद्योगिकी में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही वैज्ञानिकों की मेहनत से भारत गगनयान की उड़ान भरेगा और अपना स्पेस स्टेशन भी स्थापित करेगा। यह युवाओं के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है।

उन्होंने बताया कि आज अंतरिक्ष तकनीक का उपयोग फसल बीमा योजना में उपग्रह आधारित आकलन के लिए किया जा रहा है। मछुआरों को भी उपग्रह से सही जानकारी और सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही आपदा प्रबंधन और प्रधानमंत्री गज शक्ति कार्यक्रम जैसे क्षेत्रों में भी भू-स्थानक सूचना का इस्तेमाल हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस युवाओं में उत्साह और आकर्षण का अवसर बन गया है और भारत के लिए गर्व की बात है कि उसके वैज्ञानिकों के प्रयास आम नागरिकों का जीवन सरल बना रहे हैं।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन


DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### नवादा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 41 गिरफ्तारी एवं 1082 लीटर देशी शराब बरामद

**नवादा**। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 22 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं। इनमें पुलिस पर हमला के मामले में 01, आर्म्स एक्ट में 01, मद्य निषेध में 05 तथा अन्य मामलों में 34 गिरफ्तारियां हुईं। कुल मिलाकर 41 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है। शराब की बरामदगी के अंतर्गत 1082 लीटर देशी शराब जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त वारंट निष्पादन की संख्या 30 रही। वाहन जांच के क्रम में कुल 350 वाहनों की जांच की गयी तथा 11 हजार रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए। अन्य जब्ती अंतर्गत मोटरसाइकिल 09, तसला 01, गैस चूल्हा 01, डेकची 01, गैस सिलेंडर 01, भट्ठी विनष्ट 01, महुआ मिठा घोल 40 लीटर, मोबाइल 01, सलाई रिंच 01, पिलास 01 तथा अपहृता 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने कहा कि नवादा पुलिस इस प्रकार के क्रूर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाने के लिए संकल्पित है। अपराध कर अन्यत्र स्थान पर छिपकर रहने वाले अपराधियों के विरुद्ध लगातार आसूचना संकलन एवं कार्रवाई की जा रही है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### शराब मामले में पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार,सात बाइक जब्त

**जॉब जलाशय के समीप से 804 लीटर शराब बरामद**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के हाथोचक स्थित जॉब जलाशय के समीप जंगली एवं सुशासन क्षेत्र से पुलिस बलों ने 804 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।साथ ही शराब परिवाहन में संलिप्त सात बाइकों को जब्त किया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाए जाने की दिशा में लगातार पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण,परिवहन,भंडारण,बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध कार्यवाई की जा रही है।इसी बीच जॉब जलाशय के आसपास के क्षेत्रों से शराब की खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन होने के बाद सशस्त्र पुलिस बलों की सहायता से बीते गुरुवार की पूरी रात छापेमारी की गई एवं शुक्रवार की सुबह तक सात बाइकों पर लदे कुल 804 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया।जब्त बाइकों में बीआर01ईएम4441, बीआर27एम5686,बीआर27टी6468,बीआर27जे3959 एवं बीआर01एचआर3176 के अलावे बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के दो बाइक है।गिरफ्तार शराब तस्करों की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी स्व. आनंद प्रसाद के पुत्र कमलेश कुमार एवं सिद्धेश्वर यादव के पुत्र रंजन कुमार के रूप में हुई है।जबकि एक शराब तस्कर भागने में सफल रहा,जिसकी पहचान अर्जुन यादव के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब,बाइक,गिरफ्तार तस्कर एवं फरार तस्कर के अलावे बरामद बाइक के चालक व मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं दूसरी ओर बाजार के दुकानदार गोबिंद महतो के पुत्र संजीत कुमार ने थाने को लिखित आवेदन देकर बताया कि रजौली के प्रवीण प्रसाद के पुत्र ऋषिकेश कुमार शराब पीकर गाली-गलौज एवं हंगामा कर रहा था,जिसे डायल 112 की मदद से थाना परिसर लाकर जांच करवाया गया।ब्रेथ एनलाइजर मशीन से युवक की जांच किए जाने पर शराब पिए होने की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब मामले में गिरफ्तार तीन लोगों को शनिवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### आर्म्स एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार


नारदीगंज थाना में पुलिस की गिरफ्तारी में आरोपी

**नारदीगंज (नवादा)**। थाना क्षेत्र के बिक्कु गांव में शुक्रवार की रात में पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी टीम में शामिल एसआई आदित्य कुमार,एस आई दिनेश कुमार,एएसआई प्रेम कुमार,मुकेश कुमार पुलिस बल शामिल रहे। इस दौरान मारपीट,हत्या का प्रयास करने के साथ आर्म्स एक्ट के आरोपी बिक्कु निवासी उपेन्द्र सिंह का पुत्र विकास कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कांड संख्या 301/2025 का नामजद आरोपी है। कहा गया गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने गई, उसे पुलिस आने की भनक लगते ही बाहर भागने के फिराक में था। पुलिस ने उसे खदेड़ कर इचुआ गांव के समीप से आरोपित विकास कुमार को दबोच लिया। आरोपित को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बीते 20 अगस्त यानी बुधवार की शाम को खेत में घास फेंकने के विवाद में चली गोली व मारपीट की घटना घटी थी। उसके बाद जेबरात भी छीन लेने की भी बात कही गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर से कारतूस का अगला भाग बरामद किया था। इस मामले में बिक्कु निवासी अजय कुमार के लिखित शिकायत पर तीन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी की तलाश पुलिस कर रही थी । इस घटना में संलिप्त एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त की है। पुलिस पदाधिकारी का कहना है कि इस घटना में संलिप्त अन्य आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस सघन छापेमारी कर रही है।

# रजौली में चोरों का कहर जारी,थाने का चौकीदार भी सुरक्षित नहीं,एक ही रात दो बाइकों की हुई चोरी

निज संवाददाता


पीड़ित चौकीदार छोटेलाल राजवंशी

**» चौकीदार से पिस्टल के बल पर बाइक और मोबाइल छीना,मारपीट भी किया**

**रजौली**। थाना क्षेत्र में इन दिनों चोर-उचक्कों के साथ-साथ अपराधियों का तांडव जारी है। हालात ऐसे बन गए हैं कि आम लोग तो छोड़िए,थाने का चौकीदार भी सुरक्षित नहीं रह गया।पिछले छह माह में करोड़ों की संपत्ति चोरी हो चुकी है एवं दर्जनों मोटरसाइकिल गायब हो गए।इसके बावजूद पुलिस अब तक किसी चोर को पकड़ नहीं सकी है। सबसे हैरान कर देने वाली घटना हाल ही में हुई।रजौली थाना के मनहर गांव का चौकीदार छोटे लाल राजवंशी,जो रात्रि में गांव से रजौली बाजार में ड्यूटी करने आ रहे थे,अर्चना नगर मोड़ के समीप उनपर अपराधियों ने हमला बोल दिया।उनके साथ मारपीट की गई और उनकी बाइक स्प्लेंडर संख्या बीआर27आर3611 और मोबाइल छीन ली गई।ग्रामीणों का कहना है कि जब थाने से जुड़े लोग ही अपराधियों से सुरक्षित नहीं हैं,तो आम आदमी की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर हरदिया सेक्टर बी निवासी भोला राजवंशी के घर उनका साला अमित कुमार आया हुआ था और अपनी बाइक होंडा ड्रीम योगा संख्या बीआर21टी8253 को घर के बरामदे में लगाकर सोने चले गए।जब 11 बजे शौच के लिए उठे,तो देखा कि उनकी बाइक नहीं है,जबकि बरामदे में एक पुराना ग्लैमर गाड़ी भी लगा हुआ था,जिसे चोर अपने साथ नहीं ले गए।स्थानीय लोगों का कहना है कि अपराधी अब घरों और आंगनों तक पहुंचकर वारदात कर रहे हैं। बीते छः माह में लगातार हो रही घटनाओं से आमजन दहशत में है।लोग पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीण कहते हैं कि थाने में सिर्फ आवेदन लिया जाता है,लेकिन चोरी का न तो खुलासा होता है और न ही चोर पकड़े जाते हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि रजौली में विशेष पुलिस बल की तैनाती हो,वरना हालात और बिगड़ सकते हैं।लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई,तो वे खुद अपनी सुरक्षा का इंतजाम करने को मजबूर होंगे।

**क्या कहते है थानाध्यक्ष** :-इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित चौकीदार और ग्रामीण द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## मेन्स हॉकी हीरो एशिया कप-2025 ''ट्रॉफी गौरव यात्रा'' का नवादा में भव्य स्वागत

निज संवाददाता



**नवादा**। संयुक्त सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के निदेशानुसार मेन्स हॉकी हीरो एशिया कप-2025 का आयोजन दिनांक 29 अगस्त से 07 सितम्बर 2025 तक राज्य खेल अकादमी, राजगीर (नालंदा) में किया जा रहा है। राज्य में खेल संस्कृति को मजबूत करने तथा युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से सभी जिलों में ''ट्रॉफी गौरव यात्रा'' निकाली जा रही है। इसी क्रम में यह गौरव यात्रा दिनांक 23 अगस्त 2025 को नवादा पहुँची, जहाँ हरिश्चन्द्र स्टेडियम में इसका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित स्काउट-गाइड की टीम ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने त्रिवर्णीय गुब्बारे आकाश में छोड़कर गौरव यात्रा का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार में हीरो एशिया कप 2025 का आयोजन हम सभी के लिए गौरव की बात है। बिहार में आयोजित हीरो एशिया कप टूर्नामेंट में आठ देश सम्मिलित हो रहे हैं, जिसमें भारत, चीन, जापान, चाइनीज़ ताइपे, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, कजाकिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। उन्होंने पुरानी कहावत "पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे तो होगे ख़राब" का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कहावत अब बदल चुकी है। आज खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, भविष्य निर्माण और करियर निर्माण का मजबूत आधार बन चुके हैं। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक बच्चे खेलों से जुड़ सकें और प्रोत्साहित हों। साथ ही मशाल प्रतियोगिता अंतर्गत खेल प्रतिभा को विकसित करने का कार्य विद्यालयों में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवादा जिले के बुधौल में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण करने का प्राक्कलन भवन निर्माण निगम द्वारा तैयार किया जा रहा है। इसके निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से नवादा में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। अंत में जिला पदाधिकारी ने भारत की हॉकी टीम को आगामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन और जीत की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता नवादा, गोपनीय शाखा प्रभारी, स्थापना उपसमाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, बड़ी संख्या में खिलाड़ी, स्कूली छात्र-छात्राएँ एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। पूरे जिले में इस आयोजन को लेकर उत्साह और गर्व का वातावरण देखने को मिला।

## सुरक्षित शनिवार के तहत मनाया गया अंतरिक्ष दिवस




निज संवाददाता



**कौआकोल**। प्रखण्ड के इंटर विद्यालय कौआकोल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर सुरक्षित शनिवार के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय की नवमीं कक्षा की छात्रा प्रिंसी शर्मा एवं दसवीं कक्षा की सुष्मिता कुमारी ने चंद्रयान की सफलता एवं अंतरिक्ष अनवेंशन पर प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों से विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका सौरभ सर ने निभाई। मौके पर विद्यालय के अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## चोरी की 9 बाइक बरामद, एक गिरफ्तार - दो फरार



निज संवाददाता

**नवादा**। जिले की अकबरपुर पुलिस ने बाइक चोरों के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सब इंस्पेक्टर शानू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुरजनगर जंगल से बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इस क्रम में एक को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो फरार होने में सफल रहा। इस बात थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कारवाई आरंभ कर दी गयी है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि सूरज नगर में चोरी की बाइक छिपाकर बिक्री के लिए रखे जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में सअनि शानू के नेतृत्व में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस क्रम चोरी की सिल्वर रंग की अपाची बाइक के साथ मानडीह गांव के 20 वर्षीय अजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर छिपाकर बिक्री के लिए रखे गए आठ बाइकों को बरामद कर थाना लाया गया। पूछताछ में अजीत ने बताया कि वह प्रमोद कुमार उर्फ चंका व नवलेश राजवंशी के सहयोग से बाइक चोरी कर अवैध शराब कारोबारियों के हाथों बिक्री किया करता है। पुलिस फरार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

# शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक में डीएम ने दिया आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता



**नवादा**। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में निपुण भारत मिशन (NIPUN Bharat Mission) की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की पढ़ने, लिखने एवं गणित की बुनियादी क्षमताओं का नियमित आकलन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में भूमिहीन विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। असैनिक सम्भाग अन्तर्गत एसीआर/आर्ट रूम, साइंस रूम, कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी रूम, नए विद्यालय भवन तथा बालक/बालिका शौचालय के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जो भी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, उन्हें अविलम्ब पूर्ण किया जाए। साथ ही नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण कार्य में शीघ्र अग्रेतर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। बैठक में बताया गया कि जिले के 21 विद्यालयों का चयन पीएम श्री योजना के अंतर्गत किया गया है। इन विद्यालयों को अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के 1,624 विद्यालयों में रसोई शेड का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष विद्यालयों में निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने दिया। सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया।आरटीई (Right to Education) योजना के अंतर्गत अब तक जिले में कुल 1,693 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,527 छात्रों का सत्यापन कर विद्यालयों में नामांकन कराया जा चुका है। शेष आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश भी जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया।बैठक में विद्यालय भवन निर्माण, शौचालय, पेयजल, विद्युतिकरण एवं मरम्मती कार्यों की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, लेखा पदाधिकारी, सहायक अभियंता, सहायक साधन सेवी, संभाग प्रभारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## 40 लाख रुपये बकाया न मिलने पर रेलवे टनल ठेकेदार ने दी आत्महत्या की धमकी, पुलिस कर रही जांच





टनल में खुदाई करते मजदूर



निज संवाददाता

**रजौली**। कोडरमा-तिलैया रेलखंड पर बन रही एक रेलवे टनल में काम करने वाले मजदूरों और उनके ठेकेदार का 40 लाख रुपये का बकाया फंस गया है। बकाया न मिलने और कर्ज के बोझ से परेशान ठेकेदार ने आत्महत्या करने की धमकी दी है।झारखंड के रुद्रनारायण मोदी, जो एक लेबर कॉन्ट्रैक्टर हैं, ने आरोप लगाया है कि मुंबई की निर्माण कंपनी आदित्य कंस्ट्रक्शन ने उनका भुगतान रोक दिया है। मोदी के अनुसार उन्होंने नवंबर 2024 से 25 कुशल मजदूरों के साथ टनल संख्या 04 में काम शुरू किया था, लेकिन 2025 तक उनका लगभग 40 लाख रुपये का बिल बकाया है। ठेकेदार मोदी का कहना है कि उन्होंने कंपनी के एमडी विनोद कुमार श्रीवास्तव से कई बार पैसों की मांग की, लेकिन हर बार उन्हें टालमटोल का सामना करना पड़ा। बाद में पैसे देने से इनकार कर दिया गया, और मोदी ने पैसे मांगने पर जान मारने की धमकी मिलने का भी दावा किया है। इस मामले में उन्होंने 20 अगस्त को रजौली थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है और कंपनी को कानूनी नोटिस भी भेजा है।पैसों की कमी के कारण अब 25 में से सिर्फ 15 मजदूर ही काम कर पा रहे हैं। मोदी ने बताया कि मजदूरों का पेट भरना मुश्किल हो गया है और वे भारी कर्ज में डूब गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि अगले कुछ दिनों में उनका बकाया नहीं चुकाया गया, तो वह आत्महत्या कर लेंगे।वहीं, आदित्य कंस्ट्रक्शन के एमडी विनोद कुमार श्रीवास्तव ने आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि मोदी ने उन्हें कोई बिल या हिसाब-किताब नहीं दिया है और वे उन्हें ब्लैकमेल कर रहे हैं। रजौली थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आवेदन मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है।

## टोटो और बाइक की टक्कर के बाद हिंसक झड़प, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता


मारपीट में घायल दुर्घटनाग्रस्त बाइकसवार इलाजरत

**» अस्पताल में इलाज के बाद थाने में किया शिकायत**

**रजौली**। रजौली के पुरानी बस स्टैंड में शनिवार की सुबह एक टोटो और बाइक की मामूली टक्कर के बाद उपजा विवाद हिंसक हो गया, जिसमें बाइक सवार को बुरी तरह पीटा गया।इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना सुबह करीब 9 बजे हुई। घायल युवक की पहचान पुरानी बस स्टैंड निवासी स्वर्गीय लाक्षो चौधरी के पुत्र विनोद चौधरी के रूप में हुई है।वहीं, टोटो चालक की पहचान माल टोला निवासी दिलीप ठठेरा के रूप में हुई है।

**दुर्घटना कैसे बदला हिंसक झड़प में** :-घायल विनोद चौधरी ने बताया कि जब वह बाईपास स्थित अपने घर जा रहे थे, तभी टोटो संख्या बीआर 02 ईआर 1954 को चालक दिलीप ठठेरा ने अचानक गाड़ी मोड़ दी।इससे उनकी बाइक टकरा गई और वह सड़क पर गिर पड़े। विनोद ने जब टोटो चालक को संभलकर गाड़ी चलाने की सलाह दी, तो दिलीप ठठेरा भड़क गए।इसके बाद, दिलीप ने अपने बेटों - नागो उर्फ नागेश्वर ठठेरा और सोनू कुमार - को लाठी लाने के लिए कहा। पिता के कहने पर दोनों बेटों ने विनोद को जमीन पर घसीटा और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे वह लहूलुहान हो गए। हमले में उनके सिर फट गया और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोट के गंभीर निशान हैं। स्थानीय लोगों को इकट्ठा होते देख, हमलावर टोटो को वहीं छोड़कर भाग गए।

**पुलिस ने शुरू की जांच**:-स्थानीय लोगों की मदद से घायल विनोद को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. निवेदिता नंदिनी ने बताया कि विनोद के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें हैं। उनका प्राथमिक इलाज कर दिया गया है।पीड़ित विनोद चौधरी ने इस घटना को लेकर रजौली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पीटीसी राजकुमार पासवान को तुरंत घटनास्थल पर जांच के लिए भेजा गया है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने पांच वारंटी को किया गिरफ्तार

**परवलपुर**। स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव से पांच वारंटी को गिरफ्तार किया है। इन वारंटियों की पकड़ने के लिए पुलिस पहले से लगी हुई थी। थाना अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि परवलपुर से जितेन्द्र यादव, विजय यादव, संजय यादव और थाना क्षेत्र के नेहुआपर गांव से मनोज यादव एवं सनोज यादव गिरफ्तार कर शुक्रवार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### बिंद में शराब बेचने वालों पर कार्रवाई, एक व्यक्ति गिरफ्तार, पुलिस ने बिगहा गांव से पकड़ा

**नालंदा**। बिहार के नालंदा जिले में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सारे थाना पुलिस ने शनिवार को अंबा बिगहा गांव से 5 लीटर देशी शराब के साथ आरोपी को पकड़ा। सारे थानाध्यक्ष रितु रंजन के अनुसार, उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि अंबा बिगहा गांव में अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंबा बिगहा गांव निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शराबबंदी कानून के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चांदी में तारकटवा गिरोह फिर सक्रिय, 25 बिजली पोल से तार चोरी, पुलिस जांच में जुटी



**नालंदा**। नालंदा जिले के हरनौत थाना क्षेत्र में तारकटवा गिरोह ने एक बार फिर वारदात को अंजाम दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बीघा के पास स्थित बलवापर गांव में चोरों ने 25 से अधिक बिजली पोल से तार चोरी कर लिया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार घटना शुक्रवार की मध्य रात्रि की है। चोर बलवापर गांव के दक्षिण खंधा में कृषि कार्य के लिए लगाए गए 11 हजार वोल्ट के बिजली तार को काटकर ले गए। इस चोरी से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। बिजली विभाग के कर्मी गौतम कुमार ने बताया कि रात में हवा और बारिश के कारण लाइन काटी गई थी। चोरों ने इसी का फायदा उठाया। चोरी किए गए तार की कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है। यह इलाके में 10 दिन के भीतर दूसरी बड़ी तार चोरी है। इससे पहले 14 अगस्त की रात हरनौत थाना क्षेत्र के पचौरा गांव में भी ऐसी ही वारदात हुई थी, जो अभी तक सुलझी नहीं है। लगातार हो रही चोरी से ग्रामीण पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा।

### बिंद में किसान पाठशाला का आयोजन, कृषि विभाग ने दिया फसल सुरक्षा की ट्रेनिंग



**नालंदा**। नालंदा जिले के अस्थावां प्रखंड स्थित भीखनीबिगहा गांव में कृषि विभाग ने किसानों के लिए पौधा संरक्षण पाठशाला का आयोजन किया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई किसानों ने हिस्सा लिया। सहायक तकनीकी प्रबंधक मनोरंजन कुमार ने पाठशाला का संचालन किया। उन्होंने किसानों को पौधों को रोग और कीट प्रकोप से बचाने के जैविक और रासायनिक उपायों की जानकारी दी। कुमार ने बताया कि खेती में सफलता के लिए बुवाई और सिंचाई के साथ फसलों की निरंतर निगरानी भी जरूरी है। प्रशिक्षण में बताया गया कि समय पर उचित उपाय न करने से फसलों में कीट और बीमारियों के कारण 30 से 40 प्रतिशत तक का नुकसान हो सकता है। किसानों को तना छेदक, पत्ती लपेटक, झुलसा रोग, माहू, सफेद मक्खी और धब्बा रोग जैसी समस्याओं की पहचान और नियंत्रण के तरीके सिखाए गए। किसानों को फसलों में रोग के शुरुआती संकेत पहचानने का प्रशिक्षण दिया गया। फेरोमोन ट्रैप्स और प्रकाश ट्रैप के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। साथ ही पर्यावरण के अनुकूल नीम आधारित उत्पादों, ट्राइकोडर्मा और बवेरिया बेसियाना जैसे जैविक कीटनाशकों के उपयोग की सलाह दी गई। कार्यक्रम में किसानों ने अपनी शंकाएं रखीं और खेती के अनुभव साझा किए।

# कांग्रेस के हर घर अधिकार अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

◆ **कांग्रेस पार्टी की गारंटियों का गुलदस्ता में 25 लाख तक निःशुल्क इलाज बीमा व भूमिहीन परिवारों को मकान निर्माण के लिए दिए जाएंगे पांच डिसिमिल जमीन : मोहन श्रीवास्तव**





निज संवाददाता। गयाजी

गया शहर के बैरागी डाक स्थान स्थित शुक्रवार को कांग्रेस के हर घर अधिकार अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एआईसीसी के ऑब्जर्वर दीपक मिश्रा एवं एआईसीसी के कोऑर्डिनेटर राजीव प्यासी थे। वहीं कार्यक्रम के संचालन कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सह पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया। आयोजित चौपाल के तहत एआईसीसी कॉर्डिनेटर राजीव प्यासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गारंटी के गुलदस्ते में मुख्य रूप से माई बहन मान योजना, 1500 रुपये की वृद्धावस्था दिव्यांग पेंशन योजना, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, 25 लाख तक मुफ्त चिकित्सा बीमा और भूमिहीन परिवारों को घर बनाने के लिए पांच डिसमिल तक जमीन देने की योजनाएं शामिल हैं। जो हमारी सरकार आते सबसे पहले यह योजना लागू होगी।

वहीं कांग्रेस नेता मोहन श्रीवास्तव कांग्रेस पार्टी की प्रमुख गारंटियों को जनता के सामने रखते हुए कहा कि कांग्रेस के हर अधिकार के तहत आम नागरिकों के लिए गारंटियों का गुलदस्ता की शुरुआत की गई है।

यह योजना महागठबंधन की सरकार बनते ही सबसे पहले लागू होगी। कांग्रेस के गुलदस्ते में जरूरतमंद लोगों को 25 रुपये लाख तक का निःशुल्क इलाज बीमा तथा भूमिहीन परिवारों को मकान निर्माण के लिए पांच डिसमिल जमीन दी जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर 'माई -बहन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये, वृद्ध और दिव्यांगजनों को 1500 रुपये की पेंशन, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी।

मौके पर मेयर विरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष विशाल कुमार, कांग्रेस नेता रजनीश कुमार झुन्ना, धर्मेंद्र कुमार निराला, सैफुल इस्लाम, नवीत कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरुष आदि मौजूद थे।

## गुरुआ में मृतक के परिजनों के लिए मददगार साबित हो रहे नीतीश दांगी

निज संवाददाता। गुरुआ



गुरुआ प्रखंड क्षेत्र में इस समय जन सुराज के वरिष्ठ नेता डॉ नीतीश कुमार दांगी मृतक के परिजनों के लिए मददगार साबित हो रहे हैं जिससे हर चौक चौराहे पर उनकी मानवता की चर्चा चल रही है। जन सुराज के नेता डॉ नीतीश कुमार दांगी ने प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मंडा पंचायत के गम्हरिया गांव में पहुंचकर करंट से मौत होने पर विधवा महिला बौली देवी के परिजनों मिलकर अपने स्तर से सहयोग राशि दिया। नगवां पंचायत के खैरी गांव के किसान सुखेंद्र यादव को करंट से मौत होने पर उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिलकर आर्थिक सहयोग किया। वहीं रघुनाथ खाप पंचायत के कठबारा गांव के मजदूर नंदलाल मांझी के पत्नी समफुलवा देवी की प्रसव के बाद मौत हो गई थी इस घटना की खबर पाकर जन सुराज के नेता नीतीश कुमार दांगी वहां भी पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिलकर आर्थिक सहयोग किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि आपदा से जहां भी मौत हुआ है सभी परिवार को डीएम शशांक शुभंकर से मिलकर मुआवजा राशि भी दिलाने का काम करेंगे ताकि गुरुआ विधानसभा क्षेत्र के सभी गरीब परिवार को सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके। इस मौके पर समाजसेवी कौशलेंद्र कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे

## गुरुआ में बेरोजगारों को रोजगार दे रहा बंधन बैंक: राजकुमार प्रसाद सिंह

निज संवाददाता। गुरुआ




गुरुआ प्रखंड क्षेत्र के बाइपास रोड स्थित सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकुमार प्रसाद सिंह के निजी मकान में संचालित बंधन बैंक का दसवां वर्षगांठ मनाया। बंधन बैंक के प्रबंधक भीम कुमार यादव एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकुमार प्रसाद सिंह ने संयुक्त रुप से केक काटकर बैंक की वर्षगांठ मनाया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकुमार प्रसाद सिंह ने बताया कि दस वर्ष पहले यहां बंधन बैंक का शुभारंभ महज दो-चार लोगों का खाता खोलकर किया गया था लेकिन फिलहाल इस बैंक में करीब एक लाख लोग खाताधारक हैं इस बैंक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार लोगों को रोजगार करने के उद्देश्य से घर बैठे सस्ते दर पर ऋण दिया जा रहा है इससे बेरोजगार लोगों का रोजगार उपलब्ध हो रहा है। इस मौके पर बैंक प्रबंधक भीम यादव, अंतु कुमार, तरुण कुमार, निशांत कुमार, रोहित कुमार, नागेंद्र कुमार, अनुराग कुमार, सुजीत कुमार, अंकित कुमार, शशिभूषण कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## पढ़ाई और रोजगार के लिए एक मौका जन सुराज को दें: नीतीश दांगी

निज संवाददाता। गुरुआ



गुरुआ विधानसभा क्षेत्र में जन सुराज के वरिष्ठ नेता डॉ नीतीश कुमार दांगी ने गांव-गांव का दौरा तेज कर दिया है इस दौरान शनिवार को कई गांव का भ्रमण कर 24 अगस्त को गुरारु के सर्वोदय हाईस्कूल के मैदान में आयोजित होने वाली बिहार बदलाव संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने का अपील किया। युवा नेता नीतीश दांगी ने ग्रामीणों को बताया कि अपने बच्चे को पढ़ाई और रोजगार के लिए एक मौका जन सुराज को जरुर देंगे यदि यहां जन सुराज की सरकार बनीं तो सबसे पहले परिवार लाभ कार्ड बनेगा इसके अंतर्गत सभी महिलाओं को प्रतिमाह 25 सौ रुपए मिलेगी तो वृद्ध और दिव्यांग को 15 सौ रुपए प्रतिमाह पेंशन के रुप में दिया जाएगा इसके अलावा बेरोजगार लोगों को पलायन रोकने के लिए घर बैठे रोजगार करने के लिए ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## नालंदा में तीन बच्चों की मां बनी महिला, 2 बेटी और एक बेटा, वजन सामान्य से कम, मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के रहुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया है। 2 बेटी और एक बेटा है। वजन सामान्य से कुछ कम है, लेकिन तीन बच्चे स्वस्थ हैं। परिवार में खुशी की लहर है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेम शंभू ने बताया कि सीमा कुमारी ने दो बेटियों और एक पुत्र को जन्म दिया है। एक बच्ची का वजन डेढ़ और दूसरी का एक किलोग्राम है। बेटे का वजन डेढ़ किलोग्राम है। ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। फिलहाल जच्चा-बच्चा दोनों ठीक है। मेडिकल टीम निगरानी कर रही है।

**गांव में खुशी की लहर**: तीन बच्चों के एक साथ जन्म लेने की यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। अस्पताल परिसर में नवजात को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों का मानना है कि यह परिवार और पूरे गांव के लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है।

**चिकित्सा टीम की विशेष सावधानी**: डॉ. प्रेम शंभू ने बताया कि तीनों नवजातों को आगामी कुछ दिनों तक विशेष चिकित्सा निगरानी में रखा जाएगा। प्रीमैच्योर बेबी होने के कारण अतिरिक्त देखभाल आवश्यक है। परिजनों को भी देखभाल के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। ताकि बच्चों का समुचित विकास हो सके।

# हॉकी मेन्स एशिया कप के लिए ट्रैफिक व्यवस्था बदली, 7 जगह पर होगी पार्किंग

◆ **राजगीर में खिलाड़ियों-दर्शकों की सुविधा के लिए प्लान तैयार**

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार के ऐतिहासिक नगर राजगीर में 26 अगस्त से 9 सितंबर 2025 तक आयोजित होने वाले हॉकी मेन्स एशिया कप के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक ट्रैफिक रेगुलेशन प्लान तैयार किया है। नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशानुसार तैयार की गई यह योजना न केवल खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखती है, बल्कि स्थानीय निवासियों की दैनिक आवाजाही की समस्याओं का भी समाधान प्रस्तुत करती है। इस महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए स्टेडियम में चार अलग-अलग गेटों के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों के लोगों के लिए अलग-अलग प्रवेश व्यवस्था की गई है। गेट नंबर-01 केवल स्टेडियम के पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए आरक्षित रहेगा, जबकि आम जनता और मीडिया के लिए गेट नंबर-2 निर्धारित किया गया है। अति महत्वपूर्ण अतिथियों (VVIP) और पदाधिकारियों के लिए गेट नंबर-3 का उपयोग होगा, जबकि खिलाड़ियों का प्रवेश गेट नंबर-4 से होगा। यह व्यवस्था इस बात को सुनिश्चित करती है कि खिलाड़ी सीधे ग्रीन रूम तक पहुंच सकें और उनकी एकाग्रता में कोई बाधा न आए।

**राजगीर शहर में ऑप्शनल रास्ते की व्यवस्था**: टूर्नामेंट के दौरान राजगीर शहर में ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने कई ऑप्शनल मार्गों की व्यवस्था की है। पटना और बिहारशरीफ से आने वाले वाहनों के लिए विशेष रूट निर्धारित किए गए हैं। नवादा जाने वाली गाड़ियों को पंडितपुर गुमटी रेलवे क्रॉसिंग से होकर आयुध कारखाना बाईपास के रास्ते जाना होगा। खिलाड़ियों की बसों के लिए हरियाली मोड़ होते हुए महादेवा से नालंदा विश्वविद्यालय के रास्ते स्टेडियम पहुंचने की व्यवस्था की गई है। इस दौरान छबीलापुर मोड़ से हरियाली-महादेवा की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

**सात प्रस्तावित पार्किंग स्थल**: दर्शकों की सुविधा के लिए सात अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इनमें गंगाजल परियोजना कैम्पस, स्टेट गेस्ट हाउस के पास हॉकी मैदान, केरला पब्लिक स्कूल परिसर, आरडीएच स्कूल परिसर, और चक्रपाणि रेसीडेंशियल स्कूल परिसर प्रमुख हैं। नाहुब बाईपास मयार और स्टेडियम गेट नंबर-1 के सामने लेवर कॉलोनी तक भी पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। टूर्नामेंट की सफलता के लिए दस महत्वपूर्ण चौराहों पर यातायात प्रशिक्षित पुलिस बल की तैनाती दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक रहेगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ड्रॉप गेट और पार्किंग स्थल पर भी यातायात पुलिस की व्यवस्था की गई है।

## राजगीर में एशिया कप के लिए मिलेगा मुफ्त टिकट



**नालंदा**। बिहार राज्य में खेल के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर खेल परिसर में आयोजित होने वाले हीरो एशिया कप हॉकी (पुरुष) के लिए बिहार खेल प्राधिकरण ने दर्शकों के लिए एक पहल की है - ये पूरी तरह से निशुल्क टिकट की व्यवस्था है। बिहार खेल प्राधिकरण के निदेशक रविंद्रन शंकरण ने टिकटिंग व्यवस्था की जानकारी देते हुए कहा कि इस बार का आयोजन बिहार के खेल प्रेमियों के लिए एक विशेष उपहार है। आठ टीमों के बीच होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को देखने के लिए किसी भी दर्शक से एक रुपया भी नहीं लिया जाएगा। पिछले साल एशियन हॉकी महिला कप के दौरान टिकटिंग व्यवस्था में आई समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस बार प्राधिकरण ने अपने सॉफ्टवेयर को पूरी तरह से अपग्रेड किया है। निदेशक शंकरण ने बताया कि हमने पिछली बार की चुनौतियों से सीखकर इस बार की व्यवस्था को और भी मजबूत बनाया है।

**डिजिटल टिकटिंग की नई व्यवस्था**: इस बार की टिकटिंग व्यवस्था पूरी तरह से डिजिटल होगी। दर्शकों को 'टिकट जिनी' ऐप के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। यह ऐप स्मार्टफोन, डेस्कटॉप, लैपटॉप या आईपैड किसी भी डिवाइस पर काम करेगा।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**: टिकट में धोखाधड़ी और दुरुपयोग को रोकने के लिए प्राधिकरण ने कई सुरक्षा उपाय अपनाए हैं। इनमें एक व्यक्ति अधिकतम दो टिकट बुक कर सकता है। टिकट का स्क्रीनशॉट लेना असंभव होगा - स्क्रीन ब्लैंक हो जाएगी। QR कोड में लगातार चलने वाला लाल निशान फोटो शेयर करने से रोकेगा। टिकट को फॉरवर्ड करना तकनीकी रूप से असंभव होगा। केवल मूल टिकट धारक ही प्रवेश पा सकेगा इस बार टिकट बुकिंग के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता अनिवार्य की गई है। बिना आधार कार्ड के कोई भी व्यक्ति टिकट नहीं ले सकेगा। यह व्यवस्था पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए की गई है। 26 अगस्त सुबह 8 बजे से टिकट जिनी ऐप पर टिकट बुकिंग शुरू होगी। टिकट दिन के हिसाब से होंगे, मैच के हिसाब से नहीं। यानी किसी एक दिन का टिकट लेकर दर्शक उस दिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होने वाले सभी मैच देख सकेंगे।

**दर्शकों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम**: राजगीर खेल परिसर में दर्शकों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। फूड कोर्ट, पानी के पॉइंट, शौचालय, फैन पार्क और पार्किंग की पूरी व्यवस्था की गई है ताकि दर्शक आराम से पूरा दिन स्टेडियम में बिता सकें।

**राज्य के लिए गर्व का क्षण**: यह टूर्नामेंट बिहार के खेल इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। राज्य सरकार की इस पहल से न केवल हॉकी को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बिहार की खेल संस्कृति भी मजबूत होगी। निदेशक शंकरण का कहना है कि हॉकी का यह पर्व वास्तव में बिहार के लिए गर्व का विषय है।" उन्होंने सभी खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे इस अवसर का भरपूर फायदा उठाएं और राजगीर खेल परिसर में आकर विश्वस्तरीय हॉकी का आनंद लें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### काराकाट पुलिस ने मारपीट कांड के मामले में एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**काराकाट**। काराकाट पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मारपीट कांड के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मोहनपुर निवासी स्वर्गीय राधा भगत का पुत्र अजय भगत है । उन्होंने कहा कि अभियुक्त के विरुद्ध काराकाट थाना में कांड संख्या 295/25 के तहत मारपीट करने का मामला दर्ज था । गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।

### एएसपी ने डालमियानगर थाना का किया निरीक्षण



**डेहरी/डालमियानगर**। डेहरी एसडीपीओ वन अतुलेश झा ने शुक्रवार को डालमियानगर थाना का निरीक्षण करते हुए मासिक अपराध की समीक्षा करते हुए लंबित कांडों को तेजी से निष्पादित करने का निर्देश संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिया। मौके पर उपस्थित थाना अध्यक्ष अजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि लंबित मामलों के निपटारा को लेकर तेजी लाया जाए. गिरफ्तारी और वारंट निष्पादन की स्थिति की भी जांच की गई। नियमित पेट्रोलिंग की जानकारी ली गई.नए कानूनों और प्रविधानों की जानकारी और अधतम किया गया।केस डायरी लेखन की प्रगति, डिजिटल माध्यम से अनुसंधान कार्य की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा की गई। पुलिस पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य थे।


### अनियंत्रित ट्रैक्टर से किशोर कुचलने के मामले में लालबंदर सहित चार गिरफ्तार

**करगहर(रोहतास)**। करगहर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के समीप विगत जुलाई को अनियंत्रित ट्रैक्टर से किशोर को कुचलने के मामले में आरोपी ट्रैक्टर मालिक व चालक सहित चार आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने दी । उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर मालिक व चालक की लापरवाही से किशोर की मौत मामले में परिजनों ने करगहर थाना कांड संख्या 157 / 25 दर्ज कराई थी । जिसमें नोखा थाना क्षेत्र के बिशनपुरा निवासी ट्रैक्टर मालिक जितेंद्र सिंह व उसी गांव का चालक लाल बंदर उर्फ सीताराम को नामजद अभियुक्त बनाया गया था । इस मामले में पुलिस ने छापामारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया । जबकि थाना क्षेत्र के कुडिआरी गांव में विगत जून माह में मारपीट के एक मामले में उसी गांव के दो लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई थी । पुलिस ने छापामारी कर आरोपी गुरु चरण राम और डब्लू राम को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार चारों आरोपियों को न्यायालय भेजने की कारवाई की जा रही है।

### दो प्राथमिकी अभियुक्तों गिरफ्तार गया जेल

**बिक्रमगंज**। स्थानीय थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के मोरौना गांव से दो प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में मोरौना निवासी श्रीनिवास यादव का पुत्र अनिल यादव उर्फ अनिल कुमार सिंह जो बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 230/25 का अभियुक्त है एवं बजरंगी यादव उर्फ बजरंगी सिंह का पुत्र रंजन यादव उर्फ रवि रंजन सिंह जो थाना कांड संख्या 54/23 का अभियुक्त है, शामिल हैं । उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है । कहा कि आवश्यक जांच के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

### बेखौफ चोरों ने किराना की दुकान को बनाया निशाना, हजारों का माल किया पार



**करगहरः (रोहतास)**।पुलिस से बेखौफ चोरों ने करगहर बाजार में थाना के सामने दो सौ पचास मीटर की दुरी पर शुक्रवार की देर रात किराना की दुकान को अपना निशाना बनाया.।अज्ञात चोर किराना की दुकान से हजारों रुपये के काजू, किशमिश ,पीसता बदाम, अखरोट, सहित अन्य समाग्री चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार ने मामले की शिकायत कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। चोर पुलिस से बेखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। दुकानदार सुदीप चौरसिया ने बताया कि सड़क किनारे गुमटी में काजू, किशमिश सहित अन्य समान बेचते हैं जो रात्रि में चोरों ने उसकी दुकान की ताला और लोहे को काट कर दुकान से काजू, किशमिश,अखरोट, पीसता बदाम सहित पांच हजार नगद चोरी किए हैं, जिनकी कीमत नब्बे हजार के लगभग है। वहीं मौजूद लोगों ने बताया कि करगहर बाजार में आये दिन चोरी की घटनाएं घटती है कभी गाड़ी तो कभी दुकान की चोरी होती रहती है।पीड़ित दुकानदार ने मामले की लिखित जानकारी थानाध्यक्ष को लेकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि छानबीन की जा रही है छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।चोरी के इस घटना से दुकानदारों में भय व्याप्त है लोगों का कहना है कि थाना से महज दो सौ मीटर के दुरी पर चोरी की घटना हो जाना काफी निंदनीय है।

### हत्या के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

» नव विवाहिता की मौत के मामले में तीन गिरफ्तार
» हिंदु रीति-रिवाज के 27 मई 2025 को हुई थी शादी

**अकोढ़ी गोला (रोहतास )**। जिले के दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटकी भरकुड़िया गांव में दहेज के लिए नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या करने की मामला वृहस्पतिवार की रात्रि प्रकाश में आया ।मृतका की पहचान 22 वर्षीय प्रियंका कुमारी पति वीरेंद्र कुमार के रूप में हुई। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घर में उपस्थित पति सास और ससुर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका के पिता राम जी राम जब शुक्रवार को आए तो उनकी बेटी का शव दरिहट थाना में मिली, पिता ने बताया कि मेरी बेटी की शादी 27 मई 2025 को हिंदू रीति रिवाज के साथ छोटकी भरकुड़िया निवासी राजेश राम के पुत्र वीरेंद्र कुमार के साथ हुई थी।राम जी राम ने ससुराल वालों पर दहेज मांगने के आरोप लगाते हुए बताया कि गुरुवार कि रात करीब आठ बजे मेरी बेटी प्रियंका अपनी मां से बात कर रही थी उसी समय फोन पर मेरे दामाद का आवाज गाली गलौज करते हुए सुनाई दिया और फोन कट गया। एक घंटा बाद समधीन फोन कर बताया कि आपके बेटी का तबियत ज्यादा खराब है भेंट कर लीजिए। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा ने बताया कि मृतका के पिता राम जी राम ग्राम नाद थाना काराकाट के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध कांड संख्या 60 / 25 धारा 80/(3)5 बी एन एस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया पोस्टमार्टम के उपरांत दाह संस्कार हेतु शव परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा ।वही पुलिस ने पति वीरेंद्र कुमार,सास रीता देवी, ससुर राजेश राम पिता स्वर्गीय राधा राम ग्राम छोटकी भरकुड़िया वार्ड नंबर 6 को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय को सुपुर्द कर दिया।

# डॉ. ओ. पी. आनंद की माता जी की 6वी पुण्यतिथि मनाई गई





निज संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)**। बताते चले कि शनिवार को डॉ. ओ. पी. आनन्द की माता जी स्व. मनोरमा देवी की 6वी पुण्यतिथि उनके आवास पर मनाई गयी। डॉ. आनन्द ने वैदिक मंत्रोचार के साथ माता जी की तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की साथ में उनके पिता डॉ लक्ष्मण सिंह बड़े भाई चन्द्रशेखर आज़ाद, डॉ. आनन्द की धर्मपत्नी चांदनी सिंह और पुरे परिवार ने श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। इस अवसर पर तिलौथू में सामाजिक सेवक सत्यानंद जी के द्वारा संचालित निःशुल्क पाठशाला जो सुबह में वहाँ के गरीब असहाय बच्चो को शिक्षा देने का कार्य करती है, वहाँ डॉ आनन्द अपने मित्रो एवं परिजनों के साथ उपस्थित होकर बच्चों के बिच स्कूल बैग एवं पाठ्यसामग्री तथा चॉकलेट, जूस आदि का वितरण किये, तथा आगे अपने चिकित्सक मित्रों के साथ निःशुल्क कैंप लगाने की बात कही, उपस्थित उनके पिता डॉ लक्ष्मण सिंह और बड़े भाई चन्द्रशेखर आज़ाद ने हर सम्भव संस्था के मदद की बात कही। इस दौरान डॉ आनन्द की धर्मपत्नी चांदनी सिंह ने बच्चों के साथ मनोरंजन करके खूब मस्ती की। मौके पर डॉ. एस. के. निषाद, डॉ. रवि रंजन, डॉ. सी. के. सिंह, कुंदन, शिवम्, वीर आनन्द, श्रृस्टि आनन्द, कृष आदि लोग उपस्थित रहें।

## एक स्थाई वारंटी गिरफ्तार, दूसरे का मृत्यु सत्यापन के बाद मामला समाप्त




निज संवाददाता

**काराकाट**। काराकाट पुलिस ने शनिवार को एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। कुल्हाड़ियां गांव निवासी स्व. गुलाटू रजवार के पुत्र बिगन रजवार को पुलिस ने कुर्की जारी होने के बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि दूसरे स्थाई वारंटी का मामला अमरथा गांव की रहने वाली बैधनाथ साह की पत्नी दौलत कुंवर से जुड़ा था। ग्राम कचहरी से उनकी मृत्यु का सत्यापन होने के बाद यह मामला समाप्त कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है। पुलिस की छापेमारी के दबाव में चार एनबीडब्ल्यू वारंटी न्यायालय में समर्पण कर चुके हैं और जमानत ले चुके हैं। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस गश्त को और तेज कर दिया गया है।

## काराकाट विधानसभा में बूथ कार्यशाला आयोजित,प्रो.डॉ बलिराम मिश्रा ने किया जनसंपर्क

निज संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)** । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रो.डॉ बलिराम मिश्रा ने काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित बूथ कार्यशाला में शामिल होकर कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की । इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का उत्साह और जनसंपर्क की प्रतिबद्धता को प्रो. मिश्रा ने प्रेरणादायक बताया । उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति ही भाजपा की वास्तविक ताकत है और कार्यकर्ता ही विजय की आधारशिला हैं । बूथ कार्यशाला के बाद प्रो. मिश्रा ने काराकाट विधानसभा के विभिन्न गांव जिसमें बहुआरा,बसडीहा, अमौना,सोनवर्षा,डिहरा एवं चौगाई का दौरा किया और वहां जनता- जनार्दन से सीधा संवाद स्थापित किया । जनसम्पर्क के दौरान ग्रामीणों ने पार्टी पर भरोसा जताते हुए कहा कि भाजपा ही क्षेत्र के विकास और सशक्त नेतृत्व की गारंटी है ।

## जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा लोक शिकायत निवारण अंतर्गत प्राप्त द्वितीय अपील आवेदनों पर सुनवाई के दौरान आठ मामलों का किया गया निस्तारण

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। शनिवार को लोक शिकायत निवारण अन्तर्गत प्राप्त 19 अपील आवेदनों पर पर जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार के रूप में उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सासाराम, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता सासाराम, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल सासाराम, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल सासाराम उपस्थित रहे। परन्तु, आठ अपीलार्थी सुनवाई के क्रम में उपस्थित नहीं हुए। लोक प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान लाछो देवी, आरती देवी, श्रीपति बिन्द, सोनु कुमार, राम चन्द्र सिंह, रवि कुमार, मालती देवी, रोहन कुमार के शिकायतों का निराकरण करते हुये निष्पादित किया गया। शेष मामले में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें। साथ हीं लोक प्राधिकार को परिवादों के निस्तारण हेतु कई निर्देश भी दिये गये।

## आधार कार्ड व जन्म ,मृत्यु प्रमाण पत्रों के लिए चक्कर लगा रहे हैं ग्रामीण



निज संवाददाता

**करगहर (रोहतास)** । प्रखंड कार्यालय से जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र व आधार कार्ड निर्गत नहीं होने के कारण ग्रामीण विगत 6 माह से चक्कर लगा रह हैं । लेकिन उन्हें उक्त प्रमाण निर्गत नहीं किया गया । जिसे उनके सामने समस्या उत्पन्न हो गई है । भगवलिया निवासी सोनू कुमार और सोनाड़ीह निवासी राहुल कुमार ने बताया कि विगत छह माह पूर्व जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक कागजात जमा किया है । कुछ दिनों तक कर्मियों द्वारा बताया गया कि सरकारी वेवसाइट में गड़बड़ी होने करण सुधार किया जा रहा है । सुधार होते ही प्रमाण पत्र निर्गत होने लगेगा । तीन चार माह गुजर गए लेकिन वेवसाइट ठीक नहीं हुआ । सैकड़ो लोग उक्त प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रखंड कार्यालय पहुंच रहे हैं । उन्होंने बताया कि अगर एक सप्ताह के अंदर उन्हें उक्त प्रमाण पत्रों को निर्गत नहीं किया गया तो कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे । बीडीओ अजीत कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि प्रति प्रमाण पत्र के लिए एक सौ रुपए जमा कराए जाएंगे । लेकिन इस बात का संशय बना है कि राशि प्राप्ति रसीद जिला कार्यालय से उपलब्ध होगा या प्रखंड कार्यालय से।इसके लिए निर्देशन मांगी गई है।

## अवैध बालू पर नकेल कसते हुए पुलिस ने छापेमारी कर तीन ट्रैक्टर को किया जब्त




निज संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास)** । कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध बालू पर नकेल कसते हुए पुलिस ने छापेमारी कर तीन ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है । इसमें दो ट्रैक्टर सरैया गांव से तथा एक ट्रैक्टर बीतन टोला सोन नदी जाने वाली सड़क के समीप से पकड़ा गया । सभी ट्रैक्टरों में अवैध बालू लदा हुआ था । इस छापेमारी अभियान में कछवां पुलिस के साथ नासरीगंज अंचल निरीक्षक कुणाल कृष्ण,रोहतास खनन निरीक्षक अमित राज एवं पुलिस बल शामिल रहे । थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है । जब्त ट्रैक्टरों को पुलिस की निगरानी में रखा गया है । थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध बालू खनन एवं परिवहन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा । पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त कर ऐसे धंधेबाजों पर कड़ी कार्रवाई करेगी ।

## नाती ने वृद्ध नानी की हत्या का लगाया आरोप , पुत्रियों ने कहा हुई है स्वाभाविक निधन



निज संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। करगहर थाना क्षेत्र के तिलकापुर गांव में शुक्रवार की देर शाम 90वर्षीया वृद्ध की हुई स्वाभाविक निधन को उसके प्रपौत्र ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से पोस्टमार्टम कराने की मांग की । इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने दी।उन्होंने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस को स्थल पर मौजूद मुखिया , सरपंच , वृद्ध की दो पुत्रियों तथा ग्रामीणों ने वृद्ध की स्वाभाविक निधन की पुष्टि की।वृद्ध की दो पुत्रियों ने बताया कि तिलकापुर निवासी स्वर्गीय अकलू सिंह की पत्नी चंद्रावती कुंवर की चार पुत्रियां हैं। जिसमें बड़ी बेटी कमला कुंवर है। जिसकी शादी घोरडीहां निवासी पारस सिंह के साथ हुई थी । चार बहनों में एक का निधन हो चुका है।दो बहनें मां की सेवा के लिए विगत दो माह से तिलकापुर गांव में हैं । बड़ी बहन कमला कुंवर ने बंटवारा के लिए न्यायालय में मुकदमा दायर किया है।जमीन विवाद को लेकर कमला कुंवर के पुत्र बैजनाथ सिंह ने नानी की हत्या का आरोप लगाते हुए चेचेरा मामा को नामजद अभियुक्त बनाने तथा पोस्टमार्टम कराने की मांग कर रहा था । थानाध्यक्ष ने बताया कि दाह संस्कार वृद्ध की दो पुत्रियों तथा ग्रामीणों के लिखित बयान पर दी गई है।

## "हरितालिका" तीज व्रत माता पार्वती के कठिन तप की याद दिलाता है : आचार्य हरिशरण दुबे

निज संवाददाता



**बिक्रमगंज**। अनुमंडल क्षेत्र में इस बार 26 अगस्त को हरितालिका तीज का पर्व आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा पेश करेगा । नगर से लेकर गांव तक महिलाओं में इस व्रत को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है । घर-घर में तैयारियां जोरों पर हैं, बाजारों में रौनक है और माहौल पूरी तरह तीजमय बन चुका है । नगर परिषद वार्ड संख्या 21 धारुपुर निवासी आचार्य हरिशरण दुबे ने बताया कि "हरितालिका" तीज व्रत माता पार्वती के कठिन तप की याद दिलाता है । इसी दिन माता ने भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए निर्जला व्रत रखा था । तभी से यह परंपरा चली आ रही है । सुहागिन और अविवाहित महिलाएं इस व्रत को करके अखंड सौभाग्य,दांपत्य सुख और परिवार की मंगलकामना करती हैं । यह पर्व नारी शक्ति की आस्था, समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक है ।व्रतियों में ललिता देवी,फूलवंती देवी, नंदा देवी,लीला देवी,पम्मी दुबे,बंदना पांडेय,पूजा देवी,सरिता देवी,रुचि कुमारी,दीपिका पांडेय,सुषमा पांडेय, दीपा दुबे समेत अन्य महिलाओं ने कहा कि तीज का पर्व हमें शक्ति, विश्वास और प्रेम की प्रेरणा देता है । इस दिन हम सभी निर्जला उपवास रखकर माता पार्वती और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करेंगे तथा दांपत्य जीवन में प्रेम और सौभाग्य की कामना करेंगे । सुहागिन महिलाओं का कहना है कि तीज का यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकजुटता को भी मजबूती देता है । इस अवसर पर महिलाएं पारंपरिक गीत-भजन गाकर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर करेंगी । 26 अगस्त को बिक्रमगंज में तीज का पर्व केवल उपवास का दिन नहीं रहेगा,बल्कि यह महिलाओं की आस्था,भक्ति और संस्कृति का ऐसा उत्सव बनेगा,जो लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ देगा ।

# दिव्यांगजन आपदा सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

निज संवाददाता





**रोहतास**। प्रखंड स्थानीय अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र डेहरी रोहतास में अनुमंडल क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग जनों के लिए शुक्रवार को आपदा से बचाव पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बताया गया कि सरकार के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है कि यह कार्यक्रम 31 मार्च 2026 का चलेगा। अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र डेहरी रोहतास के केंद्र प्रबंधक यशवंत कुमार ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरा शुक्रवार और चौथा शुक्रवार को 31 मार्च तक नियमित रूप से बुनियाद केंद्र तथा पंचायत स्तर पर बुनियाद केंद्र के प्रशिक्षित कर्मियों तथा विभिन्न आपदा बचाव दल के द्वारा दिव्यंगजनों को आपदा में बचाव और राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांजनों के हित में चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिससे ज्यादा ज्यादा लोग लाभान्वित हो सके। जानकारी हो कि यह बुनियाद केंद्र में डेहरी अनुमंडल के सभी गांव के दिव्यांगजन को पहुंचने की अपील किया गया। कार्यक्रम का संचालन केंद्र प्रबंधक यशवंत कुमार ने किया। वही प्रशिक्षुओं के द्वारा बताया गया कि आज के दौर में आपदा में बचने के लिए आपको तैयार रहना है। कार्यक्रम के दौरान बाढ़ में डूबने से बचाव, भूकंप में बचाओ, शीतलहर, चक्रवर्ती तूफान, बज्रपात, ओलावृष्टि, अग्नि सुरक्षा, सर्पदंश एवं सड़क दुर्घटना आदि पर चर्चा की गई। और इन आपदाओं पर बचाव के गुर सिखाएं गए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूली बच्चों को मॉकड्रिल करमार दी गई जानकारी

**अररिया।** फारबिसगंज के तिरसकुंड पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में सुरक्षित शनिवार का विषय नाव से दुर्घटना एवम पानी में डूबने से बचाव की जानकारी को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान शिक्षक मिथलेश कुमार सिंह ने किया।वहीं पूर्व प्रधानाध्यापक कुमार राजीव रंजन ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर हो रहे जूम मीटिंग के माध्यम से बच्चों को अंतरिक्ष की जानकारी साझा किया। फोकल शिक्षक संजीत कुमार निगम ने विस्तार से नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव की जानकारी दिए मॉकड्रिल करवाए और उन्होंने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु मिश्रा का परिचय देते हुए बताए कि हमारे देश लिए गौरव की बात है स्पेस स्टेशन पर पहुंचने वाले वे पहले भारतीए हैं ।

### भागलपुर में सड़ी गली अवस्था में महिला का शव मिला

**भागलपुर।** भागलपुर में सड़ी गली अवस्था में एक महिला का शव मिला है। पिछले 5 दिनों से लापता थी। मृतका की पहचान मोहम्मद इशार की पत्नी बीबी रोकेय्या(22) के तौर पर हुई है। शव अर्धनग्न हालत में था। दोनों हाथ दुपट्टा से बंधा था। शरीर पूरी तरह से गल चुका था। शुक्रवार को देर शाम आसपास के बच्चे कब्रिस्तान के पास क्रिकेट खेल रहे थे। इस बीच गेंद झाड़ियों में चला गया। गेंद खोजते हुए जब बच्चे वहां पहुंचे तो तेज बदबू आ रही थी। करीब जाकर देखा तो एक शव पड़ा था। जिसके बाद बच्चों ने अपने घरवालों को जानकारी दी। परिजनों ने दुपट्टे और कपड़ों से उसकी पहचान की।

**एक लाख रुपए की डिमांड कर रहे थेः** मृतका के पिता मो. असगर ने बताया कि बेटी सोमवार दोपहर से ही लापता थी। थाने में इसकी सूचना नहीं दी गई थी, वे रिश्तेदारों के यहां तलाश कर रहे थे। ससुराल वाले घर बनाने के लिए एक लाख रुपए की मांग कर रहे थे। हमलोग 70 हजार रुपए देने को तैयार थे, लेकिन ससुराल पक्ष एक लाख से कम लेने को तैयार नहीं थे। शादी के कुछ दिन बाद से ही बेटी को प्रताड़ित करने लगे। दामाद मो. इशार हैदराबाद में रहकर मजदूरी करता है। घर में केवल उसकी मां रहती थी। घटना की जानकारी पति को भी दे दी गई है।

**जांच में जुटी पुलिसः** मामले की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मधुसूदनपुर थानाध्यक्ष सफदर अली ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजन ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। बयान के आधार पर छानबीन की जा रही है।

### राणी सती दादी मंदिर में मना डांडिया मेंहदी व चुनरी उत्सव, आरती भी हुई

**भागलपुर।** चुनिहारी टोला स्थित राणी सती मंदिर में शुक्रवार से दो दिवसीय भादो अमावस्या उत्सव मेला शुरू हो गया। उत्सव के पहले दिन, दादी जी का फूलों और अन्य पूजन सामग्री से भव्य श्रृंगार किया गया। सुबह 11 बजे, मध्य प्रदेश की शिखा मोदी अग्रवाल और टाटानगर के हरजीत सिंह हीरा ने मंगलपाठ किया। दोनों कलाकारों ने दादी जी के जीवन पर आधारित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे वहां मौजूद श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। इस दौरान भक्तों के बीच प्रसाद भी बांटा गया। महिला भक्तों ने बड़े ही उत्साह के साथ डांडिया, गजरा, मेंहदी और चुनरी उत्सव मनाया। शाम में, महिलाओं ने सामूहिक रूप से दादी जी की आरती कर छप्पन भोग चढ़ाया और अपने सुहाग व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। देर रात 12.30 बजे कपूर महाआरती के साथ दिन का समापन हुआ। भादो अमावस्या उत्सव के पहले दिन समिति ने महिलाओं के बीच सुहाग सामग्री, मिठाइयां और टॉफियां बांटीं। दादीजी सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल खेतान ने बताया कि पहले दिन मंदिर में पूजा-अर्चना और भजन सुनने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। देर शाम तक श्रद्धालु भजनों का आनंद लेते रहे। उन्होंने बताया कि शनिवार को महाभिषेक, जात-पूजा, मंगला आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में महामंत्री ओमप्रकाश कानोडिया, अरुण लाठ, नरेश खेमका, निगम खेमका, पवन कुमार खेतड़ीवाल, पंकज जालान, शिव कुमार अग्रवाल, दीपक नवलगड़िया, मनोज चूड़ीवाला, नीमा खेतान और सीमा अग्रवाल समेत कई सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### रजिस्ट्रार की संपत्ति आय से 1.43 करोड़ रुपए अधिक

**भागलपुर।** रजिस्ट्री कार्यालय में तैनात रजिस्ट्रार (जिला अवर निबंधक) विनय सौरभ के फ्लैट और कार्यालय में ईओयू ने शुक्रवार को छापेमारी की। इसमें 188% आय से अधिक संपत्ति का पता चला है। करीब 1 करोड़ 43 लाख 78 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति का खुलासा हुआ है। मौके से सिर्फ 2.5 लाख रुपए ही कैश मिले हैं। राज्य के अलावा पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में भी शहरी क्षेत्र में सात जमीन के प्लॉट और एक दुकान लिए हैं। पटना में एक भूखंड व एक फ्लैट है। भागलपुर के अलावा पूर्णिया बाईपास स्थित पैनोरमा सिटी वाले आवास, पटना, सासाराम शहर एवं सनुआर शिव सागर स्थित पैतृक आवास में भी छापेमारी की गयी है। वहीं एक टीम को रजिस्ट्री कार्यालय भी जांच में भेजा गया। कैश 15 हजार रुपए रजिस्ट्रार के यहां मिला था, इसमें उन्होंने बताया कि बैंक से खर्च के लिए निकाले थे तो वह राशि उन्हें लौटा दिया गया। शाम चार बजे छापेमारी बंद हुई। इधर रजिस्ट्री कार्यालय से भी कुछ कर्मचारियों का रजिस्ट्रार के आवास पर सीजर लिस्ट बनाने में सहयोग के लिए बुलाया गया था। उन लोगों का भी मोबाइल नंबर बंद करवा दिया गया था।

### एनएच-31 पर नारायणपुर के बीरबन्ना चौक के पास अलसुबह दुर्घटना हुई

**नारायणपुर।** सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में शराब लदा चारपहिया वाहन पलट गया। इस हादसे में चालक की मौत हो गई। हादसा एनएच-31 पर नारायणपुर के बीरबन्ना चौक के पास शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे की है। स्थानीय लोगों ने सुबह 8 बजे घटना की सूचना भवानीपुर थाने की पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस टीम पहुंची और वाहन की तलाशी ली तो 86 लीटर विदेशी शराब मिली। पास ही गड्ढे में चालक का शव उपला रहा था। गोताखोरों की मदद से पुलिस ने चालक को पानी से बाहर निकलवाया। फिर उसे नारायणपुर सीएचसी ले गई।

# सड़क पर जल जमाव से गंदे पानी से होकर स्कूल जाने को विवश बच्चे

**निज संवाददाता। अररिया**



फारबिसगंज के धत्ता टोला कोढ़ेली में सड़क पर शहर के गंदे जल के जमाव से अगल बगल में रहने वाले लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।बरसात के कारण सड़कों पर जलजमाव से आम जनजीवन काफी प्रभावित हो गया है।सबसे अधिक दिक्कतों का सामना स्कूल के छोटे छोटे नौनिहालों को उठाना पड़ता है। इलाके में कई निजी विद्यालय हैं।जिनमें जीनियस एकेडमी मुख्य जल जमाव वाले क्षेत्र में है।फलस्वरूप स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन स्कूल जाने और स्कूल से वापस घर लौटने के लिए जल जमाव वाले सड़क से होकर गुजरना पड़ता है।बच्चे गंदे जल जमाव को किसी तरह अपनी मंजिल तक पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण यह समस्या हर साल सामने आती है। अभिभावकों ने भी चिंता जताते हुए कहा कि इस तरह के हालात बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों के लिए खतरनाक हैं।वहीं निजी स्कूल जीनियस एकेडमी के प्रबंधक नौशाद अंसारी ने कहा कि बच्चों को इस तरह जलजमाव से होकर विद्यालय आना-जाना पड़ता है, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।कई बार प्रशासन से गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए। बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा को देखते हुए तुरंत जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाले की सफाई और पक्की जल निकासी की व्यवस्था की मांग की है, ताकि मासूम बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई न झेलनी पड़े।

## मुंगेर में भादवा महोत्सव का आगाज



**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुंगेर के रानी सती दादी मंदिर में श्री राणी सती सेवा समिति के देखरेख में तीन दिवसीय भादवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मारवाड़ी समाज के सैकड़ों श्रद्धालु इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं। पहले दिन बड़ा महावीर स्थान स्थित श्री राणी सती मंदिर में श्रद्धालुओं ने 1008 जावा पुष्पों से दादी जी का अभिषेक किया। कोलकाता से आए कलाकार नीरज अग्रवाल और सुश्री सोनी अरोड़ा ने संध्या आरती और भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी। मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने भक्तिमय माहौल में मेंहदी, हल्दी, गजरा और चूड़ा महोत्सव मनाया। समिति के अध्यक्ष राज कुमार खेमका के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में योगदान दिया। इनमें सचिव राजेश चमरिया, उमेश राजगढ़िया, दिलीप सर्राफ समेत कई प्रमुख सदस्य शामिल रहे।

**लाल साड़ी पहनकर महिलाएं हुई शामिलः** सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने गणेश वंदना से शुरुआत की। भजनों की प्रस्तुति के बाद आरती से पहला दिन संपन्न हुआ। दूसरे दिन सुबह पूजा-अर्चना हुई। शाम को मंगल पाठ में मारवाड़ी समाज की महिलाएं लाल साड़ी, लाल चुनरी और लाल चूड़ी पहनकर शामिल होंगी। तीसरे दिन पूजा-अर्चना के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर 4 घंटे तक रहा जाम

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर में विक्रमशिला सेतु पर शनिवार सुबह भीषण जाम लग गया। दोनों लेन में 4 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। 5 मिनट का सफर तय करने में एक घंटे से ज्यादा का समय लगा। स्थिति इतनी खराब थी कि बाइक सवार को भी निकलने का रास्ता नहीं मिला। 4 घंटे की मशक्कत के बाद प्रशासन ने जाम खुलवाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी थी। पुल से गुजर रहे ट्रकों और बसों को रोक देने से सेतु पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। धीरे-धीरे हालात इतनी बिगड़ गई कि जाम किलोमीटर लंबी हो गई।

**हर बार परेशानी झेलनी पड़ती हैः** जाम में फंसे यात्री बमबम प्रीत ने बताया कि गर्मी और उमस के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की हालत खराब हो गई। वाहन चालक भी बेबस होकर सड़क किनारे बैठे रहे। हर बार किसी बड़े आयोजन या वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान प्रशासन बिना ठोस तैयारी के यातायात को रोक देता है। जिससे आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। इस बार भी वैसा ही किया। जाम हटाने के लिए पुलिस और ट्रैफिक विभाग की टीम मौके पर पहुंची। विक्रमशिला सेतु भागलपुर और नवगछिया के बीच सबसे अहम कड़ी है। रोजाना हजारों की संख्या में लोग इस पुल से गुजरते हैं।

# प्रयुषण महापर्व का चौथा दिन वाणी संयम दिवस के रूप में मना

**निज संवाददाता। अररिया**



फारबिसगंज तेरापंथ भवन में आयोजित पर्युषण महापर्व का चौथा दिन शनिवार को वाणी संयम दिवस के रूप में मनाया गया।वाणी संयम दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल की बहनों के द्वारा पर्युषण पर्व के वाणी संयम दिवस पर आधारित गीतिका से की गई। मौके पर मुख्य उपासक सुशील बाफना ने कहा कि जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर अपनी साधना काल के बारह वर्षों में प्रायः मौन ही रहे। कैवल्य प्राप्त होने के बाद ही भगवान महावीर स्वामी ने प्रवचन देने आरंभ किए थे। भगवान महावीर ने मौन को अनिवार्य मानते हुए तप का स्थान दिया है।उन्होंने बताया कि आज दुनिया में सबसे ज्यादा समस्याएं इस वाणी के कारण ही हो रही है। जो काम करके नहीं बिगड़ता है वह काम बोलने मात्र से बिगड़ जाता है। शिष्ट समाज को जानने का सबसे बड़ा साधन है-बोलने की कला एवं उसका विवेक। इसके साथ ही मुख्य उपासक ने बताया कि हमें दो अवसरों पर बिल्कुल नहीं बोलना चाहिए एक भोजन के समय और दूसरा आवेश के क्षणों में। मौन वह है जिसमें ना इशारा हो, ना संकेत हो और ना ही हुंकार हो। सुमेरमल बैद ने धर्म सभा को प्रेरणा देते हुए कहा कि हमें बोलते समय चार महत्वपूर्ण सूत्रों का ध्यान रखना चाहिए मितभाषिता,सत्यभाषिता,मधुरभाषिता एवं समीक्षाभाषिता का ध्यान रखना जरूरी है। प्रत्येक प्राणी के शरीर में मन,वचन और काया की तीन शक्तियों निहित होती है।वाणी में विष और अमृत दोनों होते हैं। मधुर हितकर और सत्य वाणी अमृत के समान होती है।जहाँ साधना का सूत्र वाक संयम है वही संपर्क का सूत्र भाषा का संयम है। मौके पर उपासक द्वय की उपस्थिति में महिला मंडल एवं कन्या मंडल की बैठक भी रखी गई।जिसमें महिलाओं को तत्वज्ञान एवं अन्य संघीय कार्यक्रम की जानकारी दी गई। वहीं कन्या मंडल की बैठक में स्पिरिचुअल एनहेंस प्रोग्राम की जानकारी दी गई।

## वंदे भारत ट्रेन का जोगबनी से परिचालन को लेकर भारत नेपाल रेल यात्री सहजीकरण समिति की बैठक

**निज संवाददाता। अररिया**



वंदे भारत एक्सप्रेस का जोगबनी से संचालन न होकर पूर्णिया से संचालन किए जाने के निर्णय को लेकर नेपाल के विराटनगर में रेल यात्री सहजीकरण समिति की बैठक शनिवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रमुख सलाहकार महेश साह स्वर्णकार ने किया। बैठक में समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय रेल यात्रा के लिए एक विशिष्ट पहचान बन चुकी है लेकिन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को जोगबनी से न चलाकर पूर्णिया से संचालन किए जाने के कारण भारत नेपाल के हजारों रेल यात्री के उम्मीदों पर उस समय पानी फिर गया, जब बिहार के लिए घोषित रेल परियोजनाओं में पटना से सहरसा के रास्ते पूर्णिया तक के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जाने की घोषणा की। इस घोषणा से सीमांचल सहित नेपाल के यात्रियों की अनदेखी होने की बात कही।बैठक में जोगबनी से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन परिचालन की मांग को लेकर रेलमंत्री से पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। समिति के सचिव विकाश मंडल ने कहा कि यह ट्रेन पटना से खगड़िया ,सहरसा, मधेपुरा, बनमनखी के रास्ते पूर्णिया तक आएगी।पूर्णिया से जोगबनी की दूरी महज 80 किलोमीटर है, यदि इस ट्रेन का विस्तार जोगबनी तक किया जाता है तो पूरे अररिया जिला ही नहीं सीमावर्ती नेपाल के हजारों रेल यात्री लाभान्वित होंगे और ट्रेन की उपयोगिता भी शत प्रतिशत होने की गारंटी रहेगी। समिति की सदस्य विनीता सिंह ने कहा कि भारत सरकार के रेल मंत्रालय पर पूरा दबाव बनाने के लिए सीमा पर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाना चाहिए, जिसे रेल मंत्री भारत सरकार को भेजा जाएगा।जोगबनी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के अभाव को लेकर भी रेल मंत्री को अवगत कराने की सहमति बनी। बैठक में समिति के सचिव विकाश मंडल,संतोष साह,मीना विश्वास, किरण राय,राजू भगत सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

## वोटर अधिकार यात्रा को लेकर कांग्रेस पर्यवेक्षक का जनसंपर्क अभियान

**निज संवाददाता। अररिया**

लोकसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद के वोटर अधिकार यात्रा को लेकर महागठबंधन के दलों के नेता लगातार जिले में जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं।इसी कड़ी में कांग्रेस के पर्यवेक्षक एवं अररिया जिला वोटर अधिकार यात्रा के प्रभारी नदीम जावेद ने शनिवार को फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क किया।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

नाम–(1) मनोहर गंझु उर्फ उर्फ दिनेश गंझु उर्फ किशमिश, पिता–बृहस्पति गंझु उर्फ बिलासपति गंझु, पता–बसिया, टोला–टेमराबार, थाना–बालुमाथ, जिला–लातेहार, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप बड़गड़ थाना कांड सं0–10/2025, दिनांक–07.04.2025 धारा–109, 324(6), 62, 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं 25(1–बी)ए, 25(6), 26, 35, आर्म्स एक्ट, 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा दिनांक–29.07.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–19.08.2025 को आपके घर पर स्थानीय बालुमाथ थाना के सहयोग से उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–08.09.2025 तक माननीय न्यायालय, में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–08.09.2025 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 360246 (Police) 25-26 (D)

## जर्जर भवन और संसाधनों की कमी के बीच पठन-पाठन को विवश बच्चे

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर प्रखंड के बरारीपुर मास्कन मध्य विद्यालय का भवन बेहद जर्जर हो चुका है। भवन इस हालत में पहुंच गया है कि किसी भी वक्त उसके ढहने का खतरा बना हुआ है। छत से लगातार पानी टपकता है, दीवारों में सीलन और गहरी दरारें पड़ चुकी हैं। कई जगह मलवा टूटकर गिर रहा है और कमरों की हालत भूतिया हवेली जैसी प्रतीत होती है। पंखा-लाइट तक चोरी हो जाते हैं। विद्यालय में न तो पंखे हैं और न ही प्रकाश की उचित व्यवस्था। जो भी विद्युत व्यवस्था लगाई जाती है, वह चोरी की भेंट चढ़ जाती है। यहां तक कि चोर तार तक उखाड़ ले जाते हैं। विद्यालय परिसर में खिड़की और दरवाजे तक नहीं बचे हैं। बाउंड्री वॉल पार करके असामाजिक तत्व और नशाखोर स्कूल में घुस जाते हैं और यहां नशा करते हैं। इस कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल 141 बच्चों का नामांकन है। जिसमें औसतन 100 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहते हैं। मगर इतनी बड़ी संख्या के बच्चों के लिए शिक्षकों की भारी कमी है। विद्यालय में कुल तीन शिक्षक पदस्थापित हैं, जिनमें से एक महिला शिक्षिका निलंबित हैं।

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**
**मछली पालन एवं सम्बद्ध विकास कार्यों हेतु मत्स्य कृषकों, उद्यमियों/स्टार्ट अप्स करने वालों के लिए सुनहरा अवसर**

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1454 दिनांक 21.08.2025 के आलोक में एतद् द्वारा गढ़वा जिले के मत्स्य कृषकों, मत्स्य सहकारी फेडरेशन, सहकारी समितियों, मत्स्य कृषक के सामूहिक समूहों पंचायती राज संस्थाओं, SHGs,NGOs,SCc/STs/सीमांत कृषकों/महिलाओं/निजी कंपनी/व्यवसायियों को सूचित किया जाता है कि मत्स्य पालन एवं संबद्ध विभिन्न विकास कार्यो का स्टार्ट अप्स करने वालों के लिए भारत सरकार द्वारा Fisheries and Aquaculture Infrastructure Development Fund (FIDF) के तहत निजी क्षेत्र में निम्न कार्यो हेतु ऋण उपलब्ध कराने की योजना है। इस योजना के लिए गढ़वा जिले को भौतिक लक्ष्य –05 एवं वित्तीय लक्ष्य 10 करोड़ का अनुमानित लक्ष्य प्राप्त है।

| क्र0सं0 | योजना | क्र0सं0 | योजना |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | आईस प्लांट्स | 7 | मछली परिवहन |
| 2 | कोल्ड स्टोरेज | 8 | फिष फीड प्लान्ट्स |
| 3 | ब्रुड बैंक | 9 | फिष लैडिंग सेन्टर |
| 4 | केज कल्चर | 10 | मत्स्य प्रसंस्करण इकाईयों |
| 5 | मोती पालन | 11 | फिष नेट निर्माण हेतु प्लांट |
| 6 | हैचरी अधिष्ठान | 12 | अन्य नई/Innovative परियोजनाएँ |

ऋण का प्रतिशत् एवं अवधि :–

- सभी परियोजना प्रस्तावों के लिए कुल परियोजना लागत का 80 प्रतिशत् तक का ऋण एवं 20 प्रतिशत् लाभुक अंशदान।
- ऋण की वापसी हेतु अधिकतम 12 वर्ष का समय जिसमें मूलधन पुनर्भुगतान पर 02 वर्षों का Moratorim Period
- आधारभूत संरचना विकास के प्रस्तावों पर 03 प्रतिशत् वार्षिक दर से Intrest Subvention

भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के आलोक में इच्छुक आवेदक विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (DPR) जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में जमा कर सकते हैं। योजना अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य, विस्तृत विवरणी, इकाई लागत तथा योजना हेतु अन्य माप–दण्डो की विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा अथवा भारत सरकार के वेबसाईट WWW.fidf.in पर जाकर प्राप्त कर सकते है। जिसपर Online Apply करने का भी सुविधा उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 360228 Fish(25-26)D

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/11 दिनांक- 23.08.2025

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2025**

**Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/08 एवं 2025/09 दिनांक- 16.07.2025 तथा 2025/10 दिनांक- 16.08.2025 के क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता परीक्षा (ITICAT)-2025 की परीक्षा में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.08.2025 को प्रकाशित Round-2 Seat Allotment Result अपरिहार्य तकनीकि कारणों से विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2025/10 दिनांक- 16.08.2025 द्वारा रद्द किया गया था। उक्त विज्ञापन के आलोक में बिहार राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न ITI Trade की रिक्त सीटों पर की जाने वाली **Online 2nd round Counselling** हेतु **Round-2 Seat Allotment Result** तथा **संबंधित अन्य कार्यक्रम की तिथि निम्नवत् पुनर्निर्धारित किया जाता है;**

| क्र. | कार्यक्रम | पूर्व निर्धारित तिथि | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| i. | **2nd Round provisional seat allotment Result publication date** | **14.08.2024** | **25.08.2025** |
| ii. | Downloading of Allotment order (2nd Round) | 14.08.2024 to 19.08.2024 | 25.08.2025 to 29.08.2025 |
| iii. | Document Verification and Admission (2nd Round) | **17.08.2024 to 19.08.2024** | **27.08.2025 to 29.08.2025** |

(2) Online 2nd Round Counselling उपरांत रिक्त रह गई सीटों पर आयोजित की जाने वाली Mop-up Counselling हेतु विस्तृत जानकारी विज्ञापन के माध्यम से यथासमय उपलब्ध करा दी जायेगी। अभ्यर्थी पर्षद के वेबसाईट के सम्पर्क में रहें।

(3) पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/08 दिनांक- 16.07.2025 की अन्य शर्ते / नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# पटना में 'नमस्ते योजना' पर विशेष कार्यक्रम, स्वच्छता कर्मियों को मिला सम्मान

निज संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना के श्रीकृष्ण स्मारक भवन, गांधी मैदान रोड स्थित कारगिल चौक परिसर में शनिवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से एक विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ''राष्ट्रीय मशीनीकृत स्वच्छता इकोसिस्टम कार्य योजना – नमस्ते'' पर केंद्रित था। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना केवल सरकारी कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन स्वच्छता कर्मियों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने का एक ठोस प्रयास है, जो समाज के सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्यों को अंजाम देते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक स्वागत के साथ हुई और इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने





स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया। इस दौरान सेप्टिक टैंक और सीवर की सफाई से जुड़े श्रमिकों को पीपीई किट और आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। पटना नगर आयुक्त को भी सुरक्षा किट सौंपी गई। स्वच्छता कर्मियों और कचरा बिनने वालों के लिए सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए, ताकि वे अपने काम को सुरक्षित ढंग से कर सकें। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा था ''फैशन शो'', जिसमें स्वच्छता कार्यों में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के पीपीई किट प्रदर्शित किए गए। मॉडल्स और प्रतिभागियों ने इन सुरक्षा परिधानों को पहनकर रैंप वॉक किया और इसकी महत्ता को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। दर्शकों ने इस अनोखे प्रयोग की खूब सराहना की। मंत्री ने इसे बेहद सार्थक पहल बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल सुरक्षा उपकरणों के महत्व को समझाया जा सकता है, बल्कि समाज में जागरूकता भी फैलाई जा सकती है। केंद्रीय मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अब तक पूरे देश में लगभग 89,960 सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों की प्रोफाइलिंग की जा चुकी है। इनमें से हजारों को सुरक्षा उपकरण और आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। सिर्फ पटना जिले में ही 604 श्रमिकों की पहचान की गई है जबकि पूरे बिहार में यह संख्या 3,529 तक पहुंच चुकी है। इन सभी को चरणबद्ध तरीके से योजना का लाभ दिया जा रहा है। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने इस मौके पर कहा कि ''नमस्ते योजना का उद्देश्य केवल उपकरण उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि स्वच्छता कार्य में लगे श्रमिकों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यह प्रयास उनकी सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने का भी है।'' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी और आम नागरिक शामिल हुए। उन्होंने इस पहल को सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक अहम कदम बताया। स्थानीय लोगों ने भी माना कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल स्वच्छता कर्मियों की समस्याओं पर ध्यान जाएगा, बल्कि समाज में उनके प्रति सम्मान की भावना भी मजबूत होगी। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण उत्साहपूर्ण रहा। स्मारक भवन में बैठे हर व्यक्ति ने महसूस किया कि यह योजना स्वच्छता के क्षेत्र में काम करने वाले उन हजारों गुमनाम योद्धाओं को पहचान और सुरक्षा देने की दिशा में एक ठोस कदम है।

## संक्षिप्त समाचार

### होटल के कमरे में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, दो दोस्तों से पुलिस पूछताछ

**पटना।** पटना के एग्जीबिशन रोड स्थित डे पिंटू होटल के कमरे में शनिवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान बेतिया के कालीबाग निवासी शारिक तारीक के रूप में हुई है। शारिक पटना में रहकर ब्लिंकिट कंपनी में नौकरी करता था। घटना गांधी मैदान थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को शारिक के दो दोस्त मोहम्मद यूसुफ और मोहम्मद अकबर बेतिया से पटना आए थे और शारिक ने उन्हें होटल में ठहराया। शारिक खुद भी रात में दोस्तों के साथ होटल में रुका था। होटल के मालिक शांतनु घोष ने बताया कि कमरा नंबर 206 में तीनों युवक ठहरे थे। शारिक देर रात बारिश में भीगकर आया था। सुबह के समय शारिक के दोस्तों ने होटल कर्मचारियों को उसकी तबीयत खराब होने की सूचना दी, कुछ देर बाद उन्होंने शारिक की मौत की जानकारी दी। मृतक के पिता ने बताया कि बेटे को नशेड़ियों से दूर रखने के लिए उसे यहां लाया गया था। मामले की सूचना पुलिस को होटल मैनेजर ने दी। पुलिस ने FSL टीम को बुलाकर जांच शुरू की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि मृतक बिट्टू उर्फ तारिक सुल्तानगंज इलाके का रहने वाला था। परिजन की शिकायत पर FIR दर्ज की गई है। पुलिस ने दोनों दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ में दोनों ने माना कि वे रात में नशा कर रहे थे। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### स्कूलों में रोजाना उपस्थिति और अन्य गतिविधियों की फोटो खिंच हो रही मॉनीटरिंग

**पटना।** शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में अनुशासन के साथ शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर रखे हैं। इनका सही से अनुपालन हो रहा है या नहीं, इसे रोजाना परखा भी जा रहा है। सभी स्कूलों में सुबह लगने वाली एसेंबली एवं प्रार्थना का फोटोग्राफ मांगवाया जाता है। किस स्कूल में क्या गतिविधि हो रही है, इसका फोटोयुक्त प्रमाण चुनिंदा स्कूलों से मंगवाया जाता है। स्कूलों का चयन रैंडम तरीके से किया जाता है। इससे किसी स्कूल को यह जानकारी नहीं होती है कि उससे कब फोटो की मांग होगी। किसी स्कूल का नंबर कभी भी आ सकता है। इस कारण सभी स्कूल अलर्ट मुद्रा में रहते हैं और रोजाना पूरी शिदद्त से रूटीन पालन करते हैं। इससे सभी स्कूलों की जमीनी सच्चाई सामने आ जाती है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ के स्तर से स्कूलों की चुस्त मॉनीटरिंग के लिए यह पूरी व्यवस्था विकसित की गई है। स्कूलों में चलने वाली शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों की निगरानी के लिए औचक फोटोग्राफ मंगवाना शुरू किया है। इन फोटो में संबंधित स्थान का आक्षांस एवं देशांश के अलावा समय समेत अन्य सभी जरूरी बातें अंकित होती हैं। इससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी स्कूलों में विभाग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है या नहीं। विभाग ने विगत 20, 21 और 22 अगस्त को राज्य के सभी 38 जिलों के तीन-तीन स्कूलों का रैंडम तरीके से चयन कर इनमें होने वाली गतिविधियों से सम्बंधित तस्वीरें मंगवा कर समुचित समीक्षा की गई। इसमें पाया गया कि इन स्कूलों में विभाग के दिशा-निर्देश के अनुसार गतिविधियों का संचालन किया जा रहा था। अगर किसी स्कूल में सुबह निर्धारित समय की गतिविधि नहीं दिखती है, तो उसका कारण उस विद्यालय के प्रमुख को लिखित में बताना पड़ता है। किसी तरह की लापरवाही सामने आने पर उचित कार्रवाई भी की जाती है। डॉ. एस सिद्धार्थ के इन प्रयासों से सूबे के स्कूलों की पूरी सूरत ही बदल गई है।

### बिहार के गांवों में तराशे जा रहे हैं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी

**पटना।** बिहार सरकार राज्य में विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों को तराशने का अभियान शुरू कर दिया है। खिलाड़ियों की क्षमतावर्द्धन और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए राज्य के हर ग्राम पंचायत से लेकर नगर पंचायतों में खेल क्लबों के गठन की प्रक्रिया लगभग हो चुकी है। इसके साथ ही, प्रखंडस्तर पर आउटडोर स्टेडियम का निर्माणकार्य भी तेजी से चल रहा है। इन स्टेडियमों में एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, हॉकी समेत कई अन्य खेलों के न केवल आयोजन की बल्कि इन खेलों से जुड़े खिलाड़ियों को निखारने की सभी सुविधाएं शामिल हैं। इन क्लबों और स्टेडियमों में होने वाली खेल गतिविधियों में 14 से 45 वर्ष आयुवर्ग के खिलाड़ियों को शामिल किया जा रहा है। इन सभी ग्रामीण स्टेडियमों में विभिन्न खेलों के लिए न सिर्फ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी बल्कि विभिन्न खेलों से जुड़े प्रशिक्षकों को बी यहाँ तैनात किया जा रहा है। ताकि खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशा जा सके। खेल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के सभी 38 जिलों के कुल 8053 ग्राम पंचायतों में से 7467 ग्राम पंचायतों में खेल क्लबों के गठन के लिए चुनाव सम्पन्न करा लिए गए हैं। जबकि शेष 586 ग्राम पंचायतों में क्लब के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया शीघ्र ही सम्पन्न कर ली जाएगी। इसी तरह, राज्य के कुल 154 नगर पंचायतों में से 140 नगर पंचायतों में भी क्लबों के गठन के लिए चुनाव सम्पन्न हो चुका है। शेष 14 नगर पंचायतों में भी यह अपने अंतिम चरण में है। विगत बुधवार को खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेंदर ने विभाग की समीक्षा बैठक में अपने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शेष बचे सभी ग्राम व नगर पंचायतों के खेल क्लब के पदधारकों के चुनाव व चयन का कार्य पूर्ण कर उन पंचायतों को चिन्हित किया जाए, जहां क्लबों के पदाधिरियों के पद रिक्त हैं। उन्होंने इसकी सूची विभाग को अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस बैठक में खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री राजेंदर ने राज्य के सभी 534 प्रखंडों में बन रहे आउटडोर स्टेडियम के निर्माण की भी समीक्षा की। जिसमें पाया गया कि राज्य के 534 में से 257 प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माणकार्य पूर्ण कर लिया गया है। जबकि 46 प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने समीक्षा बैठक में पाया कि २९ प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। जबकि दस प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण कार्य फिलहाल अपूर्ण है। उन्होंने ऐसे अधूरे व अनिर्मित स्टेडियम का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के लिए बिहार राज्य भवन निर्माण निगम और संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया है।

### आज पटना में आयोजित होगा शाकद्वीपीय परिवार का "भात पर गोतिया" कार्यक्रम

**पटना।** शाकद्वीपीय ब्राह्मण परिवार की ओर से पटना में आयोजित होने वाले भात पर गोतिया कार्यक्रम को लेकर फ्रेजर रोड स्थित मारवाड़ी आवास में प्रेस वार्ता किया गया। आज पटना के जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, सरदार पटेल मार्ग में आयोजित भात पर गोतिया कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम संयोजक श्री प्रकाश मिश्रा जी ने बताया कि रविवार के इस कार्यक्रम में बिहार के सभी जिलों के साथ-साथ देश के अनेकों राज्य से हजारों शाकद्वीपीय ब्राह्मण इस कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं। यह कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यक्रम संयोजक ब्रजेश मिश्रा उरवार ने बताया कि भात पर गोतिया कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभी परिवार यह तय करेंगे कि आगामी 2026 में शाकद्वीपीय परिवार महाकुंभ का आयोजन कब और कहां किया जाना है। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दल जो हमारे समाज की उपेक्षा कर रहा है जो बर्दाश्त के बाहर है। अभी बिहार में विभिन्न अयोगो का गठन हुआ परंतु हमारे किसी भी समाज के सदस्यों को उनमें जगह स्थान नहीं मिला, इससे समाज में घोर आक्रोश व्याप्त हैं। युवा संयोजक सह कार्यक्रम प्रभारी सौरभ मिश्रा ने बताया की अब समाज के युवा पीढ़ी नई क्रांति की ओर बढ़ रहे है। जो दल हमें राजनीतिक भागीदारी में सम्मिलित करेगा हमारा समाज उसी के साथ मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। अब किसी दल के बैनर तले रहना स्वीकार नहीं हैं। समाज को शिक्षित एवं सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस प्रेस वार्ता में महिला संयोजक प्रीति पाठक, श्रीधर पाण्डेय, संजय पाठक, सम्पूर्णनंद मिश्र, सौरभ कुमार मिश्रा, विष्णु दत्त पाठक आदि लोग शामिल थे।

# 35वां अंतर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर सम्पन्न, समापन समारोह में गूँजे वैदिक मंत्र

निज संवाददाता

**पटना।** श्रीकृष्ण स्मृति अंतर्राष्ट्रीय अंतर्जालीय दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह पटना में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव एवं "आधुनिको भव संस्कृतं वद" अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि श्रीकृष्ण ने गीता के माध्यम से जो अद्वैत दृष्टि दी, वही संस्कृत सम्भाषण का मूल मर्म है—सबको जोड़ना और एक सूत्र में बाँधना। उन्होंने कहा कि संस्कृत बोलना कठिन नहीं बल्कि अति सरल है और शुद्ध उच्चारण के लिए संस्कृत का ज्ञान आवश्यक है। समापन कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. अनिल कुमार सिंह (पूर्व सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रधान संरक्षक, "आधुनिको भव संस्कृतं वद" अभियान) ने किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत हमारे राष्ट्रीय और सांस्कृतिक जीवन की आत्मा




है, और इसके प्रचार-प्रसार से भारत की पहचान और मजबूत होगी। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. रागिनी वर्मा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्रपति त्रिपाठी (पूर्व संयुक्त निदेशक, पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन) थे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अनिल कुमार चौबे, डॉ. अवंतिका कुमारी और डॉ. मधु कुमारी शामिल थीं। वक्ताओं ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता का उपदेश आज भी जीवन के हर क्षेत्र में प्रासंगिक है और संस्कृत भाषा ही उन संदेशों को विश्व तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण स्मृति संस्कृत सम्भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार तारा विश्वकर्मा और मुरलीधर शुक्ल को मिला। द्वितीय पुरस्कार डॉ. आशीष कुमार और बीजेन्द्र सिंह को तथा तृतीय पुरस्कार अदिति चोला और सुजाता घोष को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त विशेष पुरस्कार राहुल कुमार, मधु कुमारी और दयानी शारदेय को दिया गया। समारोह की शुरुआत राहुल कुमार के वैदिक मंगलाचरण से हुई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. लीना चौहान ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन भी डॉ. लीना चौहान ने प्रस्तुत किया, जबकि ऐक्य मंत्र का वाचन तारा विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस समापन समारोह ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि संस्कृत भाषा न केवल भारतीय संस्कृति की धरोहर है, बल्कि विश्व को जोड़ने वाली जीवनदृष्टि भी है।

# जानीपुर में दर्जी ने पत्नी की हत्या, बैंक कर्ज और आर्थिक तनाव था मुख्य कारण

निज संवाददाता

**पटना।** पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र के नगवां टांड में शनिवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसमें एक दर्जी मोहम्मद फिरोज (43) ने अपनी पत्नी बुन्नी खातून की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहनता से जांच कर रही है। घटना के कारण और परिस्थितियों ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। फुलवारी शरीफ के बिरला कॉलोनी में रहने वाले और किराए की दुकान चलाने वाले फिरोज ने विभिन्न बैंकों से लगभग 10 लाख रुपए का कर्ज लिया हुआ था। बैंक लगातार कर्ज वसूलने का दबाव बना रहे थे। इसी आर्थिक तनाव और लगातार बढ़ती कर्ज की चिंता के चलते फिरोज ने यह अत्यंत नृशंस कदम उठाया। पुलिस और परिजनों के अनुसार, आरोपी ने सोचा कि अगर पति-पत्नी में से किसी एक की मौत हो जाए तो बैंक दबाव नहीं बनाएंगे और कर्ज चुकाने की समस्या समाप्त हो जाएगी। पुलिस ने बताया कि शनिवार की सुबह फिरोज ने अपने बड़े बेटे मोहम्मद ताज (18) से इस बारे में बातचीत की। बेटे ने पिता को ऐसा कदम उठाने से रोकने की कोशिश की और मकान बेचकर कर्ज चुकाने का सुझाव दिया, लेकिन फिरोज ने इसे नजरअंदाज कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। बच्चों ने तुरंत यह जानकारी अपने चाचा और मामा को दी। परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों की भीड़ घटनास्थल




पर जमा हो गई, और पूरे इलाके में शोक और सदमे का माहौल फैल गया। जानीपुर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया। परिवार ने आरोप लगाया कि हत्या आरोपी पति ने गला दबाकर की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी से पूछताछ कर रही है। फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि मोहम्मद फिरोज दर्जी का काम करता था और अपनी कमाई से पत्नी, पांच बेटों और एक बेटी का भरण-पोषण करता था। इसके बावजूद लगातार बैंक कर्ज और आर्थिक दबाव ने उसे इस हृदय विदारक कदम की ओर धकेल दिया। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपी पर कानूनी कार्रवाई तेज़ की जाएगी।

# मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने किया माँ मुण्डेश्वरी धाम जिर्णोद्धार का शिलान्यास, कहा – "डबल इंजन सरकार में विकास सर्वोपरि"

निज संवाददाता

**पटना/कैमूर।** बिहार के कैमूर जिले स्थित ऐतिहासिक माँ मुण्डेश्वरी धाम में शनिवार को बड़े पैमाने पर जिर्णोद्धार कार्य की शुरुआत हुई। इस कार्य का शिलान्यास राज्य के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने किया। लगभग 6 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस प्रोजेक्ट में मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, पहली बार भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण, पार्किंग व विश्राम स्थल, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और कचरा प्रबंधन जैसी सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। शिलान्यास के मौके



पर डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ऐसे कार्य किए जा रहे हैं जो आस्था और आधुनिकता दोनों को जोड़ते हैं। उन्होंने माँ मुण्डेश्वरी मंदिर को बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की प्राचीनतम सांस्कृतिक धरोहर बताया। यह मंदिर ईसा की दूसरी शताब्दी का माना जाता है और आज भी यहाँ निरंतर पूजा-अर्चना होती है। इसकी अष्टकोणीय संरचना और अद्भुत नक्काशी भारतीय स्थापत्य कला का अनुपम उदाहरण है। मंत्री ने कहा कि जिर्णोद्धार के बाद यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी, जिससे धार्मिक पर्यटन में भी बढ़ोतरी होगी।परियोजना के तहत स्वच्छ पेयजल और कचरा प्रबंधन व्यवस्था के साथ-साथ पर्वतीय क्षेत्रों में वनरोपण, ईको-टूरिज्म और ट्रैकिंग ट्रेल्स विकसित किए जाएँगे। इसके जरिए न केवल मंदिर का संरक्षण होगा बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। साथ ही लोककला, हस्तशिल्प और पारंपरिक भोजन को बढ़ावा देकर स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त किया जाएगा। डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि नवरात्र के समय इस मंदिर परिसर में विशाल मेला लगता है, जहाँ बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और मध्यप्रदेश से लाखों श्रद्धालु पहुँचते हैं। उन्होंने कहा कि जिर्णोद्धार कार्य पूरा होने के बाद श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी और मंदिर का सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाएगा। मंत्री ने इस अवसर पर राज्य के व्यापक विकास कार्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले बिहार में विकास की स्थिति नगण्य थी, लेकिन आज सड़कों का जाल, एम्स, एयरपोर्ट और आधुनिक रेल सेवाएँ राज्य की नई पहचान बन चुकी हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है, जिनमें सड़क, रेल, बिजली, स्वास्थ्य और जलापूर्ति से जुड़ी योजनाएँ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज बिहार पिछड़ेपन से निकलकर तेजी से विकसित हो रहे राज्यों की कतार में खड़ा है। सरकार की प्राथमिकता यही है कि आस्था और विकास दोनों साथ-साथ आगे बढ़ें। माँ मुण्डेश्वरी धाम का जिर्णोद्धार इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में यह स्थल न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति देगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर भी चमकेगा।

# 18वीं अंतरराष्ट्रीय खगोल एवं खगोल भौतिकी ओलंपियाड 2025 में पणिनी ने जीता स्वर्ण पदक

निज संवाददाता

**पटना।** समर्थ्य क्लासेज के मेधावी छात्र पणिनी ने मुंबई में आयोजित 18वीं अंतरराष्ट्रीय खगोल एवं खगोल भौतिकी ओलंपियाड 2025 में स्वर्ण पदक जीता है। पणिनी, माता निभा कुमारी और पिता संजय कुमार शर्मा के सुपुत्र, हाजीपुर (जिला - वैशाली, बिहार) के निवासी हैं। उन्होंने इतिहास रच दिया है क्योंकि वह वैशाली जिले से पहले छात्र बने हैं जिन्होंने खगोल एवं खगोल भौतिकी ओलंपियाड में यह उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले उन्होंने 17वीं अंतरराष्ट्रीय खगोल एवं खगोल भौतिकी ओलंपियाड 2024 में रजत पदक जीता था। यह प्रतियोगिता रियो डी जेनेरियो, ब्राज़ील में हुई थी, जहाँ भारत ने 1 स्वर्ण और 4 रजत पदक प्राप्त किए थे। उनकी विशेष उपलब्धियों में ओसीएससी 2023 के लिए चयन और भारत के एकमात्र छात्र के रूप




में एक ही वर्ष में आईएनपीएचओ, आईएनसीएचओ और आईएनएओ में चयनित होना शामिल है। उन्होंने खगोल शिविर को अपना विकल्प चुना। पणिनी ने अपनी स्कूली शिक्षा समर्थ्य क्लासेज, हाजीपुर से प्राप्त की है। पणिनी के साथ-साथ भारत के अक्षत श्रीवास्तव, आरुष मिश्रा और बनिब्रता मजे ने भी इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते।

# साज़िश यात्रा है महागठबंधन की यात्रा : ऋतुराज सिन्हा

निज संवाददाता

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने महागठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव की जो तथाकथित "वोट बचाओ अधिकार यात्रा" बिहार में चल रही है, वह असल में जनता को बरगलाने का प्रयास है। उन्होंने इसे "साज़िश यात्रा" करार दिया और कहा कि इसका असली मकसद मतदाता सूची का शुद्धिकरण रोकना और फर्जी मतदाताओं को बचाना है। सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन नहीं चाहता कि संदिग्ध काग़ज़ों पर बने मत हटाए जाएँ, मृत व्यक्तियों के नाम सूची से निकाले जाएँ और एक ही व्यक्ति द्वारा बनाए गए बार-बार के मतदाता परिचय पत्र रद्द हों। इसी कारण राहुल गांधी और तेजस्वी




» भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ने कहा – राहुल और तेजस्वी का उद्देश्य फर्जी मतदाताओं को बचाना, जनता नहीं होगी गुमराह

यादव राज्य भर में घूम-घूम कर झूठ और भय का वातावरण बनाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नेता ने स्पष्ट कहा कि लोकतंत्र में फर्जी मतदाताओं के लिए कोई स्थान नहीं है। बिहार की जनता पूरी तरह जागरूक है और वह महागठबंधन की इस तथाकथित यात्रा के छलावे में आने वाली नहीं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह यात्रा पहले ही विफल हो चुकी है और जनता एक बार फिर निष्पक्ष और पारदर्शी लोकतंत्र की रक्षा में खड़ी रहेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# खनन में अब एआई का सुपर कंट्रोल सिंफर ने बनाया नया मॉडल

**धनबाद, एजेंसी।** माइंस में चट्टानों को विस्फोट से खंडित करना आसान है। बावजूद विस्फोटक ऊर्जा के अचानक निकलने से न केवल चट्टानें खंडित होती है, बल्कि धमाके की आवाज, भूमि कंपन, हवा में छिटकते पत्थर, धूल, विषैले धुएं का खतरा भी उत्पन्न होता है।

हवा के अत्यधिक दबाव (धमाके) से इमारतों में कंपन होता है। इससे दीवारों में दरारें, खिड़कियों के शीशे और दरवाजे टूटने का खतरा होता है। ऐसे हानिकारक प्रभावों को न्यूनतम करने के लिए धनबाद के केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिंफर) के विज्ञानियों ने एआइ आधारित पूर्वानुमान माडल विकसित किया है। देशभर की 33 खदानों में 699 ब्लास्ट डाटा संग्रह कर इसे तैयार किया गया है।

इसकी मदद से न केवल ब्लास्ट डिजाइन तैयार होगी, बल्कि ब्लास्टिंग के लिए बार-बार ट्रायल की जरूरत भी नहीं होगी। एआइ माडल पूर्वानुमान कर ब्लास्टिंग के लिए आवश्यक डिजाइन तय कर सकेगा। इससे बार-बार ट्रायल से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकेगा, सुरक्षित और स्मार्ट माइनिंग भी होगी।

डाटा के तहत छेद का व्यास, छिद्र की



गहराई, छिद्रों की संख्या, विस्फोटकका भार, अंतराल, स्टेमिंग लंबाई, प्रति छिद्र आवेश, कुल आवेश, अधिकतम आवेश और दूरी जैसे दस इनपुट लिए गए।

इस डाटासेट का उपयोग कर परीक्षण किया गया। जो सफल रहा। पता चला कि बड़े डाटासेट वाले प्रस्तावित मल्टी अडाप्टिव रिग्रेशन स्प्लिन मार्स माडल से वायुदाब की कुशल भविष्यवाणी हो सकती है। इसे विभिन्न भू-वातावरणों में आसानी से लागू किया जा सकता है।

सिंफर के इस प्रोजेक्ट में नाइजीरिया का युवा रिसर्च स्कालर चार्ल्स कोमाड्जा भी शामिल था। वे इस प्रोजेक्ट में काम करने के बाद इन दिनों में संयुक्त राज्य अमेरिका में रिसर्च स्कालर के तौर पर काम कर रहे हैं।

सिंफर के इस प्रोजेक्ट को संयुक्त राज्य अमेरिका की इंस्टीट्यूट आफ नाएज कंट्रोल इंजीनियरिंग के नाएज कंट्रोल इंजीनियरिंग जर्नल में स्थान मिला है।

बीसीसीएल की झरिया, गोविंदपुर, चांच विक्टोरिया, पुटकी बलिहारी, ईसीएल की श्रीपुर, एनटीपीसी की बरकागांव, सेल की टासरा, डीवीसी की बेरमो, एसईसीएल की जमुना, एससीसीएल की रामागुंडम समेत अल्ट्राटेक सीमेंट की शंभुपुरा लाइमस्टोन माइन, मेघालय की आधुनिक सीमेंट लाइमस्टोन माइन, राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड की राक फास्फेट माइन, तोपाडीही की आयान ओर माइन, सुंदरगढ़ की आयरन व मैंगनीज ओर माइन, ओडिशा के किंयोझर की आयरन ओर माइन, ओपनकास्ट यूरेनियम माइंस, सोनभद्र स्टोन माइन व बंगाल की बीरभूम स्टोन माइन समेत 33 खदानों से डाटा एकत्रित किए गए हैं।

अभी इंसान जो ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग कर रहा है, उसमें विस्फोटक कि केवल 20 से 30त्न ताकत ही चट्टान को तोड़ने के काम आती है। बाकी ऊर्जा कंपन, वायुअतिदाब (एओपी) व उड़ते पत्थरों जैसी समस्याएं पैदा करती है। वायु अतिदाब विस्फोट से उत्पन्न होनेवाली वायु तरंगें हैं सिरदर्द, सुनने की शक्ति पर असर के साथ श्वसन समस्याएं और मस्तिष्क व फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है।

संरचनाओं पर इसका असर कांच के दरवाजों, खिड़कियों और दीवारों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ इमारतों में कंपन पैदा करने का हो सकता है । 133 डीबीएल से अधिक स्तर संरचनाओं को और 120 डीबीएल से अधिक स्तर मानव असुविधा का कारण बन सकता है। एआइ से समाधान संभव है।यह ब्लास्ट डिजाइन, विस्फोटक की मात्रा तय करने में मदद करता है। यह तकनीक न केवल खनन कार्यों को सुरक्षित बनाएगी बल्कि आसपास के समुदायों व पर्यावरण को होनेवाले नुकसान को भी कम करेगी।

## अजरबैजान से रांची लाया गया अपराधी मयंक सिंह, पुलिस मानती है लॉरेंस और अमन साहू के बीच की कड़ी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में लॉरेंस विश्नोई और अमन साहू (अब मृत) के बीच कड़ी माना जाने वाला सुनील सिंह मीणा को अजरबैजान से रांची ले आया गया है। यह मयंक सिंह के नाम से भी जाना जाता है। शनिवार की सुबह एटीएस की टीम सुरक्षा व्यवस्था के बीच मयंक सिंह को लेकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंची। फिलहाल टीम मयंक को लेकर एटीएस मुख्यालय गई। जहां झारखंड पुलिस अधिकारी पूछताछ करेंगे। इसके बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा। फिर रिमांड की मांग की जाएगी। झारखंड एटीएस की टीम कुख्यात अपराधी मयंक सिंह को भारत लाने के लिए अजरबैजान गणराज्य गई हुई थी। एटीएस झारखंड ने बताया कि मयंक सिंह के विरुद्ध रामगढ़, पतरातू (भदानीनगर) में दर्ज (कांड सं0-175/22) केस में साक्ष्य के आधार पर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करते हुए उसके विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया गया था। रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर 29 अक्टूबर 2024 को मयंक सिंह को अजरबैजान पुलिस ने हिरासत में लिया था। जिसके बाद अजरबैजान द्वारा एक्ट्राडिशन डोजियर की मांग की गई थी। झारखंड एटीएस ने गृह मंत्रालय के माध्यम से एक्ट्राडिशन डोजियर अजरबैजान को उपलब्ध कराया था। जिसके बाद उसके विरुद्ध अजरबैजान बाकू अपराध न्यायालय में मुकदमा चलाया गया। 27 जनवरी 2025 को अजरबैजान बाकू अपराध न्यायालय ने मयंक सिंह को भारत को प्रत्यर्पण के लिए अनुमति दी। इसकी जानकारी मिलने के बाद प्रत्यर्पण संबंधी सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी की गई। मयंक सिंह के विरुद्ध रंगदारी, लेवी, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में 50 से अधिक मामले दर्ज हैं। झारखंड पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में थी।

## संजीव सिंह ने दाखिल किया झूठे साक्ष्य मामले की जल्द सुनवाई का आवेदन

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्व डिप्टी मेयर व कांग्रेस नेता नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में अनुसंधानकर्ता द्वारा अदालत में झूठे बयान देने तथा अपर लोक अभियोजक द्वारा फर्जी दस्तावेज दाखिल करने के मामले में पूर्व विधायक संजीव सिंह ने शुक्रवार को अदालत में आवेदन देकर पूर्व में निर्धारित 29 अगस्त की तारीख को वापस लेकर सुनवाई करने की प्रार्थना की है। संजीव सिंह के आवेदन के आलोक में एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। संजीव सिंह के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने अदालत को आवेदन देकर कहा कि यह अति आवश्यक मामला है, इसे अविलंब सुनवाई की जानी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया। अधिवक्ता ने तर्क देते हुए कहा कि इस मामले में अदालत पूर्व से ही 27 अगस्त 2025 की तारीख जजमेंट के लिए निर्धारित कर चुकी है। 27 अगस्त के बाद इस न्यायालय को इस मामले में फिर किसी भी प्रकार के न्यायिक आदेश पारित करने की शक्ति समाप्त हो जाएगी। इसलिए 27 अगस्त से पूर्व इस मामले का निबटारा किया जाना चाहिए। ऐसा ही कानून है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 340 का हवाला देते हुए अधिवक्ता ने कहा कि इस धारा में अदालत चाहे तो स्वयं मामले पर संज्ञान लेकर जांच कर सकती है या फिर किसी सक्षम न्यायिक पदाधिकारी को शिकायतवाद दर्ज कर जांच के लिए भेज सकती है। झूठे साक्ष्य तथा फर्जी दस्तावेज के आधार पर निर्णय पारित करना न्याय संगत नहीं है, करण कि आवेदक द्वारा पूर्व में ही सरकार की कार्रवाई तथा दस्तावेजों पर प्रश्न चिन्ह लगाया गया है। आवेदन पर सुनवाई के बाद अदालत अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है।

## धनबाद में लॉटरी के माध्यम से 51 समूहों में 130 शराब दुकानें हुईं आवंटित

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले में शुक्रवार को आबकारी विभाग की ओर से शराब दुकानों की लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान जिले के 51 समूहों में 130 दुकानों का आवंटन किया गया। खास बात यह रही कि शहर के कई बड़े कारोबारी इस बार भी लॉटरी में सफल रहे और उन्हें मुख्य बाजार व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की दुकानें मिल गयीं। वहीं, ग्रामीण इलाकों में कई नये नाम सामने आये हैं। लॉटरी प्रक्रिया जिला आबकारी अधिकारी की देखरेख में हुई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी की गयी थी। जबकि कई कारोबारी यूट्यूब पर झार नेट टीवी पर लाइव बिडिंग देख रहे थे। सहायक उत्पाद आयुक्त राम लीला रवानी ने बताया कि जिला में 51 समूहों के अंतर्गत खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती ई लॉटरी के माध्यम से संपन्न हुई। इसमें कुल 130 शराब दुकान में 106 कंपोजिट व 24 देशी शराब दुकानें शामिल है। सभी दुकानों की बंदोबस्ती संपन्न हो गयी। इसमें पांच प्रतिशत जमानत राशि के रूप में 17 करोड़ 73 लाख 63 हजार 819 रुपया प्राप्त हुए हैं। साढ़े सात प्रतिशत अग्रिम उत्पाद परिवहन कर के रूप 26 करोड़ 60 लाख 45 हजार 604 रुपये मिलेंगे। वहीं 130 दुकानों से वार्षिक लाइसेंस फी के रूप में एक करोड़ 57 लाख 90000 रुपये मिलेंगे। सूत्रों के अनुसार शराब दुकान की बंदोबस्ती में इस बार माननीयों ने भी बाजी मारी है। कुछ ने परिजनों ने के नाम पर शराब दुकान ली, तो कुछ ने अपने चहेतों के नाम पर। जामताड़ा ग्रुप को सात ग्रुप की दुकानें मिली हैं। वहीं कई पुराने कारोबारियों को एक दो ग्रुप में शराब दुकानें मिली हैं।

## रांची में 150 खुदरा उत्पाद दुकानों की ई-लॉटरी से हुई बंदोबस्ती, सरकार को मिला 6.18 करोड़ का राजस्व

**रांची, एजेंसी।** जिला प्रशासन द्वारा नई उत्पाद नियमावली 2025 के तहत शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में 150 खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती प्रक्रिया ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न की गई। उपायुक्त सह बंदोबस्त पदाधिकारी मंजुनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रक्रिया में कुल 1752 आवेदकों ने भाग लिया। ई-लॉटरी के पारदर्शी और निष्पक्ष आयोजन से सरकार को 6,18,86,280 रुपये का राजस्व सिर्फ आवेदन शुल्क के रूप में प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, सहायक उत्पाद आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस पूरी प्रक्रिया में जिले की 150 दुकानों को 87 समूहों में विभाजित किया गया था।

सर्वाधिक आवेदन प्राप्त करने वाली तीन दुकानों की लॉटरी का डेमो कर शुरुआत की गई। सभी आवेदकों की उपस्थिति में शेष दुकानों की बंदोबस्ती ऑनलाइन ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से की गई। प्रत्येक दुकान के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं की घोषणा की गई है। यदि प्रथम चयनित आवेदक निर्धारित राशि समय पर जमा नहीं करता है, तो द्वितीय अथवा तृतीय चयनित को अवसर प्रदान किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रांची जिले में उत्पाद राजस्व के रूप में 736 करोड़ रुपये का लक्ष्य न्यूनतम गारंटी राजस्व के तहत निर्धारित किया गया है।

इस बंदोबस्ती के बाद 1 सितंबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक की शेष अवधि में 449 करोड़ रुपये के एमजीआर राजस्व की प्राप्ति की संभावना जताई गई है।

जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि पूरी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष रहे। ऑनलाइन ई-लॉटरी प्रणाली ने इसमें अहम भूमिका निभाई। आवेदकों और अधिकारियों की उपस्थिति में बंदोबस्ती कार्य बिना किसी विवाद के शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## झारखंडवासियों को पीएम मोदी देंगे बड़ी सौगात, कोडरमा-वैशाली मेमू पैसेंजर ट्रेन का करेंगे उद्घाटन

**कोडरमा, एजेंसी।** बिहार के गया जंक्शन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ऑनलाइन माध्यम से कोडरमा से वैशाली के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन का शुभारंभ करेंगे।

यह ट्रेन न सिर्फ कोडरमा और वैशाली को, बल्कि बौद्ध सर्किट के प्रमुख स्थलों जैसे गया, नवादा, नालंदा, राजगीर और बोधगया को भी झारखंड के इस भाग से सीधे जोड़ने का कार्य करेगी। इस नई रेल सेवा से उत्तर छोटानागपुर और मगध क्षेत्र को एक नई पहचान मिलने जा रही है। रेल मंत्रालय की इस पहल से क्षेत्रीय पर्यटन को नई उड़ान मिलने की उम्मीद है।

कोडरमा जिले से 50 किमी की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ इटखोरी को अब सीधे बौद्ध सर्किट से जोड़ने की संभावना बन रही है। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यापार, रोजगार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा। इस मेमू ट्रेन के संचालन से गया, नवादा जैसे बड़े स्टेशनों के अलावा कई छोटे स्टेशनों को भी जोड़ दिया गया है। इसका लाभ गांवों और कस्बों के यात्रियों को मिलेगा, जो अब सस्ती, समयबद्ध और सुविधाजनक यात्रा का लाभ उठा सकेंगे। जेडआरयूसीसी सदस्य रामरतन महर्षि ने कहा कि यह सेवा शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को भी आसान बनाएगी। इससे पहले राजगीर, नालंदा और बोधगया जैसे स्थलों को ट्रेन से सीधे जोड़ने की वर्षों से मांग की जा रही थी। अब इस नई सेवा से बंगाल सहित देशभर से आने वाले पर्यटकों को कोडरमा होकर इन स्थलों तक पहुंचने की बेहतर सुविधा मिलेगी।

प्रधानमंत्री द्वारा दी गई यह सौगात न केवल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि झारखंड और बिहार के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में भी बदलाव लाएगी।

## रिम्स में देर रात हुई बड़ी घटना : कैंटीन की चाय पीने के बाद डॉक्टर की बिगड़ी तबीयत, आईसीयू में भर्ती

**रांची, एजेंसी।** रिम्स में गुरुवार देर रात बड़ी घटना हो गई। रिम्स में संचालित एक कैंटीन से मंगाकर चाय पीना महिला डॉक्टर को भारी पड़ गया। चाय पीने के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी, आनन-फानन में उसे इमरजेंसी में ले जाया गया। लेकिन स्थिति गंभीर देखते हुए उसे क्रिटिकल केयर आईसीयू में शिफ्ट कर वेंटिलेटर सपोर्ट पर डाल दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, फिलहाल उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों ने अगले 48 घंटे उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताए हैं।

पीड़ित डॉक्टर गाइनी विभाग की फर्स्ट ईयर पीजी की छात्रा डॉ. अरुणा हैं। गुरुवार को उसकी नाइट ड्यूटी थी। ड्यूटी में ही उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर कैंटीन से चाय मंगवाई थी। चाय लाने के बाद उसे डॉक्टरों ने थरमस में रखा। फिर डॉ. अरुणा ने जैसे ही ग्लास में निकाल कर चाय पी,



उसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। प्रबंधन को उनके दोस्तों ने बताया कि चाय पीने के बाद डॉ. अरुणा ने टेस्ट खराब होने, केरोसिन की गंध आने की बात कही थी।

रिम्स प्रबंधन ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, छात्रा ने ऑर्थो विभाग के समीप स्थित कैंटीन से मंगाई गई चाय का सेवन किया था। चाय का स्वाद और गंध असामान्य था। सेवन के कुछ समय बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। चिकित्सकीय दृष्टिकोण से यह मामला पॉइजनिंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। इधर, घटना की गंभीरता को देखते हुए रिम्स प्रबंधन ने औषधि विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की है।

इस घटना के बाद रिम्स प्रबंधन ने संस्थान में संचालित दोनों कैंटीन का निरीक्षण किया। ऑर्थोपेडिक वार्ड के आगे स्थित कैंटीन में साफ-सफाई की घोर कमी देखने को मिली। प्रबंधन ने ऑर्थो कैंटीन के साथ पेइंग वार्ड स्थित कैंटीन को भी सील कर दिया है। साथ ही कैंटीन संचालक अन्नपूर्णा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और रात में कार्यरत कर्मियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

इधर, रिम्स प्रबंधन द्वारा फूड सेफ्टी ऑफिसर को पत्राचार कर कैंटीन के सैंपल की जांच का अनुरोध किया गया। जिसके बाद शुक्रवार देर शाम फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने रिम्स पहुंच कर दोनों कैंटीन से सभी तरह के खाद्य पदार्थ के सैंपल लिये। इसमें पैक्ड फूड, ब्रेड, दूध, दही, चाय, मसाले आदि शामिल हैं। अब इन सैंपलों की जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा कि कैंटीन में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता ठीक है या नहीं।

## जामताड़ा में गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, पूर्व जिप सदस्य सुनील हांसदा समेत 5 लोग घायल





**जामताड़ा, एजेंसी।** गुरुवार की शाम साहिबगंज-गोविंदपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पस्ती पालोजोड़ी मोड़ के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील हांसदा समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से जामताड़ा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुनील हांसदा दुमका से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ बैठक में शामिल होकर अपने सहयोगियों संग वापस लौट रहे थे।

इसी दौरान बस्ती पालोजोड़ी मोड़ पर उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को बाहर निकालने में मदद की। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही जामताड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित करते हुए घायलों को अस्पताल भिजवाने में सहयोग किया।पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, प्राथमिक अनुमान के अनुसार गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना हुई। गाड़ी अनियंत्रित होकर एक बड़े पेड़ से जा टकराई। पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील हांसदा के घायल होने की सूचना मिलते ही उनके समर्थकों व शुभचिंतकों में चिंता की लहर दौड़ गई। कई लोग अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने लगे।

वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस मोड़ पर आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन अब तक सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इस सड़क हादसे ने एक बार फिर से जामताड़ा जिले की सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़ा कर दिया है।

## यात्री बस ने मारी मोटरसाइकिल सवार को टक्कर, दो लोगों की मौत

**लातेहार, एजेंसी।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत देवबार मोड़ के पास एनएच 39 पर एक यात्री बस और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई। हालांकि, मृतकों की स्पष्ट पहचान नहीं हो पाई है। लेकिन मृतकों में से एक के पास ड्राइविंग लाइसेंस मिला है, जो अब्दुल हसीम सरवर के नाम पर है। ड्राइविंग लाइसेंस धारक उत्तर प्रदेश के नोएडा का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी शशि कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों मृतकों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

दरअसल, बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग कहीं जा रहे थे। इसी दौरान देवबार मोड़ के पास मोटरसाइकिल की सामने से आ रही एक यात्री बस से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल बस के साथ कई फीट तक घसीटती चली गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि, मोटरसाइकिल सवार दोनों लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि पुलिस मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज रही है। मृतकों की पहचान की पुष्टि के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर स्थित मनिका थाना क्षेत्र के देवबार मोड के पास की सड़क बेहद खतरनाक है। घुमावदार मोड़ होने के कारण सामने से आने वाले वाहनों का पता नहीं चल पाता। वाहनों की गति बढ़ने से यहां अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हर महीने इस जगह पर कोई न कोई दुर्घटना जरूर होती है। हालांकि, जिला प्रशासन द्वारा इस जगह को ब्लैक स्पॉट के रूप में भी चिह्नित किया गया है। इसके बावजूद यहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## रांची यूनिवर्सिटी एक बार फिर सवालों के घेरे में:स्नातक फोर्थ सेमेस्टर की भूगोल की कॉपियां गायब

**रांची, एजेंसी।** रांची यूनिवर्सिटी एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां सत्र नियमित करने को लेकर धरना-प्रदर्शन चल रहा है। इसी बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। स्नातक फोर्थ सेमेस्टर (सत्र 2022-26) की भूगोल की कॉपियां गायब हो गई हैं। अप्रैल 2025 में हुई इस परीक्षा की कॉपियों को मूल्यांकन के लिए हजारीबाग भेजा गया था, ताकि जल्दी परिणाम जारी किया जा सके। हजारीबाग से अन्य विषय की उत्तर पुस्तिकाएं तो मूल्यांकन के बाद वापस आ गई, लेकिन इसमें भूगोल की कॉपियों का बंडल गायब था।

मूल्यांकन करने वालों से संपर्क किया गया तो बताया गया कि सभी कॉपियां विश्वविद्यालय को वापस भेज दी गई है। इसके बाद पिछले एक सप्ताह से कॉपियों की तलाश चल रही है। गौरतलब है कि यह रिजल्ट दो माह पहले ही आ जाना चाहिए था। लेकिन अब यह पेंच फंसने के बाद रिजल्ट में और देरी होने की संभावना है।

दूसरी जगह कॉपियों की जांच लाइजन अफसर के माध्यम से होती है। उदाहरण के लिए रांची विश्वविद्यालय का स्टाफ हजारीबाग में नियुक्त




लाइजन अफसर को कॉपी सौंपता है। लाइजन अफसर कॉपियों की जांच कराने के बाद विवि के स्टाफ को सौंप देता है। फिर इसे विवि की आउटसोर्सिंग एजेंसी के पास जमा कराया जाता है। यह एजेंसी कॉपियों में दिए गए अंकों की एंट्री करती है। इसके बाद विषय विशेषज्ञ जांच करते हैं। फिर रिजल्ट तैयार किया जाता है।

कॉपियां गायब होना सिर्फ लापरवाही नहीं है, बल्कि उन हजारों छात्रों के सपनों पर कुठाराघात है, जिन्हें स्नातक की डिग्री जून में ही मिल जानी चाहिए थी। सत्र पहले से ही 11 महीने लेट चल रहा है। अब कॉपी गायब होने से इसके और लेट होने की संभावना बन गई है। अगर जल्दी ही इस समस्या का समाधान नहीं निकला तो स्टूडेंट्स को पीजी या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने में दिक्कत आएगी। इसका सीधा असर उनके करियर पर पड़ेगा।

आरयू के परीक्षा नियंत्रक संजय कुमार सिंह का कहना है कि रांची यूनिवर्सिटी में भूगोल विषय की उत्तर पुस्तिका गायब होने की जानकारी नहीं मिली है। मुझे बताया गया है कि कुछ विषय की कॉपियों का मूल्यांकन नहीं हुआ है, जिसके कारण रिजल्ट लंबित है।

## सीबीएसई के निशाने पर धनबाद के भी नॉन अटेंडिंग स्कूल

**धनबाद, एजेंसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने नॉन अटेंडिंग स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी है। हाल ही में रांची के एक नामी स्कूल में सीबीएसई की टीम औचक जांच के लिए पहुंची थी। इसके साथ देश के कई अन्य शहरों में भी बोर्ड की टीमें निरीक्षण कर चुकी हैं। इस सख्ती का असर धनबाद तक पहुंच गया है, यहां नॉन-अटेंडिंग फॉर्मेट पर चल रहे कई स्कूलों में हड़कंप मचा हुआ है। धनबाद में ऐसे कई सीबीएसई संबद्ध स्कूल हैं, जिनमें निचली कक्षाओं (नर्सरी से आठवीं तक) में छात्रों की संख्या कम है, जबकि नौवीं से बारहवीं तक में अचानक छात्रों की संख्या बहुत अधिक हो जाती है। बोर्ड को संदेह है कि ऐसे स्कूल डमी एडमिशन का सहारा लेकर छात्रों को बिना पढ़ाई कराये केवल परीक्षा दिलाने का काम कर रहे हैं।सख्ती के बाद स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को फोन कर बच्चों को हर हाल में नियमित कक्षा में भेजने के लिए कह रहा है। वहीं कई अभिभावक कह रहे हैं कि उन्होंने अधिक शुल्क इसलिए दिया था ताकि उनके बच्चे बिना बाधा के कोचिंग कर सकें। जबकि स्कूलों का कहना है कि संबद्धता बचाने के लिए छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना अनिवार्य हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी पर 'आपत्तिजनक' पोस्ट के लिए तेजस्वी यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गढ़चिरौली से भाजपा विधायक मिलिंद नरोटे ने राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ शिकायत दी थी। अधिकारी ने कहा कि यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), धारा 356 (मानहानि), धारा 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और धारा 353 (सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने का कारण बनने वाले बयान) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### कौशांबी में ट्रक से एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब बरामद



**कौशांबी, एजेंसी।** कौशांबी जिले की महेवा घाट थाना पुलिस ने एक ट्रक से एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। ये अवैध शराब पंजाब से बिहार ले जाई जा रही थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पंजाब से एक ट्रक अंग्रेजी शराब की खेप लेकर कौशांबी से चित्रकूट होते हुए बिहार जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर थाना महेवा घाट पुलिस टीम थाना क्षेत्र के धाता मोड़ के पास पहुंची तो धाता तिराहे के पास मंझनपुर रोड पर एक ट्रक आता दिखाई पड़ा। ट्रक को रोके जाने पर चालक और खलासी ट्रक छोड़कर भागने लगे जिन्हें घेर कर पकड़ लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों ने अपना नाम रमेश कुमार और पप्पू राम निवासी जिला बाड़मेर, राजस्थान बताया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि बरामद की गई अवैध शराब पंजाब से बिहार ले जाई जा रही थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ट्रक में 809 पेटी अंग्रेजी शराब थी, जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है।

### घुसपैठ गंभीर समस्या, भारत की सीमा सुरक्षा के लिए मजबूत नीति महत्वपूर्ण: केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सीमा सुरक्षा के लिए एक मजबूत नीतिगत ढांचा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिवेश पर प्रभाव' विषय पर दिल्ली विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए रीजीजू ने कहा, ''देश की शुरुआत सीमा से होती है। हमारे देश में ज़्यादातर लोग सीमावर्ती इलाकों की समस्याओं को नहीं समझते। सीमा पार से घुसपैठ का सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिवेश पर प्रभाव एक गंभीर समस्या है।'' आज, एक मजबूत नीति के तहत, भारत साहस के साथ अपनी जमीन के हर इंच तक पहुंच रहा है।'' अरुणाचल प्रदेश के निवासी रीजीजू ने कहा कि कई सीमावर्ती गांवों के निवासियों ने बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच की उम्मीद छोड़ दी थी। उन्होंने कहा, ''2018 में, सड़कें, बिजली और नेटवर्क आखिरकार गुंजी (उत्तराखंड) जैसे दूरदराज के गांवों तक पहुंच गए। 2014 के बाद के नेतृत्व ने एक मज़बूत सीमा नीति शुरू की।

# विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी को लेकर बीजेपी नेता का दावा- फैसले से नक्सली हिंसा बढ़ी





**पुणे, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजेपी नेता और राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 2011 में उनके द्वारा दिए गए एक फैसले के बाद छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा में वृद्धि हुई।

पुणे में शुक्रवार को रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ में नक्सली चुनौती पर काबू पाना विषय पर व्याख्यान देते हुए शर्मा ने कहा कि 2011 के फैसले के बाद बस्तर में दहशत फैल गई थी। पूरे क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा हत्याओं की लहर दौड़ गई। हजारों लोग इसके शिकार हुए। कई लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। लोगों को अपंग बना दिया गया या गला घोंटकर मार डाला गया।

भाजपा नेता ने कहा कि वह यह बताना चाहेंगे कि जिस जज ने वह फैसला सुनाया था, वह आज कांग्रेस के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। बस्तर के लोगों ने मुझसे पूछा है कि क्या यह उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार वही जज है? उन्हें उनका नाम याद है। ऐसे व्यक्ति को कोई कैसे स्वीकार कर सकता है? उन्होंने कहा कि सलवा जुडूम आंदोलन बस्तर में नक्सलियों द्वारा किए गए अत्याचारों के जवाब में शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने नक्सलियों से अपनी सुरक्षा के लिए अपने शिविर स्थापित किए। इसमें शुरुआत में सरकार की कोई भागीदारी नहीं थी। बाद में सरकार ने कुछ सहायता प्रदान करना शुरू किया। यह आंदोलन पूरी तरह से जनता द्वारा संचालित था। सलवा जुडूम शब्द का अर्थ है शांति की बहाली। आंदोलन से जुड़े लोगों ने नक्सलियों का विरोध किया और उन्हें अपने गांव छोड़ने को कहा। शर्मा ने बताया कि जब नक्सलियों ने इन शिविरों पर हमला करना शुरू किया तो सरकार ने आंदोलन के सदस्यों को विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में नियुक्त करना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि 2011 में, जस्टिस रेड्डी ने एक फैसला सुनाया जिसमें सलवा जुडूम की स्थापना को गलत बताया गया। इसे एक असंवैधानिक समानांतर व्यवस्था बताते हुए इसे भंग करने का आदेश दिया गया।

शर्मा ने कहा कि यह फैसला ठोस कानूनी तर्क पर आधारित नहीं था, बल्कि काफी हद तक एक अकादमिक तर्क था। उन्होंने कहा कि बस्तर के लोग अब भी कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में याचिकाकर्ताओं और पुलिस की दलीलें तो सुनीं, लेकिन उनकी अपनी आवाज कभी नहीं सुनी गई। अदालत ने सबसे ज्यादा प्रभावित लोगों की बात सुने बिना ही फैसला सुना दिया।

शर्मा ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा के अनुसार, मार्च 2026 तक बस्तर से सशस्त्र नक्सलवाद का सफाया करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बस्तर के हर कोने में भारतीय संविधान को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## 215 स्कूलों को अपने नियंत्रण में लेगी जम्मू सरकार, प्रतिबंधित संगठन से था संबंध



**कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर सरकार 215 स्कूलों को अपने नियंत्रण में लेने वाली है। इस बारे में आदेश जारी हो चुका है। यह सभी स्कूल फलाह-ए-आम ट्रस्ट द्वारा चला जा रहे थे। जमात-ए-इस्लामिया का हिस्सा होने के चलते एफएटी पर बैन लग चुका है। जम्मू-कश्मीर सरकार के सेक्रेट्री राम निवास शर्मा ने इस बारे में आदेश जारी किया। इस आदेश में कहा गया है कि 215 एफएटी-संचालित (फलाह-ए-आम ट्रस्ट) स्कूल, जिसे जमात-ए-इस्लामी जम्मू-कश्मीर चलाता है, इन्हें सरकार अपने नियंत्रण में ले लेगी। इसमें कहा गया है कि खुफिया एजेंसियों ने कई स्कूलों की पहचान की है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई)/फलाह-ए-आम ट्रस्ट (एफएटी) से जुड़े हुए पाए गए हैं।

आदेश में लिखा है कि 215 ऐसे स्कूलों की प्रबंध समिति की वैधता समाप्त हो गई है या खुफिया एजेंसियों द्वारा उनके बारे में प्रतिकूल रिपोर्ट दी गई है। इसे देखते हुए 215 स्कूलों की प्रबंध समिति को संबंधित जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त द्वारा अपने नियंत्रण में ले लिया जाएगा। आदेश के मुताबिक उचित सत्यापन के बाद इन स्कूलों के लिए यथासमय एक नई प्रबंध समिति का प्रस्ताव करेंगे। इन स्कूलों में कश्मीर घाटी के हजारों छात्र पढ़ते हैं, जिनमें से अधिकांश गरीब परिवारों से हैं। वैसे यह पहली बार नहीं है जब जमात-ए-इस्लामी से जुड़े एफएटी स्कूलों पर प्रतिबंध लगाया गया है या सरकार ने उन्हें अपने नियंत्रण में लिया है। लगभग तीन दशक पहले, सरकार ने जमात द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों पर प्रतिबंध लगा दिया था और सभी शिक्षकों को सरकारी स्कूलों में समायोजित कर दिया था। 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से, जमात को पहले ही प्रतिबंधित कर दिया गया है और जम्मू-कश्मीर में उसकी संपत्तियां कुर्क कर ली गई हैं। भारत सरकार ने 2019 में जमात पर आतंकी समूहों से संबंध का हवाला देते हुए पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया था। इस पर पहली बार 1975 में और फिर 1990 में कश्मीर में आतंकवाद की शुरुआत में प्रतिबंध लगाया गया था। लोकसभा चुनावों में, कई जमात समर्थकों ने मतदान किया था, हालांकि, 1987 के बाद पहली बार पिछले विधानसभा चुनावों में जमात समर्थित उम्मीदवारों ने स्वतंत्र उम्मीदवारों के रूप में चुनाव लड़ा था।

## गुरुग्राम में 500 मकानों पर चलेंगे बुलडोजर, नगर निगम ने भेजे नोटिस; अगले हफ्ते शुरू होगा अभियान



**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम नगर निगम ने शहर में अवैध रूप से बने 500 बहुमंजिला भवनों को तोड़ने के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है। अगले सप्ताह से अभियान शुरू हो जाएगा। पहले चरण में चारों जोन से 20 अवैध इमारतों को गिराने की योजना है। तीन साल में पहली बार है जब निगम इतनी बड़ी संख्या में इमारतों को तोड़ने की कार्रवाई कर रहा है।

बीते तीन साल में निगम की तरफ से अवैध निर्माणों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिस देकर खानापूर्ति की जा रही थी। अब निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने चारों जोन की एन्फोर्समेंट टीम को अवैध निर्माणों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं, जिन पर हर सप्ताह तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

सीलिंग नहीं, सीधा तोड़फोड़ : अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अब ऐसे भवनों को सील करने के बजाय सीधे तोड़ दिया जाएगा। यह कदम अवैध निर्माण को जड़ से खत्म करने के लिए उठाया गया है। निगम ने सभी चारों जोन (जोन-1, 2, 3 और 4) से पांच-पांच अवैध इमारतों को तोड़ने के लिए नोटिस जारी किए हैं। इसके बाद बाकी के 500 अवैध भवनों को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू होगी। शहर में किराये के लालच में लोग बहुमंजिला इमारतों का निर्माण गलत तरीके से कर रहे हैं। इससे निगम को भी आर्थिक नुकसान होता है।

निगम का भवन नक्शे पास करने का होबपास पिछले दो महीने से काम नहीं कर रहा। इसके चलते लोगों के घरों के नक्शे भी पास नहीं हो पा रहे हैं। यह स्थिति निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। लोगों का कहना है कि अगर निगम कानूनी तरीके से निर्माण की अनुमति नहीं देगा तो लोग मजबूरन अवैध तरीकों की तरफ जाएंगे। प्रदीप दहिया, निगम आयुक्त, शहर में अवैध निर्माण किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। अवैध निर्माणों को अब सीधा तोड़ने का काम किया जाएगा। इसको लेकर अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं।

## शराब पार्टी में गाली देने से नाराज था, इसलिए भतीजे ने चाचा को मार डाला; बेड में छिपाया शव

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के नगर कोतवाली क्षेत्र में 10 अगस्त को सेनेट्रीकर्मी राकेश की हत्या रिश्ते के भतीजे ने की थी। पुलिस ने शुक्रवार को हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि शराब पार्टी में गाली देने से नाराज होकर उसने घटना को अंजाम दिया था।

एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मूलरूप से ग्राम संभावा पुरे इंदई थाना गौरीगंज जनपद अमेठी निवासी राकेश दिल्लीगेट स्थित देवी मंदिर में बने कमरों में से एक में किराए पर रहता था। राकेश डीलक्स हार्डवेयर दुकान पर काम करता था। जबकि रिश्ते में भतीजा लगने वाला उसके ही गांव का ही आरोपी उमेश उर्फ अर्जुन भी कुछ दूरी पर किराए पर रहता है। अर्जुन भी बिजली के केबिल विक्रेता की शॉप पर काम करता है। एसीपी ने बताया कि 10 अगस्त को राकेश का शव अर्जुन के कमरे के पीछे खाली पड़े प्लॉट में कूड़े के ढेर पर पड़ा मिला था। एसीपी कोतवाली के मुताबिक, राकेश के सिर में चोट के निशान थे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से उसकी हत्या होने की पुष्टि हुई थी। शिनाख्त के बाद परिजनों द्वारा नगर कोतवाली में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। केस दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी को ट्रेस करने के प्रयास में जुटी थी। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी उमेश उर्फ अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

एसीपी ने बताया कि राकेश की हत्या करने के बाद अर्जुन ने उसके शव को कंबल में लपेटकर बराबर वाले कमरे में पड़े दीवान बेड में छिपा दिया था। इस दौरान राकेश के भाई राजेश और महेश उसे ढूंढ़ते हुए अर्जुन के कमरे पर पहुंचे तो उसने कह दिया कि राकेश उसके पास से करीब दो घंटे पहले अज्ञात व्यक्ति के साथ चला गया था। पुलिस के मुताबिक रात के वक्त आरोपी शव को बेड से निकाल कर छत पर ले गया और पीछे खाली पड़े प्लॉट में जमा कूड़े के ढेर पर फेंक कर सो गया। पूछताछ में उमेश उर्फ अर्जुन ने बताया कि दस अगस्त को वह और उसका चाचा राकेश एक साथ बैठकर अर्जुन के कमरे पर शराब पी रहे थे। नशा होने के बाद राकेश ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

## नोएडा के बैंक-बिल्डर नेक्सस मामले में ईडी का बड़ा ऐक्शन, मनी लॉन्ड्रिंग के 22 मुकदमे दर्ज




**नोएडा , एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिल्डरों और बैंकों की साठगांठ की जांच के लिए मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत 22 मामले दर्ज किए हैं। इसी सांठगांठ के कारण ही एनसीआर में घर खरीदारों के साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी हुई। पीएमएलए के तहत ईडी की ओर से दर्ज किए गए ये मामले जुलाई के अंत में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई द्वारा दर्ज की गई समान संख्या में एफआईआर से उत्पन्न हुए हैं। ये मामले जनहित से जुड़े हैं, क्योंकि कई घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि ईडी बिल्डरों, बैंकों और अन्य द्वारा की गई कथित धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करेगा और आरोपियों द्वारा बनाई गई अवैध संपत्तियों को जब्त करेगा। सीबीआई ने अपनी अलग-अलग एफआईआर में जेपी स्पोर्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड, जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड, अजनारा इंडिया लिमिटेड, वाटिका लिमिटेड, जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड, सुपरटेक और आइडिया बिल्डर्स सहित अन्य का नाम लिया है। सीबीआई की आर्थिक अपराध इकाई द्वारा दर्ज एफआईआर में भारतीय स्टेट बैंक, इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पीरामल फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस और पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड जैसे बैंकरों और वित्तीय संस्थानों के नाम भी शामिल हैं। बिल्डरों ने यह पूरा खेल सबवेंशन स्कीम के नाम पर किया। इस आर्थिक सहायता योजना के तहत बैंक स्वीकृत लोन राशि सीधे बिल्डरों के खातों में जमा करते।

## अब गांव का डाकघर भी होगा स्मार्ट! इंडिया पोस्ट ने शुरू की 5800 करोड़ की नई एडवांस्ड पोस्टल तकनीक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय डाक ने घोषणा की कि उसने आईटी 2.0 उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) के राष्ट्रव्यापी शुभारंभ के साथ डिजिटल परिवर्तन के एक नए युग में प्रवेश किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के मार्गदर्शन में शुरू की गई इस पहल को डिजिटल इंडिया की दिशा में भारतीय डाक की यात्रा में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। यह उन्नत डाक प्रौद्योगिकी प्लेटफ़ॉर्म देश के 1.65 लाख डाकघरों में से प्रत्येक में तेज़, अधिक विश्वसनीय और नागरिक-अनुकूल डाक और वित्तीय सेवाएँ लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह प्रणाली सरकार के मेघराज 2.0 क्लाउड पर चलती है और बीएसएनएल की राष्ट्रव्यापी कनेक्टिविटी द्वारा समर्थित है। सिंधिया ने कहा कि यह परियोजना भारतीय डाक को एक विश्वस्तरीय सार्वजनिक रसद संगठन में बदल देगी। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर भारत का एक उदाहरण बताया - जो अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों के निर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता को दर्शाता है। यह नई प्रणाली कई अगली पीढ़ी की सुविधाएँ प्रदान करती है, जिनमें एकीकृत इंटरफ़ेस, क्यूआर-कोड-आधारित भुगतान, ओटीपी-आधारित डिलीवरी और सटीकता में सुधार के लिए 10-अंकीय अल्फ़ान्यूमेरिक डिजीपिन शामिल हैं। आपको बता दें कि एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी को आईटी 2.0 प्रोग्राम के तहत 5800 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया गया है। इसके बाद आपके गांव का डाकघर अमेजन से भी ज्यादा स्मार्ट हो जाएगा। यह बुकिंग से लेकर डिलीवरी तक, सभी के लिए संपूर्ण डिजिटल समाधान भी प्रस्तुत करता है, जिससे एक खुले नेटवर्क सिस्टम के माध्यम से बेहतर दक्षता और मज़बूत ग्रामीण कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है। इसकी शुरुआत चरणबद्ध तरीके से की गई,

## गुरुग्राम में न्यू पालम विहार के साईं चौक से श्रीराम चौक तक की सड़क बनेगी 'मॉडल रोड'

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम नगर निगम ने शहर की सड़कों को आधुनिक और बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। न्यू पालम विहार में साईं चौक से श्रीराम चौक तक की सड़क को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसको लेकर निगम ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

निगम अधिकारियों का दावा है कि अगले माह के अंत तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अभी तक सड़क पर अतिक्रमण के साथ-साथ सड़क बदहाल स्थिति में है। इस कारण यहां सड़क की मरम्मत आदि को लेकर स्थानीय लोगों ने निगम में शिकायत भी की थी। इसी को लेकर निगम ने सड़क को मॉडल रोड बनाने की योजना तैयार की है। ट्रायल के तौर पर इस सड़क को मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह ट्रायल सफल होता है तो फिर शहर की सौ किलोमीटर सड़कों को मॉडल बनाने का काम किया जाएगा।

नगर निगम की योजना इस सड़क को एक सुविधाजनक और सुंदर मार्ग के रूप में विकसित करने की है। डेढ़ किलोमीटर लंबी इस सड़क पर कई नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। यह परियोजना गुरुग्राम को एक स्मार्ट सिटी बनाने की निगम की बड़ी योजना का



हिस्सा है। नगर निगम ने शहर में कुल 100 किलोमीटर सड़कों को मॉडल सड़कों के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में न्यू पालम विहार की इस सड़क को चुना गया है। निगम ने इस परियोजना के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है, और उम्मीद है कि अगले महीने से निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद न केवल इस क्षेत्र में यातायात सुगम होगा, बल्कि लोगों के जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। यह कदम शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और गुरुग्राम को देश के सबसे बेहतर शहरों में से एक बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। चौड़ी सड़कें और फुटपाथः सड़क को चौड़ा किया जाएगा और पैदल चलने वालों के लिए आरामदायक फुटपाथ बनाए जाएंगे।

साइकिल ट्रैकः साइकिल सवारों की सुरक्षा और सुविधा के लिए एक अलग साइकिल ट्रैक का निर्माण किया जाएगा।

सड़क को डिजाइनर स्ट्रीट लाइटों से रोशन किया जाएगा और दोनों तरफ हरियाली बढ़ाई जाएगी, जिससे मार्ग और भी आकर्षक लगेगा। इसके अलावा यहां डिजाइनदार लाइटें बिजली विंग की तरफ से और बागवानी विंग की तरफ से सड़क पर हरियाली बढ़ाने का काम किया जाएगा। सुदंर श्योराण,कार्यकारी अभियंता, नगर निगम, गुरुग्राम, न्यू पालम विहार में साईं चौक से श्रीराम चौक तक की सड़क को मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट के खिलाफ केस, सरकारी वकील को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर जिले के वाडवानी में एक सरकारी वकील ने खुदकुशी कर ली। इसके बाद एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के खिलाफ शुक्रवार को 'आत्महत्या के लिए उकसाने' का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, वकील विनायक चंदेल (47) ने कथित तौर पर स्थानीय अदालत के भवन में फांसी लगा ली। यह घटना उस समय सामने आई जब शुक्रवार सुबह अदालत का कर्मचारी काम करने के लिए वहां पहुंचा। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को मिले सुसाइड नोट में चंदेल ने प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट रफीक शेख और तायडे नामक क्लर्क को दोषी ठहराया है। चंदेल के बेटे की शिकायत के अनुसार, उसके पिता जनवरी 2025 से वाडवानी अदालत में सरकारी वकील के रूप में कार्यरत थे। पिछले कुछ हफ्तों से वह तनाव में थे और परिवार के सदस्यों से उन्होंने कहा था कि हाल ही में कार्यभार संभालने वाले न्यायिक मजिस्ट्रेट रफीक शेख ने बिना किसी कारण के उन्हें अपमानित और उत्पीड़ित किया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि तायडे ने भी चंदेल के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। आत्महत्या के कथित नोट में चंदेल ने लिखा, 'न्यायिक मजिस्ट्रेट रफीक शेख मुझे सभी के सामने अपमानित करते हैं और मेरी नहीं सुनते' और 'समन जारी करने वाला तायडे भी मेरे साथ सहयोग नहीं करता।'

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

### भारत के मजबूत बाजार से डोनाल्ड ट्रंप परेशान

भारत पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका कुछ समय से पाबंदियां लगा रहा है। इसके पक्ष में वह जिस तरह के तर्क गढ़ता है, उसका कोई ठोस आधार नहीं। अब अमेरिका का कहना है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म करने के लिए भारत पर शुल्क लगाया गया है। दरअसल, हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर पच्चीस फीसद शुल्क लगा दिया था। उसके बाद उन्होंने रूस से तेल खरीदने पर पच्चीस फीसद अतिरिक्त शुल्क लगाने का एलान कर दिया। सवाल है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की कोई उपस्थिति न होते हुए भी उस पर नाहक दबाव क्यों बनाया जा रहा है? कायदे से इस युद्ध को खत्म कराने के लिए अमेरिका को भारत की बजाय रूस और यूक्रेन के बीच सीधी मध्यस्थता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसमें दोराय नहीं कि भारत विश्व की एक बड़ी अर्थव्यवस्था है और वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगा। बुधवार को रूसी मिशन के उपप्रमुख रोमन बाबुश्किन ने भी कहा कि कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत पर किसी तरह का दबाव बनाना पूरी तरह अनुचित है।दरअसल, भारत पर लगातार दबाव बनाने और शुल्क थोपने के पीछे अमेरिका की अपनी रणनीति है। वह चाहता है कि भारत अपना कृषि और डेयरी बाजार उसके लिए खोले। इसीलिए वह कच्चे तेल की खरीद से लेकर रूस से रक्षा और ऊर्जा संबंधों को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति पर दबाव बनाना समझ में आता है, मगर इसकी आड़ में भारत पर शुल्क लगाने का क्या औचित्य है? भारत ने इस समय संतुलित रुख अपनाया है और राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखा है।हालांकि, क्रेडिट रेटिंग एजंसी 'क्रिसिल' का अनुमान है कि अमेरिकी शुल्क का कपड़ा, आभूषण और रसायन क्षेत्र से जुड़े सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम पर असर पड़ सकता है।

## वरिष्ठजन हैं अनुभव की विरासत एवं भविष्य की शक्ति

**अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं।**

(ललित गर्ग)

वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं। भारत जैसे देश में, जहां माता-पिता और बुजुर्गों को भगवान समान माना गया, जहां श्रीराम ने पिता की आज्ञा से राजपाट त्याग दिया और श्रवणकुमार ने अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थयात्रा कराई, वहां आज संतान और बुजुर्ग माता-पिता के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही हैं? क्यों वरिष्ठजन स्वयं को निरर्थक और अनुपयोगी समझने को विवश हैं? यह प्रश्न केवल परिवार के विघटन का नहीं है, यह नई पीढ़ी के संस्कार और समाज की आत्मा से भी जुड़ा है, यह नये समाज एवं नये राष्ट्र की आदर्श संरचना से भी जुड़ा है। वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए ताकत और सम्बल हुआ करते थे, वे जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम थे। उनकी सूझ-बूझ, अनुभव और ज्ञान की संपदा समाज के लिए अमूल्य थी। फिर भी क्यों हम उनकी



उपेक्षा कर रहे हैं? क्यों उनके अनुभवों का उपयोग करने से कतराते हैं? इस विडंबना को समझने के लिए हमें यह मानना होगा कि उपेक्षा का यह गलत प्रवाह केवल बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच भावनात्मक दूरी और संवेदना की कमी को भी बढ़ा रहा है। यदि यह प्रवृत्ति इसी तरह बढ़ती रही तो परिवार और समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी से विमुख हो जाएंगे। नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद और संवेदनशीलता का सेतु टूट जाएगा और यह स्थिति किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वरिष्ठजनों को उनके अंतिम पड़ाव में मानसिक शांति और सम्मान का माहौल मिले, वृद्धजन को भार नहीं, आभार माने, वृद्धों को बंधन के रूप में नहीं, आत्मगौरव के रूप में स्वीकारें, वृद्धों की शाम उदासी नहीं, उमंग का माध्यम बने।

वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवारों, मित्रों और संगठनों को प्रेरित करना है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जड़ें अमेरिका से जुड़ी हैं, जहां राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1988 में इस दिवस की शुरुआत की। तब से यह दिवस सीमाओं से परे फैल गया है और संयुक्त राष्ट्र सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन वृद्धावस्था की गरिमा और अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। इस दिवस की इस वर्ष की थीम है-समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनाना। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वरिष्ठजनों की बात ध्यान से सुनी जाए और परिवार, समुदाय और नीतिगत निर्णयों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह विषय एक कार्रवाई का आह्वान है कि उम्र कभी भी भागीदारी और नेतृत्व में बाधा नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठों को नेतृत्व के अवसर देना, उनकी कहानियां सुनना, उनकी सलाह लेना, उन्हें रचनात्मक दायित्व सौंपना, यही सच्चे सम्मान का मार्ग है। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पीढ़ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है। यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं। पारदर्शी सोच, परिणामों का आकलन और अच्छे-बुरे का विवेक जैसे गुण बुजुर्गों में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसीलिए दफ्तरों, संस्थाओं और घरों में उन्हें उपेक्षित करना अनुचित ही नहीं, बल्कि हमारे लिए नुकसानदेह भी है।

समाज में कई स्तरों पर ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे बुजुर्ग स्वयं को उपेक्षित न महसूस करें। परिवारों में नियमित रूप से संगोष्ठियां हों जिनमें वरिष्ठजन अपने अनुभव साझा करें। स्कूलों में ग्रैंड-पैरेंट्स डे आयोजित हो, जिससे बच्चे अपने दादा-दादी से सीख सकें और बुजुर्गों को सक्रियता और अपनापन महसूस हो।

## माखनलालजी का समाचारपत्र 'कर्मवीर' बना अनूठा शिलालेख

(लोकेन्द्र सिंह राजपूत )

प्रतिमा दादा माखनलाल चतुर्वेदी की है, इसलिए उनके ही समाचारपत्र 'कर्मवीर' को शिलालेख बनाया गया है। हम सब जानते हैं कि माखनलालजी और कर्मवीर एक-दूसरे के पर्याय हैं। इस शिलालेख पर क्रांतिकारी समाचार पत्र 'कर्मवीर' का पंजीयन क्रमांक- एन.338 भी अंकित है।

स्मारक, भवन, परिसर इत्यादि के भूमिपूजन या उद्घाटन प्रसंग पर पत्थर लगाने (शिलालेख) की परंपरा का निर्वहन किया जाता है। यह इस बात का दस्तावेज होता है कि वास्तु का भूमिपूजन/ उद्घाटन / लोकार्पण कब और किसके द्वारा सम्पन्न किया गया। ये शिलालेख एक प्रकार से इतिहास और महत्वपूर्ण घटनाओं के विवरण को समझने में सहायता करते हैं। इन शिलालेखों का एक तयशुदा प्रारूप है, हम सबने देखे ही हैं। किंतु, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के नवीन परिसर में स्वतंत्रतासेनानी एवं प्रखर संपादक पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा अनावरण के प्रसंग पर लगाया गया शिलालेख अनूठा है और अपने आप में अद्भुत है। मुझे विश्वास है कि ऐसा शिलालेख आपने पहले नहीं देखा होगा। माखनलालजी की प्रतिमा के 'पेडस्टल' पर आपको समाचारपत्र का प्रथम पृष्ठ चस्पा दिखायी देगा। दरअसल, समाचारपत्र का यह 'फ्रंट पेज' ही दादा माखनलाल चतुर्वेदी की इस प्रतिमा का 'शिलालेख' है। यह रचनात्मक और अभिनव शिलालेख अपने सृजनात्मक लेखन के लिए पहचाने जानेवाले विश्वविद्यालय के कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी की सुंदर कल्पना है। अगर आप माखनलालजी की प्रतिमा के समीप आ रहे हैं, तो यह शिलालेख आपको विश्वविद्यालय की 35 वर्ष की यात्रा, उसकी उपलब्धियों और भविष्य के स्वप्नों से भेंट करा देगा।

प्रतिमा दादा माखनलाल चतुर्वेदी की है, इसलिए उनके ही समाचारपत्र 'कर्मवीर' को शिलालेख बनाया गया है। हम सब जानते हैं कि माखनलालजी और कर्मवीर एक-दूसरे के पर्याय हैं। इस शिलालेख पर क्रांतिकारी समाचार पत्र 'कर्मवीर' का पंजीयन क्रमांक- एन.338 भी अंकित है। दादा माखनलाल चतुर्वेदी जब कर्मवीर के प्रकाशन के लिए अनुमति पत्र प्राप्त करने ब्रिटिश शासन के अधिकारी के पास गए थे, उसका रोचक किस्सा है। उस किस्से को आप पढ़िए। वह किस्सा बताता है कि दादा माखनलाल चतुर्वेदी और कर्मवीर की पत्रकारिता के तेवर क्या रहे होंगे। इस शिलालेख पर वह सब विवरण बहुत ही रोचक अंदाज में दर्ज है, जो सामान्य शिलालेखों पर दर्ज रहता है। प्रतिमा का अनावरण कब हुआ? इस प्रश्न का उत्तर आपको समाचारपत्र की 'फोलिया लाइन' में मिलेगा, जिसमें अंकित है- बिशनखेड़ी, भोपाल 7 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी सम्वत 2082 7 बुधवार, 20 अगस्त, 2025। आठ कॉलम में फैली 'टॉप बॉक्स न्यूज' में आपको पता चलेगा कि प्रतिमा का अनावरण विश्वविद्यालय की महापरिषद के माननीय अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास और कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी के द्वारा किया गया। इनके अतिरिक्त स्थानीय विधायक श्री भगवानदास सबनानी, आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े, इंदौर लिटरेचर फेस्टीवल के सूत्रधार श्री प्रवीण शर्मा, शब्दवेत्ता श्री अजीत वडनेरकर, वानिकी विशेषज्ञ डॉ. सुदेश वाघमारे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह लीड न्यूज स्वयं कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी ने ही लिखी है।

शिलालेख पर प्रतिमा की विशेषताएं भी दर्ज है। जैसे- बहुधातु से निर्मित दादा माखनलाल चतुर्वेदी की यह प्रतिमा 12 फीट ऊंची और 11 सौ किलोग्राम वजनी है।इतना ही नहीं, यह शिलालेख विश्वविद्यालय की 35 वर्ष की गौरवशाली परंपरा से भी परिचय कराता है। साथ ही, पंडित माखनलाल चतुर्वेदी के उस 'विचार बीज' का स्मरण भी कराता है, जो विश्वविद्यालय की नींव में है। दक्ष पत्रकारों के निर्माण के लिए एक विद्यापीठ की मूल कल्पना माखनलालजी ने ही की थी, जो 1990 में जाकर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रूप में साकार हुई। भोपाल में त्रिलंगा स्थित छोटे-से भवन से शुरू हुई यह यात्रा महाराण प्रताप नगर में स्थित विकास भवन से होकर दो वर्ष पूर्व ही बिशनखेड़ी स्थित 50 एकड़ के परिसर में पहुँच गई है। यह शिलालेख बताता है कि विश्वविद्यालय से दीक्षित होकर निकले विद्यार्थी देश के प्रत्येक मीडिया संस्थान में चमक रहे हैं। पत्रकारिता विभाग से शुरू हुए विश्वविद्यालय में आज 10 शैक्षणिक विभाग हैं। प्रत्येक विभाग की यात्रा और उनके मील के पत्थरों की कहानी भी यह शिलालेख कहता है।

एक और विशेष बात है कि जिस 'पेडस्टल' दादा माखनलाल चतुर्वेदी सुशोभित हैं, उसके चारों और महान विचारों को स्थान दिया गया है। एक वक्तव्य- 'जन्मभूमि का सम्मान', महात्मा गांधीजी का है, जिसमें वह बता रहे हैं कि माखनलालजी के जन्मस्थान 'बाबई' (अब माखननगर) क्यों जा रहे हैं? गांधीजी कहते हैं कि जिस भूमि ने माखनलालजी को जन्म दिया, उसी भूमि को मैं सम्मान देना चाहता हूँ। दूसरा वक्तव्य- एक कविता 'जियो सदा माई के लाल' के रूप में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन मिलाजुला रहेगा और नौकरी करने वाले लोग अपने काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। ऐसे में आसपास के लोग आपकी सराहना भी करेंगे। वहीं, सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों को कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। व्यापार के मामले में दिन की शुरुआत थोड़ी धीमी होगी, लेकिन शाम के समय आपके रुके हुए काम बन सकते हैं।

### वृष

आज दिन शुभ और सुकून भरा रहने वाला है। राजनीति के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने प्रयासों का सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकता है और सफलता भी मिलेगी। शासन और सत्ता से मेलजोल होने के कारण आपको अच्छा मुनाफा हो सकता है। आपकी प्रतिष्ठा और पद में वृद्धि होने के संकेत मिल रहे हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

### मिथुन

आज किसी भी प्रकार की यात्रा के समय सावधान रहने की जरूरत है, अन्यथा कोई मूल्यवान वस्तु खो या चोरी हो सकती है। ऐसे में यात्रा को इस समय टालना बेहतर रहेगा। विद्यार्थियों को शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त हो सकती है। इसी के चलते मन भी प्रसन्न रहेगा।

### तुला

आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण बना रहेगा, जिससे मन भा प्रसन्न रहेगा। आर्थिक मामलों में चल रही समस्याएं अब दूर हो सकती हैं। वहीं, अगर पैसों की लेन-देन में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी अब दूर होगी। धन प्राप्ति के भी शुभ संकेत मिल रहे हैं, जिससे सुकून महसूस होगा।

### वृश्चिक

आज आपको सावधान रहने की जरूरत है। साथ ही, स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना होगा। कोई भी समस्या होने पर डॉक्टर के पास जरूर जाएं। व्यापार के मामले में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना बेहतर होगा, अन्यथा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### धनु

आज रोजगार और व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में विरोधी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। शासन व सत्ता पक्ष से जान पहचान या मित्रता होने से भी आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। आर्थिक मामलों में भी दिन शुभ रहेगा और किसी मामले में आपको ससुराल पक्ष से धन प्राप्त हो सकता है।

### कर्क

आज कारोबार के मामले में आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। चन्द्रमा नवम भाव में होने से आपको उत्तम संपत्ति प्राप्त हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। साथ ही, समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और कार्यक्षेत्र में उन्नति मिलेगी। संतान की ओर से भी आपको कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

### सिंह

आज नौकरी में आमदनी के नए स्रोत बन सकते हैं। आपकी मधुर वाणी और व्यवहार कार्यक्षेत्र में सम्मान दिलाएगी। वहीं, विद्यार्थियों को शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में विशेष सफलता प्राप्त हो सकती है। लेकिन ज्यादा देर बाहर रहने से आपको शारीरिक थकान और नेत्र से जुड़ी समस्या हो सकती है।

### कन्या

आज दिन उत्तम रहने वाला है और भाग्य का भी आपको पूरा साथ मिलेगा। व्यापार और कारोबार के मामले में आपके द्वारा किए गए प्रयासों से अब बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। अगर किसी कानूनी विवाद में फंसे हैं तो उसमें भी आपको जीत हासिल हो सकती है।

### मकर

आज आर्थिक मामलों में दिन अनुकूल रहने वाला है और आपको बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। कार्यस्थल पर अधीनस्थ कर्मचारियों का सम्मान और सहयोग प्राप्त होगा। ऐसे में आपके कई काम आसानी से पूर्ण हो जाएंगे। निजी जीवन में किए गए नए प्रयास भी अब सकारात्मक परिणाम देंगे और शाम के समय घर पर मेहमान दस्तक दे सकते हैं।

### कुंभ

आज दिन कुछ परेशानियों और बाधाओं से भरा रह सकता है। व्यापार के मामले में कुछ कार्यों में आपको समस्या का सामना करना पड़ सकता है। कार्यस्थल पर आपको विरोधियों से भी सावधान रहना होगा और इस समय कोई भी जोखिम भरा फैसला लेने से बचें। अन्यथा नुकसान हो सकता है।

### मीन

आज कामकाज के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाते समय आपको सावधानी बरतनी होगी। ऐसा न करने से कोई मूल्यवान वस्तु चोरी या खो हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कोई भी निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचें और आर्थिक मामलों में भी सतर्क रहें। अगर जीवनसाथी के साथ लंबे समय से किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था तो वह अब दूर हो सकता है।

## वर्ग पहेली 5831

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | |
| | ■ | 10 | ■ | 11 | | ■ | |
| | ■ | 12 | | | | ■ | ■ |
| 13 | 14 | | ■ | | ■ | 15 | 16 |
| ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | |
| 20 | | ■ | 21 | | | | ■ |
| 22 | | | | ■ | | ■ | 23 |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 28 सितंबर 1907 को भारत के इस महान क्रांतिकारी ने जन्म लिया था जिसे 23 मार्च 1931 को लाहौर में फांसी दे दी गई (5)
5. दंत, दांत (2)
7. प्रतिदिन, नित्य (2)
8. यात्रा में साथ होना, सफर का साथ (5)
11. चसका, व्यसन (2)
12. समुद्र मंथन से निकला भयंकर विष (4)
13. बांस की चटाई को यह कहते है (3)
15. कनीज, खवास, बांदी (2)
17. स्वेच्छित, मन मर्जी का, मनचाहा (3)
19. पवित्र, पुनीत (3)
20. जिसमें प्राण हों, जीव (2)
21. उपदेश, सीख, आदेश, हुक्म (4)
22. क से ह तक की वर्णमाला (4)
23. प्रातःअर्धकालीन अर्ध प्रकाश (1)

**ऊपर से नीचे**

1. विश्वसनीय, भरोसे के काबिल (5)
2. गिरह, हाथी (2)
3. शेर, फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
4. हमशोए, एक शौहर वाली स्त्रियां जिनका पति एक हो (उर्दू)(5)
5. नमूने के तौर पर बनाया हुआ (2)
6. झरोखा, खिड़की, गवाक्ष (उर्दू) (3)
9. समस्त, जितने हो वे सब, कुल (3)
10. ईश्वर का नाम , कृपालु, पुरानी फिल्मों का एक चरित्र अभिनेता जिनका कैरियर 1940 के दशक के उत्तरार्ध से लेकर 1970 के दशक के अंत तक फैला था (3)
14. सुंदर, प्रिय, खुशनुमा (4)
15. भोजन आदि के लिए दिया गया निमंत्रण (3)
16. फ्रांस में बहने वाली एक नदी (4)
18. यह मिस्र की राजधानी है (3)
19. पग श्रृंगार, पायजेब (3)
20. अग्र, आरंभ में (2)

### वर्ग पहेली 5830 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | न | ■ | दा | ■ | जी | व | न |
| फ | ल | न | मि | ल | ना | ■ | या |
| मि | ■ | म | नी | ला | ■ | य | दि |
| नि | ■ | क | ■ | ट | ■ | म | न |
| स्ट | डी | ■ | ही | ■ | शि | क | न |
| र | न | हा | रो | ■ | का | ■ | ई |
| ■ | ■ | जि | ■ | आ | य | ■ | रा |
| ब | ह | री | न | ■ | त | ह | त |

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5831

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5830

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**



भारत के पूर्व ओपनर बल्लेबाज ने की भविष्यवाणी

# सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एशिया कप जीत सकता है भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि सूर्यकुमार यादव के निर्भिक नेतृत्व में मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम आगामी एशिया कप जीत सकती है। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। टी20 प्रारूप के इस टूर्नामेंट का 2016 में पहला संस्करण जीतने वाली भारतीय टीम को ग्रुप ए में पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, ओमान और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के साथ रखा गया है।

ग्रुप बी में श्रीलंका, हांगकांग, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। सहवाग ने आगामी टूर्नामेंट के प्रसारणकर्ता सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के 'रग रग में भारत अभियान के मौके पर कहा, 'इस भारतीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का सही मिश्रण है। सूर्यकुमार के निर्भिक नेतृत्व में टीम एक बार फिर एशिया में अपना दबदबा बना सकती है। उनकी आक्रामक मानसिकता टी20 प्रारूप के लिए बिल्कुल उपयुक्त है और अगर टीम इसी इरादे से खेलती है तो इसमें कोई शक नहीं है कि भारत ट्रॉफी जीत सकता है। उन्होंने कहा, 'यह (रग रग में भारत) अभियान भारतीय क्रिकेट की धड़कन को खूबसूरती से जीवंत करता है। आप देश के किसी भी हिस्से से हों, जब भारत खेलता है तो भावनाएं हमें एकजुट करती हैं। मैं इसमें भी यही जुनून महसूस कर सकता हूं और यही जुड़ाव क्रिकेट को इतना ताकतवर बनाता है। सूर्यकुमार एशिया कप में 15 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे जबकि टेस्ट कप्तान शुभमन गिल उनके उप कप्तान होंगे। एशिया कप के सभी मैच दो स्थान दुबई और अबुधाबी में आयोजित किए जाएंगे।



RCB प्लेयर ने किया खुलासा

# IPL में कब तक खेलेंगे विराट कोहली?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने पिछले एक साल में टी20 इंटरनेशनल और टेस्ट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया. इस दौरान फैंस के मन में ये सवाल जरुर आता होगा कि कोहली आईपीएल में कब तक खेलेंगे. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए कोहली की मौजूदगी टीम और फैंस दोनों के लिए बेहद खास है. इसी बीच RCB के युवा बल्लेबाज स्वास्तिक चिकारा ने कोहली के साथ हुई बातचीत का बड़ा खुलासा किया है. कोहली ने ये भी बताया कि वो कब तक खेलेंगे.

20 साल के चिकारा, उत्तर प्रदेश के दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, जिन्हें आईपीएल 2025 के दौरान कोहली के साथ समय बिताने का मौका मिला. हाल ही में रेवस्पोर्ट्ज के साथ एक इंटरव्यू में चिकारा ने खुलासा किया कि कोहली का आईपीएल में भविष्य को लेकर क्या प्लान है. स्वस्तिक ने मुताबिक, विराट ने कहा, जब तक मैं पूरी तरह फिट रहूंगा, तब तक क्रिकेट खेलूंगा. ये इंपैक्ट प्लेयर की तरह नहीं खेलूंगा. मैं शेर की तरह खेलूंगा, 20 ओवर फील्डिंग करूंगा और फिर बल्लेबाजी करूंगा. जिस दिन मुझे इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलना पड़ा, मैं क्रिकेट छोड़ दूंगा.

**● आईपीएल 2025 में कोहली का जबरदस्त प्रदर्शन, 17 साल में पहली बार जीता खिताब**

कोहली ने आईपीएल 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन किया. कोहली ने 15 मैच खेलकर 657 रन जड़े. कोहली ने 8 अर्धशतक जड़े. वहीं उनका स्ट्राइक रेट लगभग 145 का रहा. कोहली के जबरदस्त प्रदर्शन की वजह से आरसीबी ने 17 साल में पहली बार आईपीएल का खिताब जीता. कोहली ने फाइनल मैच में भी जबरदस्त प्रदर्शन किया. वो अपनी टीम से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे. कोहली ने फाइनल में पंजाब के खिलाफ 35 गेंदों में 43 रन बनाए. पंजाब को हराकर आरसीबी और कोहली ने 17 साल में पहली बार ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया. बात करें चिकारा की तो, वो आरसीबी टीम का हिस्सा रहे. लेकिन उन्हें एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला.

हो गया कंफर्म

# भारत में खेलते दिखेगी लियोनेल मेसी की टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महीनों की विचार-विमर्श के बाद लियोनेल मेसी की टीम एल्बीसेलेस्टे (अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम) के इस नवंबर में केरल में एक दोस्ताना मैच के लिए आने का रास्ता साफ हो गया है। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने शनिवार (23 अगस्त) को इसकी पुष्टि की। एएफए ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ÷लियोनेल स्कोलोनी के नेतृत्व में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम 2025 के शेष समय में दो फीफा मैत्री मैच खेलेगी। पहला अक्टूबर में 6 से 14 तारीख तक संयुक्त राज्य अमेरिका में खेला जाएगा (प्रतिद्वंद्वी और शहर आगे तय होंगे)। दूसरा नवंबर में 10 से 18 तारीख तक अंगोला के लुआंडा में और भारत के केरल में खेला जाएगा (प्रतिद्वंद्वी आगे निर्धारित किए जाएंगे)।

### ➲ अर्जेंटीना ने चैंपियन बनने के बाद केरल को कहा था धन्यवाद

फीफा वर्ल्ड कप 2022 में कतर में अर्जेंटीना की टीम को मलयाली प्रशंसकों से भारी समर्थन मिला था। इस मैच के आयोजन का यह बड़ा कारण है। मेसी एंड कंपनी ने 1986 के बाद पहली बार विश्व कप खिताब जीता था। एक्स पोस्ट में अर्जेंटीना ने 18 दिसंबर 2022 को विश्व कप जीत के एक दिन बाद बांग्लादेश,भारत और पाकिस्तान और केरल से मिले समर्थन के लिए धन्यवाद किया।

### ➲ केरल ने विश्व चैंपियन को दिया था निमंत्रण

दिसंबर 2022 में एक्स पर एएफए के पोस्ट में कहा गया, शुक्रिया बांग्लादेश। शुक्रिया केरल, भारत, पाकिस्तान। आपका समर्थन अद्भुत था! तीन दिन बाद केरल ने विश्व चैंपियन को आधिकारिक निमंत्रण दिया। खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने एएफए अध्यक्ष क्लाउडियो टोपिया को पत्र लिखा।

### ➲ 2024 में हुई दौरे की घोषणा

नवंबर 2024 में अब्दुरहीमान ने अर्जेंटीना के केरल का दौरा करने के निर्णय की घोषणा की। मंत्री ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, केरल के फुटबॉल प्रशंसकों का प्यार और समर्थन उल्लेखनीय रहा है और अर्जेंटीना की टीम उनसे जुड़ने के लिए उत्सुक है।

### ➲ केरल में अर्जेंटीना-मैच की तारीख और शेड्यूल

अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि 38 वर्षीय मेसी भी केरल आएंगे या नहीं। अर्जेंटीना नवंबर में दो मैत्री मैच खेलने वाला है। केरल में होने वाला यह मैच तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसकी पुष्टि शनिवार को हुई।

**मेसी का कोलकाता दौरा**

पिछले हफ्ते बताया था कि मेसी दिसंबर 2025 में एक अलग दौरे पर भी भारत आएंगे। वह 12 दिसंबर को कोलकाता से अपने चार शहरों के दौरे की शुरुआत करेंगे। कोलकाता से वह अहमदाबाद, मुंबई और नई दिल्ली जाएंगे। मेसी की पहली भारत यात्रा नहीं होगी। वह 2011 में कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ एक दोस्ताना मैच खेले थे। यह अर्जेंटीना के कप्तान के रूप में मेसी का पहला मैच भी था।

# यूएस ओपन बेहद मुश्किल टूर्नामेंट है, जीतना आसान नहीं: जानिक सिनर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गत विजेता जानिक सिनर एक बार फिर से यूएस ओपन 2025 में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीतने के लिए तैयार हैं। लगातार दो साल यूएस ओपन जीतना आसान नहीं होता। लेकिन, इस कठिन उपलब्धि को हासिल करने के लिए सिनर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बीमारी की वजह से सिनसिनाटी ओपन के फाइनल के बीच से हटने वाले सिनर यूएस ओपन के लिए न्यूयॉर्क पहुंचकर खुश हैं। एटीपी के मुताबिक सिनर ने कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह एक शानदार टूर्नामेंट है। सीजन का यह आखिरी ग्रैंड स्लैम है, इसलिए हमारा उत्साह ज्यादा है। शारीरिक रूप से मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं लगभग पूरी तरह से ठीक हो गया हूं। टूर्नामेंट शुरू होने से पूर्व में फिटनेस के उच्चतम स्तर पर पहुंचना चाहता हूं। सिनर से पूछा गया कि हाल के वर्षों में यूएस ओपन में खिताब बचाना इतना मुश्किल क्यों रहा है? उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यहां रात में या दिन में खेलने से बहुत कुछ बदल जाता है। इस ग्रैंड स्लैम में कई छोटी-छोटी बातें भी फर्क डालती हैं। यह बेहद मुश्किल टूर्नामेंट है, जीतना कभी भी आसान नहीं है।

एशिया कप से पहले आई बड़ी वाली खबर

# गिल हुए टीम से बाहर!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल टीम से बाहर हो सकते हैं. बीमार होने की वजह से गिल इस समय घर पर हैं और आराम कर रहे हैं. उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी को टीम में शामिल करने की बात हो रही है. टीम इंडिया के टेस्ट टीम कप्तान शुभमन गिल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है.

वो टीम से बाहर हो सकते हैं. उनकी तबीयत खराब है और वो अपने घर पर आराम कर रहे हैं. इस वजह से उनका मैच खेलना मुश्किल लग रहा है. इसकी वजह से उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जा सकता है. 28 अगस्त से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी में शुभमन गिल नार्थ जोन की कप्तानी करने वाले थे, लेकिन बीमार होने की वजह से उनका इस टूर्नामेंट में खेलना मुश्किल लग रहा है.

20 वर्ल्ड चैंपियनशिप:

# अंडर-20 चैंपियनशिप में संघर्ष करते नजर आए भारतीय ग्रीको रोमन पहलवान



**समोकोव, एजेंसी।** अनुज (67 किलो) को चीन के झाओयान लियु ने 9-0 से और नमन (97 किलो) को क्रोएशिया के आंद्रेज रोडिन ने 2-1 से हराया। लियू बाद में क्वार्टर फाइनल भी हार गए जिससे अमन का रेपचेज दौर में पहुंचने का रास्ता भी बंद हो गया। भारत के ग्रीको रोमन पहलवान अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में संघर्ष करते नजर आए। तीन खिलाड़ी क्वालिफाइंग दौर में ही बाहर हो गए, जबकि पांच अन्य पहलवान पदक की दौड़ में पहुंचने में सफल रहे। अनुज (67 किलो) को चीन के झाओयान लियु ने 9-0 से और नमन (97 किलो) को क्रोएशिया के आंद्रेज रोडिन ने 2-1 से हराया। लियू बाद में क्वार्टर फाइनल भी हार गए जिससे अमन का रेपचेज दौर में पहुंचने का रास्ता भी बंद हो गया। रोडिन भी फाइनल में नहीं पहुंच पाए जिससे नमन भी बाहर हो गए। विनीत को मिस्र के मोहम्मद शाबाम इब्राहिम ने 72 किलोवर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। अनिल मोर (55 किलो) को अजरबैजान के तूरान दाशदामिरोव ने मात दी। उन्होंने इससे पहले बुल्गारिया के योरडान टोपालोव को 8-0 से हराया था। दाशदामिरोव अगर फाइनल में पहुंचते हैं तो मोर को रेपचेज में खेलने का मौका मिलेगा। काजल महिलाओं के 72 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक के लिए खेलेंगी, जबकि श्रुति (50 किलो) और सारिका (53 किलो) कांस्य पदक के लिए खेलेंगी। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज (60 किलो) और प्रिंस (72 किलो) भी कांस्य पदक के लिए खेलेंगे।

ट्रंप से मिले FIFA चीफ, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले-

# लास वेगास नहीं, अब वाशिंगटन में होगा 2026 विश्वकप का ड्रॉ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 अब पहले से भी बड़ा होगा, जिसमें पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी और 104 मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का ग्रुप ड्रॉ अब लास वेगास में नहीं, बल्कि पांच दिसंबर को वॉशिंगटन डीसी के केनेडी सेंटर में होगा। इसकी घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की, जहां फीफा अध्यक्ष इन्फेंटिनो भी मौजूद रहे। दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन में से एक फीफा वर्ल्ड कप 2026 अब और भी भव्य होने वाला है।

पहली बार इस टूर्नामेंट में कुल 48 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मुकाबले खेले जाएंगे। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का ड्रॉ अब लास वेगास में नहीं, बल्कि अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी के प्रतिष्ठित केनेडी सेंटर में होगा और इसकी घोषणा खुद अमेरिकी



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की है। उन्होंने एलान किया कि 2026 पुरुष फुटबॉल वर्ल्ड कप का ग्रुप ड्रॉ इस साल दिसंबर में वॉशिंगटन डीसी में किया जाएगा।

**कार्यक्रम में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी रहे मौजूद:** ओवल ऑफिस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप के साथ फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी मौजूद थे। इन्फेंटिनो वर्ल्ड कप की ट्रॉफी भी साथ लाए थे। उन्होंने कहा कि ड्रॉ का सीधा प्रसारण दुनिया भर में होगा और इसे करीब एक अरब लोग देखेंगे। यह 104 मैचों का टूर्नामेंट होगा, यानी 104 सुपर बाउल्स। इसी दौरान जब इनफैंटिनो ने ट्रंप को ट्रॉफी पकड़ने का मौका दिया, तो ट्रंप ने मुस्कुराते हुए पूछा कि क्या मैं इसे रख सकता हूं?

**केनेडी सेंटर में पांच दिसंबर को होगा ड्रॉ:** ये ड्रॉ पांच दिसंबर को केनेडी सेंटर में होगा, जहां ट्रंप चेयरमैन हैं। इससे पहले यह माना जा रहा था कि ड्रॉ लास वेगास में होगा, जैसे 1994 के वर्ल्ड कप में हुआ था। 2026 का टूर्नामेंट अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको तीन देशों में मिलकर आयोजित होगा और इसमें पहली बार 48 टीमें भाग लेंगी। बता दें कि ड्रॉ में 48 टीमों को 12 ग्रुपों में बांटा जाएगा, हर ग्रुप में 4 टीमें होंगी।

# डुडा के खिलाफ हारने से बचे विश्व चैंपियन गुकेश, प्रज्ञानंद ने भी लाग्रेव से ड्रॉ खेली बाजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के फेबियानो कारूआना ने 3.5 अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। प्रज्ञानंद दूसरे और आरोनियन तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुकेश, फिरोजा, वेसली, सेवियान और वाचियेर लाग्रेव 2.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। विश्व चैंपियन



भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सिनक्यूफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट में पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के खिलाफ हारने से बाल-बाल बचे और उन्हें अंक बांटने पर मजबूर होना पड़ा। वहीं, पांचवें दौर में एक अन्य भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ खेला। दिलचस्प बात यह है कि पांचवें दौर में सभी मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फेबियानो कारूआना ने 3.5 अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। उन्होंने हमवतन वेसली सो से ड्रॉ खेला। दूसरे मुकाबलों में अमेरिका के सैमुअल सेवियान ने उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला जबकि लेवोन आरोनियन और फ्रांस के अलीरजा फिरोजा का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। प्रज्ञानंद दूसरे और आरोनियन तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुकेश, फिरोजा, वेसली, सेवियान और वाचियेर लाग्रेव 2.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। ग्रैंड शतरंज टूर से शीर्ष चार खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### धूमधाम से मनी भगवान श्रीकृष्ण छठी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज शहरी क्षेत्र के बलिराम मिश्र, मेन बाजार स्थित संकट मोचन मंदिर, भदवा स्थित श्रीराधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी परिसर में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ श्रीकृष्ण भगवान की छठी मनाई गई। मुख्य पुजारी आचार्य पंडित रवींद्र कुमार मिश्र, बलिराम मिश्र, कृष्णा पाठक ने बताया कि इस अति प्राचीन ठाकुरबाड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न हुआ। भजन कीर्तन, भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर उदय कुमार, रोहित, राहुल, सुरेश प्रजापति, अनिल विश्वकर्मा, भदवा पैक्स अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, नीरज कुमार गुप्ता, संतोष प्रसाद गुप्ता, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, नन्द किशोर प्रसाद, राजू प्रसाद गुप्ता, शशिकांत मालाकार, ओमप्रकाश वर्मा, रविरंजन वर्मा, रवि मालाकार, कुंदन वर्मा, सूरज कुमार, गोलू कुमार सहित अन्य श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

### बनाही में गोलीबारी के बाद दो खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद, एक गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज के पौथू थाना क्षेत्र के बनाही गांव में जमीनी विवाद को लेकर गोलीबारी का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। इस मामले में मो. सैफ ने आवेदन दिया। उल्लेख किया है कि शुक्रवार को अपने पिता कमरुद्दीन के साथ अपने जमीन पर कृषि कार्य कर रहे थे तो गांव के ही तारीक अनवर उर्फ पप्पू आलम सहित दो अन्य व्यक्ति आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर धक्का मुक्की किया और फायरिंग कर दिया। इस घटना में हम बाल बाल बच गए। पौथू थाना अध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तारिक अनवर उर्फ पप्पू आलम को गिरफ्तार किया गया। घटनास्थल से दो खोखा एवं एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।

### देवकुंड थाना से फरार चार में से दो आरोपी 22 दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से बाहर

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह प्रखंड के देवकुंड थाना से चोरी के मामले में पकड़े गए चार आरोपी एक अगस्त की सुबह खिड़की तोड़कर फरार हो गए थे। मामले में पुलिस ने छापेमारी कर दो आरोपी को तो गिरफ्तार कर लिया, लेकिन 22 दिन बीत जाने के बाद भी दो आरोपी अब तक फरार हैं। इससे देवकुंड पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### गोह थाना की चहारदीवारी के पास खुलेआम कर रहे मूत्र त्याग

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह थाना के मुख्य गेट के पूर्वी चारदीवारी के पास लोग खुलेआम यूरिनल का इस्तेमाल कर रहे हैं। मुख्य बाजार में न तो सुलभ शौचालय है और न ही यूरिनल, जिसके कारण लोग मजबूरी में यहां मूत्र त्याग करते हैं। इससे दुर्गंध और गंदगी से दुकानदार व राहगीर परेशान हैं। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने माना कि यह गलत है और चौकीदार को रोकने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि न मानने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### थाना से फरार चार में से दो आरोपी 22 दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से बाहर

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** *

**गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह प्रखंड के देवकुंड थाना से चोरी के मामले में पकड़े गए चार आरोपी एक अगस्त की सुबह खिड़की तोड़कर फरार हो गए थे। मामले में पुलिस ने छापेमारी कर दो आरोपी को तो गिरफ्तार कर लिया, लेकिन 22 दिन बीत जाने के बाद भी दो आरोपी अब तक फरार हैं।

भूमि सुधार संबंधी आवेदन शिविर स्थल पर ही करने की अपील

# जिलाधिकारी ने किया राजस्व विभाग शिविर का औचक निरीक्षण, सीओ को लगाई फटकार

**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**



शनिवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने मदनपुर प्रखंड के उत्तरी उमगा गांव स्थित 'राजस्व विभाग आपके द्वार' अभियान के तहत चल रहे विशेष शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने विभिन्न काउंटरों पर आवेदनों की जांच की और वहां मौजूद पदाधिकारियों व कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का निष्पादन तुरंत, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से अंचल कार्यालय या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। निरीक्षण के क्रम में कुछ ग्रामीणों ने आवेदन निष्पादन में धीमी प्रगति की शिकायत की। इस पर डीएम नाराज हो गए और मदनपुर अंचलाधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने आदेश दिया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और शत-प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। यदि आवश्यकता हो तो फिर से विशेष शिविर का आयोजन किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीएम ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत भूमि सुधार से संबंधित कार्य—जैसे ऑनलाइन जमाबंदी सुधार, छूटी हुई जमाबंदी का अंकन, उत्तराधिकारी नामांतरण और बंटवारा नामांतरण—का निपटारा शिविर में ही किया जाएगा।

गौरतलब है कि "राजस्व विभाग आपके द्वार" अभियान की शुरुआत 16 अगस्त 2025 से की गई है और यह 20 सितंबर 2025 तक जिले के सभी अंचलों के ग्राम स्तर पर संचालित होगा। इसके अंतर्गत राजस्व दल घर-घर जाकर आवेदन एकत्रित कर रहे हैं। प्रत्येक ग्राम में शिविर लगाए जा रहे हैं, जहां आवेदनों का प्राथमिक स्तर पर निपटारा किया जा रहा है। डीएम शास्त्री ने बताया कि जमाबंदी व नामांतरण से जुड़े प्रपत्रों को प्राप्त करने के बाद रैयतों को चाहिए कि वे अपने नाम, पिता का नाम, खाता, खेसरा, रकवा और मालिकाना हक का मिलान केवला, खतियान और 1988 की रसीद से अवश्य करें। यदि कोई त्रुटि मिले तो शिविर में आवेदन देकर सुधार कराया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि 21 सितंबर से 30 अक्टूबर तक किसानों के आवेदनों के आलोक में जमाबंदी परिमार्जन व नामांतरण सुधार किए जाएंगे। जिन रैयतों का जमाबंदी ऑनलाइन नहीं हुआ है या मृतक के नाम से डिमांड चल रहा है, उसका भी अद्यतन किया जाएगा। इस दौरान बंटवारे के लिए वंशावली के आधार पर फरीकों को बुलाया जाएगा, लेकिन दखल खारिज की प्रक्रिया पहले की तरह अलग से ही होगी। डीएम ने रैयतों से अपील की कि वे बिचौलियों से दूरी बनाकर सीधे शिविर में अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। जिले के सभी राजस्व ग्रामों में प्रपत्र वितरण के लिए कर्मियों को डोर-टू-डोर भेजा गया है। पंचायत सचिव, सेविका, टोला सेवक, जीविका, आवास सहायक, रोजगार सेवक, स्वच्छता पर्यवेक्षक और कृषि विभाग के सलाहकार सहित विभिन्न कर्मी किसानों तक प्रपत्र पहुंचा रहे हैं, ताकि समय पर निष्पादन सुनिश्चित हो सके।

मतदाता जागरूकता और सूची सुधार को लेकर प्रशासन गंभीर

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर हुई बैठक, महिला मतदाताओं को जोड़ने पर जोर

- बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म संकलन का कार्य लगभग पूर्ण।

**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**



औरंगाबाद। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 221 नबीनगर विधानसभा क्षेत्र हेतु भूमि सुधार उपसमाहर्ता सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता औरंगाबाद ने की, जिसमें मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

बैठक में भूमि सुधार उपसमाहर्ता ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म संकलन का कार्य किया गया है, जो लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने राजनीतिक दलों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। सभी दलों ने इस पर सहमति जताई और प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रखंड कार्यालयों और नगर परिषद कार्यालयों में विशेष शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों में नागरिक फॉर्म 6 (नया नाम जोड़ने हेतु), फॉर्म 7 (नाम विलोप हेतु) और फॉर्म 8 (संशोधन हेतु) भर सकते हैं। साथ ही गणना प्रपत्रों से संबंधित आवश्यक सूचनाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

बैठक में लिंगानुपात की स्थिति पर चिंता जताई गई। बताया गया कि 221 नबीनगर विधानसभा क्षेत्र का लिंगानुपात मात्र 872 है, जो राज्य के औसत से काफी कम है। इस गंभीर विषय को ध्यान में रखते हुए महिला मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं और युवा मतदाता अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें। अंत में श्वेतांक लाल ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे विशेष शिविरों में भाग लेकर अपने मतदाता पहचान से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण करें, जिससे आगामी चुनाव में कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रह सके।

देशी कट्टा बरामदगी के मामले में हुई कार्रवाई

# आर्म्स एक्ट में दोषी को सुनाई गई ढाई साल की सजा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी करार दिए गए एक आरोपी को न्यायालय ने सजा सुनाई है। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने नगर थाना कांड संख्या 517/24 में तेजी से सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त मोहम्मद सैफ खान, निवासी पठानटोली वार्ड संख्या 15, औरंगाबाद को दोषी पाते हुए ढाई वर्ष की साधारण कारावास तथा जुर्माने की सजा सुनाई।

जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि अभियुक्त को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए के तहत ढाई साल की साधारण कारावास और दो हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर दो महीने अतिरिक्त कारावास होगी। वहीं धारा 26 के तहत दो वर्ष की साधारण कारावास और दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है, जिसे न देने पर भी दो महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि इस मामले की प्राथमिकी नगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक कमल भगत ने दर्ज कराई थी। 17 जुलाई 2024 को मुहर्रम ड्यूटी के दौरान रात 8:30 बजे टिकरी मोड़ पर गश्ती के दौरान पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी में कमर से देशी कट्टा बरामद किया गया। बरामदगी के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जप्ती सूची बनाते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां अब उसे सजा सुनाई गई है।

# सड़क दुर्घटना में दो भाइयों की मौत, गांव में मातम

- दोनों भाई अपनी बुलेट बाइक से बहन के घर झारखंड लातेहार जा रहे थे।
- एनएच-39 पर मनिका देवबार मोड़ के पास तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर।

**निज संवाददाता | नबीनगर (औरंगाबाद)**



जिले के नबीनगर प्रखंड अंतर्गत टंडवा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में उस समय मातम छा गया, जब शनिवार को एक ही परिवार के दो सगे भाइयों का शव गांव पहुंचा। मृतकों की पहचान मोहम्मद काशीम सिद्दकी (30) और मोहम्मद हाशिम सिद्दकी (35) के रूप में हुई है, जो गांव के मोहम्मद हलीम सिद्दकी के पुत्र थे। यह दर्दनाक हादसा झारखंड के लातेहार जिले के पास एनएच-39 स्थित मनिका देवबार मोड़ पर हुआ। दोनों भाई अपनी बुलेट बाइक से अपनी बहन के घर जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार यात्री बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

गांव में जब दोनों भाइयों का शव पहुंचा तो चारों ओर चीख-पुकार मच गई। मातम के बीच हर किसी की आंखें नम थीं। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों भाई बेहद मेहनती और मिलनसार थे। उनकी असमय मौत से पूरा गांव गहरे सदमे में है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में पसरा सन्नाटा इस दुखद हादसे की भयावहता को बयां कर रहा है।

### 15 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** पुलिस अवैध शराब निर्माण, भंडारण, सेवन और परिवहन पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में सलैया थाना पुलिस ने आसूचना के आधार पर छापामारी करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने रामपुर जाने वाली सड़क पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 15 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि गिरफ्तार अभियुक्त शराब की खेप लेकर कहीं पहुंचाने की कोशिश में था, लेकिन सलैया पुलिस की सक्रियता से पकड़ा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि जिले में अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार गश्त और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# एलजेपीआर नेता प्रमोद सिंह ने किया बदरपुर गांव में जनसंपर्क



**निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)**

विधानसभा चुनाव में रफीगंज से प्रत्याशी रहे लोजपा(रामविलास) के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह ने शनिवार को रफीगंज प्रखंड के बलार पंचायत के बटुरा बटुरी, मठ पड़रिया, पिपरा, चंदौली, पखनौर, गौरा पोखर, साहो करमा, बदरपुर एवं कुम्हैनी आदि गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान बें गांव के सभी बड़े-बुजुर्गों, युवाओं, पुरुषों-महिलाओं से मुलाकात की। सभी से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए आशीर्वाद मांगा और समर्थन देने की प्रार्थना की। ग्रामीणों ने उन्हे आशीर्वाद दिया। साथ ही भरोसा दिलाया कि चुनाव में उन्हे सहयोग करेंगे। वही प्रमोद सिंह ने कहा कि आपने मुझे जिस तरह का स्नेह दिया है, उसके लिए मैं आप सभी का दिल से आभारी हूं।

आपका यह विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है और यही मुझे निरंतर जनसेवा और विकास के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आपका साथ ही मेरी जीत है। आपका आशीर्वाद ही मेरी शक्ति है।जनसंपर्क अभियान में बलार पंचायत के मुखिया अरूण पासवान, पैक्स अध्यक्ष उमेश कुमार यादव, प्रो. संतोष कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, सुनील सिंह प्रखंड अध्यक्ष, ब्रजमोहन सिंह जिला अध्यक्ष पंचायती राज प्रकोष्ठ, बिपिन कुमार सिंह, संजीव सिंह एवं प्रवीण सिंह भी साथ रहे।

# मुख्यमंत्री की सौगातों से गदगद बिहार की जनता : पूर्व सांसद



**निज संवाददाता | नबीनगर (औरंगाबाद)**

बिहार के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा हाल ही में दी गई सौगातों से पूरा बिहार गदगद है। जनता ने एक बार फिर नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाने का मन बना लिया है। वे शनिवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के मझियांवा पंचायत में आयोजित ग्राम संपर्क यात्रा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार में घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा मिल रही है। वृद्धजन, दिव्यांगजन और विधवा महिलाओं को अब 400 की जगह 1100 रुपये प्रतिमाह पेंशन राशि मिल रही है। सात निश्चय-2 योजना के तहत पहले घोषित 20 लाख रोजगार के स्थान पर 50 लाख रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं और आने वाले पांच वर्षों में युवाओं को एक करोड़ रोजगार दिए जाएंगे। इसके अलावा हर पंचायत में विवाह भवन का निर्माण और युवाओं के कौशल विकास के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर कौशल विकास विश्वविद्यालय की स्थापना भी होगी।

इस मौके पर जदयू के नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद ने रेड़िया, गम्हरिया, देवगना, हिसी, सिमरी भेद, चपरी एवं चपर सेन समेत दर्जनों गांवों में ग्राम संपर्क यात्रा की। यात्रा के दौरान जदयू जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, जिला 20 सूत्री समिति सदस्य सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह,युवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष मंटू कुमार सिंह और विजेंद्र सिंह सहित कई नेता मौजूद रहे।

# सोननगर रेलवे पावर सबस्टेशन से करोड़ों की चोरी प्राथमिकी दर्ज करने में पुलिस की टालमटोल

- चोरों ने ट्रांसफार्मर से 25 हजार लीटर तेल और 9 टन कॉपर बाईंडिंग चुराया

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



पंडित दीनदयाल उपाध्याय–गया रेलखंड पर सोन नगर जंक्शन के पास बन रहे रेलवे पावर सबस्टेशन से करोड़ों की चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने यहां लगे ट्रांसफार्मर से करीब 25 हजार लीटर तेल और नौ टन कॉपर बाइंडिंग गायब कर दिया। इस चोरी का अनुमानित मूल्य 3 करोड़ 50 लाख रुपये से भी अधिक बताया जा रहा है। घटना 16 अगस्त से पहले की है, लेकिन अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार ब्लू स्टार कंपनी के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अभिजीत इंगले का कहना है कि वे पिछले सात दिनों से एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाना–दर–थाना भटक रहे हैं। बारुण थाना पुलिस कह रही है कि यह मामला सोननगर रेल थाना का है, वहीं सोननगर थाना पुलिस इसे बारुण थाना का मामला बताकर टालती रही। इस खींचतान में अब तक मामला दर्ज नहीं हो पाया है। आश्चर्य की बात यह है कि परिसर में दो निजी सुरक्षा गार्ड मौजूद थे, इसके बावजूद चोर इतनी बड़ी मात्रा में सामान ले जाने में सफल रहे।

सोननगर पावर सबस्टेशन बनने के बाद इस रेलखंड पर वंदे भारत, राजधानी और दुरंतो जैसी ट्रेनों को 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ाने की योजना है। वर्तमान में करंट की कमी के कारण इनकी रफ्तार 130 किलोमीटर प्रति घंटा ही है। चोरी के कारण परियोजना पर संकट खड़ा हो गया है।

परियोजना के अधिकारियों ने बताया कि 350 करोड़ की लागत से बन रहे इस सबस्टेशन का काम 25 जुलाई 2023 से चल रहा था और इसे नवंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन चोरी के कारण फिलहाल काम बंद है और तय समय पर इसे पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। चोरों ने जिस ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर बाइंडिंग चुराया, वहीं अपना कटर और टॉर्च भी छोड़ गए हैं।

इधर, प्राथमिकी दर्ज न करने को लेकर दोनों थानों के थानाध्यक्षों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। औरंगाबाद एसपी अंबरीष राहुल ने बताया कि चोरी की सूचना शनिवार को मिली है। उन्होंने मामले की जांच के लिए एसडीपीओ संजय पांडेय को बारुण भेजा था। जांच में यह मामला प्राथमिकी योग्य पाया गया है और अब पुलिस इसकी कार्रवाई कर रही है।

# 27 अगस्त से शुरू होगा भव्य श्री गणपति पूजा उत्सव, तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)**

हसपुरा बाजार के भास्कर नगर स्थित रामजानकी धर्मशाला में इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार श्री गणपति पूजा उत्सव का आयोजन भव्य स्तर पर होने जा रहा है। लगातार ग्यारह वर्षों से हो रहे इस पूजा उत्सव की तैयारी को लेकर रविवार को एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पिंटू चौधरी ने की। इस दौरान निर्णय लिया गया कि पुरानी कमिटी को ही बरकरार रखा जाएगा, केवल एक मामूली बदलाव सर्वसम्मति से किया गया। कमिटी की संरचना में पिंटू चौधरी अध्यक्ष, मुरारी केशरी उपाध्यक्ष, सौरभ ज्वाला सचिव, जेपी गुप्ता कोषाध्यक्ष, राजू भारती उप सचिव तथा बैजू कुमार और महेश कुमार पूजा संरक्षक बनाए गए हैं। वहीं, अन्य सक्रिय सदस्य भी कमिटी के साथ मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में जुट गए हैं।

कमिटी ने जानकारी दी कि इस बार का दस दिवसीय श्री गणपति पूजा उत्सव 27 अगस्त से शुरू होगा। इसी दिन दिन में गणपति प्रतिमा की स्थापना की जाएगी और शाम से पूजा-अर्चना की शुरुआत होगी। इसके बाद 1 सितम्बर तक प्रतिदिन संध्या आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। 2 सितम्बर से 4 सितम्बर तक विशेष महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से आए गणमान्य अतिथि भी शामिल होंगे।

महाआरती के उपरांत भव्य प्रसाद वितरण होगा। 4 सितम्बर की रात को महाआरती के साथ आरती मंडली द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान नन्हें-मुन्ने बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी, जो दर्शकों को आकर्षित करेगी। 5 सितम्बर की सुबह पूर्णाहुति हवन संपन्न होगा और उसके उपरांत कन्या पूजन एवं भव्य भंडारा आयोजित किया जाएगा। शाम को बालक-बालिकाओं का सम्मान समारोह भी रखा गया है।

# डीएम ने किया आश्रय गृह व प्लेस ऑफ सेफ्टी का निरीक्षण

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शनिवार को जिला निरीक्षण समिति के अन्य सदस्यों के साथ बभंडी स्थित बाल गृह यूनिट-1 (वृहद आश्रय गृह) एवं सुरक्षित स्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों और किशोरों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया और संस्थान के प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बाल गृह यूनिट-1 में 37 बच्चे आवासित पाए गए। जिलाधिकारी ने शौचालय, भोजनालय, रसोईघर और आवासीय परिसर का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने का आदेश दिया। उन्होंने बच्चों की दिनचर्या, शिक्षा, खेलकूद और परामर्श व्यवस्था की जानकारी लेकर अधिकारियों को बच्चों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। वहीं सुरक्षित स्थान के निरीक्षण में पाया गया कि यहां कुल 90 किशोर रह रहे हैं। जिलाधिकारी ने किशोर वार्ड, गैलरी, रसोईघर और स्वास्थ्य कक्ष का निरीक्षण किया और फर्श व परिसर की साफ-सफाई को और बेहतर बनाने पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने किशोरों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधीक्षक को तुरंत समाधान सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर डीएम ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि संस्थान में आवासित बच्चों एवं किशोरों के लिए समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध कराया जाए तथा चिकित्सकों की टीम हर सप्ताह भेजकर स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही, आवश्यकतानुसार मनोवैज्ञानिक परामर्श भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को संस्थान में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने का निर्देश दिया ताकि बच्चों और किशोरों को सुरक्षित माहौल मिल सके। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा), बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति की सदस्य संजू कुमारी, किशोर न्याय परिषद के सदस्य प्रवीण कुमार, एस. सिंहा कॉलेज के प्रो. कमलेश कुमार सिंह और सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे।

# स्कूल विवाद में प्रधानाध्यापक पर जानलेवा हमला, जांच में जुटा प्रशासन

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**

बुधवार को देव प्रखंड के मध्य विद्यालय नरची में बच्चों के आपसी विवाद को लेकर घटना हो गई। यहां प्रधानाध्यापक महेश पासवान पर नरची गांव के टुनटुन साव सहित कुछ ग्रामीणों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में प्रधानाध्यापक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया। घायल प्रधानाध्यापक को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मामले की सूचना बीडीओ मीरा कुमारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को फोन पर दी गई।

अधिकारियों ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के इस हमले से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर मामला इतना बढ़ गया कि यह हिंसक रूप ले लिया। घटना के बाद से विद्यालय में पढ़ाई का माहौल भी प्रभावित हुआ है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि घटना में शामिल सभी लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# शिविर में दी गयी बांझपन को दूर की आइवीएफ टेक्निक की जानकारी

**निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)**

रफीगंज शहर के बस स्टैंड स्थित एक निजी होटल में आईवीएफ को लेकर औरंगाबाद सदर अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ऋचा चौधरी ने डॉक्टरों एवं आम नागरिकों को आईवीएफ के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार ने किया। इसके पूर्व उन्हे गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. ऋचा चौधरी ने कहा कि आईवीएफ एक ऐसी तकनीक है, जो अंडे को शरीर से बाहर शुक्राणु के साथ मिलाकर भ्रूण बनाया जाता है, जिसे बाद में स्थानांतरित किया जाता है। यह उन जोड़ों के लिए आशा की किरण है, जो बच्चे न होने की समस्या से जूझ रहे हैं। कहा कि आईवीएफ का महत्व समझने के लिए बांझपन की समस्या को समझना होगा। एक जोड़ा नियमित रूप से यौन संबंध बनाने के बावजूद गर्भधारण नहीं कर पा रहा है। इसके कई कारण हो सकते हैं। इसके लिए महिलाओं को दवाइयां दी जाती है, जो अंडाशय को उत्तेजित करती है।

